e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 294
रविवार
29.10.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
मनुष्य को अपने लक्ष्य में कामयाब होने के लिए खुद पर विश्वास होना बहुत जरूरी है !

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### पटवारी पन्द्रह हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की चित्तौड़गड़ टीम ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौड़गड़ के पटवारी को परिवादी से पन्द्रह हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि एसीबी की चित्तौड़गड़ टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसकी पैतृक जमीन के बंटवारे का नामान्तकरण खोलने की एवज में पटवारी चन्द्रप्रकाश चाष्टा पन्द्रह हजार रुपये की रिश्वत राशि मांग कर रहा है। एसीबी चित्तौड़गड़ टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश सांदू ने शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पटवारी चन्द्रप्रकाश चाष्टा को पन्द्रह हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है।

### मिस्र में कई वाहन आपस में टकराए, 32 की मौत

**काहिरा :** मिस्र में काहिरा और भूमध्यसागरीय शहर अलेक्जेंड्रिया को जोड़ने वाले राजमार्ग पर बेहेरा गवर्नरेट में दिल दहला देने वाली एक दुर्घटना में 32 लोगों की मौत हो गई। शनिवार सुबह हुई इस दुर्घटना में 63 अन्य लोग घायल भी हुए हैं, जिसमें एक यात्री बस और कई अन्य वाहन शामिल थे। दुर्घटना के बाद कुछ वाहनों में आग भी लग गई।स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि दुर्घटना उस समय हुई जब सुबह के समय एक बस ने घने कोहरे के दौरान एक खड़े वाहन में टक्कर मार दी। इसके बाद अन्य वाहन बस से टकरा गए। ऑनलाइन प्रसारित फुटेज में सड़क किनारे कई जले हुए वाहन दिखाई दे रहे हैं और दमकलकर्मी आग बुझा रहे हैं। एक फुटेज में कई वाहनों में आग लगी हुई दिखाई दे रही है और उनसे धुएं का गुबार उठता दिख रहा है।स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दुर्घटनास्थल पर कम से कम 20 एंबुलेंस भेजी गई। इस दुर्घटना में कम से कम 63 लोग घायल हुए हैं।स्वास्थ्य मंत्री डॉ. खालिद अब्देल गफ्फार ने कहा कि घायलों को वादी अल-नटरुन के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि अन्य को अल-नुबारिया ले जाया गया है।गौरतलब है कि मिस्र में यातायात टकराव आम हैं। सड़कें अक्सर खराब स्थिति में होती हैं और यातायात के नियमों का अक्सर पालन नहीं किया जाता है।

### मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में दो दोषियों को तीन साल की सजा

**लखनऊ :** विशेष न्यायालय ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के साथ की गई धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध के लिए दोषी ठहराया है। दोषियों को तीन साल की सजा और 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। ईडी द्वारा अभियोजन शिकायत दर्ज करने के बाद, विशेष न्यायालय, पीएमएलए ने दो आरोपित विशाल शर्मा उर्फ शिवाश पाठक और नईम खान उर्फ आर के मिश्रा को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के साथ की गई धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध के लिए दोषी ठहराया है। भारत और इलाहाबाद बैंक ने फर्जी आईडी और पते का उपयोग करके डाकघर से फर्जी तरीके से खरीदे गए जाली किसान विकास पत्र पर ऋण प्राप्त किया। अभियुक्तगणों को उनके द्वारा किये गये अपराध के लिए तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा और 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27⁰ |
| न्युनतम | 23⁰ |

### पत्रकार एएस रिजवी के जनाजा में शामिल हुए कई जाने-माने लोग

# सुपुर्द-ए-खाक हुए उर्दू पत्रकारिता के पुरोधा अमीर हुसैन रिजवी

*** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई लोगों ने जताया शोक**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कौमी तंजीम अखबार के स्थानीय संपादक और खबर एक्सप्रेस के निदेशक जसीम रिजवी के पिता अमीर हुसैन रिजवी (73) का निधन हो गया। डोरंडा कब्रिस्तान में नमाज जनाजा अदा की गई और वहीं सुपुर्द ए खाक किया गया। नमाज जनाजा हज कमिटी के सदस्य सह ऑल इण्डिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष सह मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजिबुल हसन रिजवी ने पढ़ाई। मौलाना रिजवी ने कहा की रिजवी साहब जितने अच्छे पत्रकार थे उतना ही अच्छे शायर और उतना ही अच्छे मर्सिया निगार थे। खामुशी के साथ काम करने वाले थे। पत्रकार शफीक अंसारी ने कहा की मौलाना तहजीबुल हसन रिजवी के साथ एएस रिजवी साहब मुसलमानों को जोड़ने के लिए, भाईचारगी को बढ़ाने के लिए मिलकर खामूशी के साथ काम किए हैं। वे बहुत अच्छे नेक इंसान थे। ज्ञात हो की खबर एक्सप्रेस के निदेशक जसीम रिजवी के पिता पिछले कई महीनों से बीमार थे और उनका इलाज चल रहा था। शुक्रवार रात को उन्होंने हॉस्पिटल में आखरी सांस ली। मौलाना सैयद तहजिबुल हसन रिजवी ने कहा कि नबी अकरम की हदीस है कि नेक और सालेह लोगो की मौत भी बेहतरीन दिन में मिलती है। वे अपने पीछे 4 बेटा नदीम रिजवी, जसीम रिजवी, शहजाद रिजवी, जीशान रिजवी, 2 बेटी सनोबर फातिमा, रूबाब फातिमा, नाती, पोता समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका पुत्र जसीम रिजवी ने कहा कि 24 दिसंबर 2020 को माँ और आज हमारे सर से पिता का साया भी उठ गया।

### अल्पसंखयक आयोग के अध्यक्ष ने कहा : पत्रकारिता में एएच रिजवी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता

रांची। झारखंड राज्य अल्पसंखयक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान ने कौमी तंजीम अखबार के स्थानीय संपादक एएच रिजवी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। खान ने कहा कि उनका निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है । खान ने कहा कि वे 90 के दशक से कौमी तंजीम अखबार से जुड़े हुए थे। उर्दू सहाफत में उनकी खिदमत को फरामोश नहीं किया जा सकता है। पत्रकारिता में उनके योगदान को कभी भूला नहीं सकते।अल्लाह ताला उनकी मगफिरत फरमाए उनके खानदान के लोगों को अजीजों को सब-ए जमील आता फरमाए।

**मौलाना सैयद तहजिबुल हसन रिजवी ने कहा कि नबी अकरम की हदीस है कि नेक और सालेह लोगो की मौत भी बेहतरीन दिन में मिलती है।**




### ये लोग मिट्टी मंजिल में हुए शामिल

मिट्टी मंजिल में शामिल होने वालो में खबर एक्सप्रेस के संपादक तनबीर अव्वास, प्रो. शबीर हुसैन, पत्रकार शारिब खान, मौलाना सैयद तहजिबुल हसन रिजवी, अशरफ हुसैन, प्रभात मंत्र के संपादक रविन्द्र कुमार उपाध्याय, जदीद भारत के निदेशक एसएम खुर्शीद, संपादक मुजफ्फर हसन, एसएम आसिफ, एसएम जावेद, पत्रकार आदिल रशीद, पत्रकार सैयद आलम, फैजान हैदर, एडवोकेट तनवीर, सैयद फराज अब्बास, पत्रकार शफीक अंसारी, प्रेस क्लब के सदस्य परवेज कुरैशी, अमुद अब्बास, गयासुद्दीन शाजली, सैयद अता इमाम रिजवी, असगर रिजवी, सैयद नेहाल हुसैन सरियावी, इकबाल फातमी, सैयद शारूख हसन रिजवी, शिक्षक संघ के अमीन अहमद, समाजसेवी फसीह अहमद, तनवीर अहमद, आजसू नेता एस अली, प्रोफेसर रिजवान अली अंसारी, प्रोफेसर वकील अहमद रिजवी, पत्रकार मो शाहनवाज, झारखंड आंदोलनकारी आजम अहमद, मास्टर मुकम्मल, सीनियर पत्रकार सलाहुद्दीन, मौलाना बाकर रजा दानिश, समेत अखबार से जुड़े लगभग सभी लोग, कौमी तंजीम अखबार के सभी लोग शामिल हुए।

### पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है एएस रिज़वी का निधन : हेमंत सोरेन

रांची- झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कौमी तंजीम अखबार के स्थानीय संपादक एएस रिज़वी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा की उनका निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। स्वतंत्र और और निष्पक्ष पत्रकारिता को उन्होंने हमेशा मजबूत करने का काम किया पत्रकारिता में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। ईश्वर देवगंत आत्मा को शांति प्रदान करें, और परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति दे। इनके अलावा शहर के शैक्षणिक, सामाजिक,सांस्कृतिक और राजनीतिक लोगों ने दुख व्यक्त किया।

# 8 लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार




**गिरफ्तार सबजोनल कमांडर अघनु गंझू झारखण्ड के लातेहार, गुमला, लोहरदगा रांची जिलों के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सक्रिय था एवं काफी दिनों से कई कांडों में फिरार चल रहा था।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार:** पुलिस को लगातार सफलता हाथ लग रही है। पुलिस ने आठ लाख के भाकपा माओवादी के सब जोनल कमांडर अघनु गंझू, उम्र करीब 55 वर्ष, पिता स्व. खैटा गंझू, सा. मड़मा, थाना- चन्दवा जिला लातेहार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि सूचना मिली कि ग्राम बेतर के जंगलों में भाकपा माओवादी उग्रवादी संगठन का दस्ता भ्रमणशील है। उक्त सूचना के आलोक में संतोष कुमार मिश्र अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम बेतर जाने वाली पक्की सड़क में स्थित पुल के सामने बेतर जंगल पहुँचकर भाकपा माओवादी उग्रवादी संगठन के विरुद्ध सघन छापामारी की गई। छापामारी के क्रम में उग्रवादी अघनु गंझू को छापामारी दल के द्वारा घेरकर साहस एवं वीरता का परिचय देते हुए कुशलता पूर्वक पकड़ कर विधिवत् गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सबजोनल कमांडर अघनु गंझू झारखण्ड के लातेहार, गुमला, लोहरदगा राँची जिलों के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सक्रिय था एवं काफी दिनों से कई कांडों में फिरार चल रहा था। गिरफ्तार उग्रवादी वर्ष 2019 में चन्दवा थाना क्षेत्रान्तर्गत लुकुईयाँ मोड़ के पास हुई पुलिस पार्टी पर हमला के मुख्य आरोपी है। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध झारखण्ड सरकार द्वारा 05 (पाँच) लाख रु0 का ईनाम एवं एनआईए द्वारा भी 3 लाख ईनाम घोषित है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विभिन्न 15 थाना में कुल 78 कांड दर्ज है। छापामारी दल में संतोष कुमार मिश्र, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, लातेहार सहित थाना प्रभारी,बबलू कुमार चन्द्रवा थाना, पुअनि धर्मेन्द्र कुमार महतो, थाना प्रभारी बालूमाथ थाना पुअनि जमील अंसारी, नारायण यादव,दिव्य प्रकाश, कुन्दन कुमार, सुनिल टुटी आदि शामिल थे।

## जिस काम को बीजेपी ने नहीं कहा, उसे हमने 2 घंटे में करके दिखाया : राहुल गांधी




**एजेसी**

**कांकेर :** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दौरान प्रचार-प्रसार के लिए कांकेर पहुंचे राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी पर बड़ा हमला किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि साल 2018 में जब हमारी पार्टी ने सरकार का गठन किया, तब भारतीय जनता पार्टी ने कहा था कि हम अपने वादे पूरे नहीं करेंगे। हमने केवल चुनाव जीतने के लिए झूठे वादे किए थे। लेकिन आज हमने उन्हें गलत साबित किया है।राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी वाले जिस काम के लिए कहते थे कि यह नहीं हो सकता है, वह हमने केवल दो घंटे में करके दिखाया। कांग्रेस नेता ने कहा कि हमारी सरकार ने गठन होते ही 10 हजार करोड़ रुपए किसानों कर्जा माफ किया। बिजली बिल हाफ कर दिया। किसान न्याय योजना के तहत 26 लाख किसानों को 23 लाख करोड़ रुपए दिए गए और 5 लाख मजदूरों को 7 हजार रुपए हर साल दिए गए। राहुल गांधी ने इस जनसभा में वादा करते हुए कहा कि पहले जो तेंदू पत्ता की बोरी दो हजार रुपए की थी वह अब 4 हजार रुपए में खरीदी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने वादा किया कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार दोबारा आने पर केजी से लेकर पीजी तक की पढ़ाई के लिए सरकारी स्कूलों में मुफ्त में आपको शिक्षा मिलेगी। छत्तीसगढ़ के बच्चों को पढ़ाने के लिए पूरा खर्चा हमारी सरकार उठाएगी। वहीं इससे पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बीजेपी ने इस देश और प्रदेश को ठगने का काम किया है। लेकिन अब जनता इनके इरादों को समझ चुकी है। ये लोग उम्मीद पाले बैठे हैं कि वो यहां सरकार बना लेंगे, लेकिन वह ऐसे ख्याली पुलाव ना पकाएं। क्योंकि जनता के सामने उनका काला चिट्ठा खुल चुका है और उनकी हार शत-प्रतिशत तय है।

# झारखंड राज्य की स्थापना अटल बिहारी वाजपेयी की देन : नड्डा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा कि सरकार में अपराध चरम पर है। भ्रष्टाचार में सरकार आकंठ डूबी हुई है। मुख्यमंत्री के पीछे ईडी पड़ी हुई है। यह ऐसी सरकार है,जहां शराब माफिया,लैंड-सैंड माफिया दनदना रहे हैं। ऐसी सरकार को जाना चाहिए। नड्डा रांची के हरमू मैदान में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा के समापन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस आदिवासियों के नाम पर राजनीति करती है।आदिवासियों को जितना नुकसान हेमंत की सरकार में हुआ है, उतना पहले किसी दूसरी सरकार में नहीं हुआ है। जब जेएमएम और कांग्रेस के लोग सत्ता पर बैठते हैं तो अपनी सेवा के लिए बैठते हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मंदिर तोड़े जा रहे हैं। शिव बारात को रोका जाता है। ऐसी सरकार जो तुष्टिकरण से युक्त हो, भ्रष्ट हो उसे वापस नहीं आने देंगे। एक समय था जब भाजपा की सरकार थी तो नक्सल पर नियंत्रण था। आज राज्य में रेप हो रहा है। लूट हो रही है। यहां जंगल राज बनाकर रखा गया है। मैं बाबूलाल और भाजपा को बधाई देना चाहता हूं कि सही समय पर बाबूलाल ने जनता को जगाया है। नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि झारखंड में सात हजार सात सौ 91 किमी की हाइवे है। एक हजार एक सौ करोड़ की लागत से एम्स बनाकर दिया। चार साल के अंदर देवघर का मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार हुआ। जो काम प्रदेश के हाथ पड़ा उसका बंटाधार हो गया लेकिन मोदी के हाथ जो काम लगा उसका विकास हो गया। विश्व स्तर का रेलवे स्टेशन बनकर आयेगा यह तय है। जेपी नड्डा ने गोड्डा, गढ़वा, देवघर और रांची में होने वाले विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने पीएम मोदी का रिपोर्ट कार्ड आपके सामने रखा है।उन्होंने कहा कि आदिवासियों की चर्चा तो बहुत लोगों ने की लेकिन जनजातीय गौरव दिवस के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मनाने का फैसला लिया।अटल बिहारी वाजपेयी थे,जिन्होंने झारखंड की स्थापना की। झारखंड में अटल बिहारी वाजपेयी हमेशा याद किए जायेंगे।

# उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए बेंगलुरु में हुआ 4600 करोड़ का एमओयू

**एजेंसी**

**देहरादून :** उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए विभिन्न क्षेत्रों की 18 कंपनियों के मध्य शनिवार को बेंगलुरु रोड शो में कुल 4600 करोड़ के एमओयू हुए। इस दौरान निवेशकों को उत्तराखंड में निवेश की संभावनाओं पर आधारित एक प्रेजेंटेशन भी दिखाया गया। होटल ताड़ वेस्ट एन्ड में आयोजित रोड शो के दौरान लॉकहीड मार्टिन, डसॉल्ट और इंफोसिस जैसे तीन वैश्विक व्यापार समूहों के वरिष्ठतम प्रबंधन की उत्तराखंड सरकार के अधिकारियों से राज्य में निवेश के उद्देश्य से विस्तृत चर्चा हुई। इन समूहों ने उत्तराखंड में निवेश की लिए अति उत्साह दिखाया। इस मौके पर मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि उत्तराखंड राज्य ने वैश्विक स्तर पर अपनी एक पहचान स्थापित की है। राज्य सरकार ने निवेश के लिये फोकस सेक्टरों की पहचान की है, जो कि राज्य के पारम्परिक क्षेत्रों जैसे पर्यटन एवं आतिथ्य, आयुष एवं वेलनेस, फिल्म शूटिंग तथा खाद्य प्रसंस्करण, ऑटोमोबाइल्स, फार्मा के साथ-साथ आने वाले क्षेत्रों जैसे नवीकरणीय ऊर्जा और सूचना प्रौद्योगिकी की मजबूती के लिये एक सम्मिश्रण है। राज्य में टाटा, अशोक लीलैण्ड, बजाज, हीरो होण्डा, महेन्द्रा जैसे उद्योग समूह के प्लांट स्थापित हैं और हरिद्वार और




पन्तनगर देश के एक प्रमुख ऑटो हब के रूप में विकसित हुआ है। मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड भी फार्मा हब के रूप में प्रतिष्ठित हो रहा है। उत्तराखंड नैसर्गिक रूप से एक जैविक राज्य है, जहां लगभग 1.52 लाख हेक्टेयर भूमि जैविक रूप से प्रमाणित है। राज्य में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में वैश्विक ब्राण्ड के साथ-साथ देश के प्रतिष्ठित ब्राण्ड यथा नेस्ले, ब्रिटानिया, हल्दीराम, पार्ले, डाबर, आईटीसी आदि की इकाइयां स्थापित हैं। राज्य में दो मेगा फूड पार्क और चार फूड क्लस्टर स्थापित हैं। हमारी सरकार राज्य के उत्पादित कृषि उपज को जैविक प्रमाणीकरण के साथ-साथ 9 उत्पादों के जीआई प्रमाणीकरण प्राप्त किये हैं।

18 अन्य उत्पाद के जैविक प्रमाणीकरण शीघ्र ही प्राप्त हो जायेंगे। उद्योग संवर्द्धन और आन्तरिक व्यापार विभाग की लीड्स रैंकिंग में वर्ष 2022 की रैंकिंग में उत्तराखंड राज्य एचीवर्स श्रेणी में शामिल है। इसी प्रकार स्टार्टअप रैंकिंग में लीडर श्रेणी में शामिल है। नीति आयोग द्वारा जारी वर्ष 2022 के निर्यात तैयारी सूचकांक में उत्तराखंड राज्य सम्पूर्ण देश में 9वें स्थान पर, जबकि हिमालयी राज्यों में प्रथम स्थान पर है। मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि राज्य गठन के पश्चात हमने उत्तराखंड को आयुष के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प व्यक्त किया है।सरकार अनुसंधान और विकास संस्थानों और प्रतिष्ठित कम्पनियों के साथ मिलकर औषधीय पौधों और अनुप्रयोगों तथा योग के व्यवसायिक उत्पादन में अनुसंधान एवं शोध कर रही है। राज्य से औषधीय और सुगन्ध पौध निर्यात क्षेत्र के अन्तर्गत देहरादून, चमोली, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, नैनीताल, ऊधमसिंहनगर और हरिद्वार जिले शामिल हैं।

### पीएम मोदी ने युवाओं को बांटे 50 हजार से ज्यादा नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली (एजेंसी):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीवाली से पहले देश के युवाओं को एक बड़ा तोहफा दिया है. पीएम ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 50,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए.इस मौके पर पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि रोजगार मेला के तहत अब तक लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र दिए गए हैं.पीएम मोदी ने कहा कि रोजगार मेले की शुरुआत पिछले साल अक्टूबर में हुई थी.



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### सिंगरा में होगा लक्ष्मी नारायण यज्ञ का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पड़वा (पलामू) :** श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज का 2024 में लक्ष्मी नारायण यज्ञ पलामू के सिंगरा स्थित शिव मंदिर प्रांगण अमानत नदी तट पर होगा। इसकी घोषणा स्वयं स्वामी जी ने शुक्रवार को गढ़वा के जतपुर पाल्हे यज्ञ के धर्म संत सम्मेलन में की। स्वामी जी चातुर्मास व्रत भी रखेंगे। मालूम हो की सिंगरा के ग्रामीण लगातार कई वर्षो से स्वामी जी के संपर्क में थे। शुक्रवार को पालहे यज्ञ में जाकर ग्रामीण जीयर स्वामी जी को आमंत्रण पत्र भेंट किया जिसे स्वीकार करते हुए 2024 में चातुर्मास व यज्ञ करने की घोषणा की। इधर यज्ञ की अनुमति मिलने से सिंगरा सहित आस पास के गांव में हर्ष है। आमंत्रण देने वालों में कजरी सिंगरा के दर्जनों शामिल थे।

# कर्पूरी मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** स्थानीय कर्पूरी ठाकुर अनुमंडलीय मैदान में टीम सूर्या सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक कमलेश कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नरायण, एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह, एनसीपी के वरिष्ठ नेता बिनय कुमार सिंह उर्फ बिनु सिंह ने फीता काटकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। भोजपुरी जगत के मशहूर कलाकार डिंपल सिंह, अनुपमा यादव, चंदन यादव व माही मनीषा ने एक से बढ़कर एक गीत-संगीत प्रस्तुत किया। श्रोताओं को रातभर झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रोताओं ने भी रातभर कलाकारों के गीत-संगीत का भरपूर आनंद लिया। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से लोगों का अपनी संस्कृति से जुड़ाव सुनिश्चित होता है। मुख्य कलाकार चंदन यादव, मुख्य गायिका प्रसिद्ध भोजपुरी सम्राट अनुपम्पा यादव, डीपल सिंह, मनिषा माही ने प्रस्तुति कर पुरी रात भर स्वर संगीत प्रेमियों को समा बांध में बांधने का किया। वहीं कलाकारों द्वारा प्रस्तुत गीतों पर ग्रामीण रात भर घूमते रहे।मौके पर थाना प्रभारी जगरनाथ धान अंचल इंस्पेक्टर दीपक कुमार महिला थाना थानाप्रभारी भृंग राज सुरबाला एस आई धर्मेन्द्र कुमार सिंह सीताराम सिंह जिमहसंदा शौकत खान सौरभ कुमार पूरे मैदान में घूम कर सुरक्षा का जायजा लेते रहे। हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगन्नाथ धाम ने लोगों से नशा नहीं करने की अपील करते हुए कहा कि नशा करने वालों को दंड दिया जाएगा उन्होंने सभी लोगों को शांति के साथ का कार्यक्रम का लुफ्त उठाने बात कही मौके पर एनसीपी प्रवक्ता गुडू सिंह समाजसेवी मिथिलेश कुमार सिंह विनय कुमार पासवान रौनक सिंह प्रिन्स कुमार शर्मा सहित हजारों से अधिक महिला पुरुष सांस्कृतिक कार्यक्रम में सामिल थे।

# एसपी ने एससी एसटी मामलों की समीक्षा की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू) :** पुलिस अधीक्षक पलामू रिष्मा रमेशन ने शनिवार को हरिहरगंज तथा पिपरा, छतरपुर थाना में दर्ज 7 एससी एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामलों की समीक्षा की। इस दौरान हरिहरगंज थाना में एसपी ने बताया कि हरिहरगंज में 2 पिपरा में 3 तथा छतरपुर में 2 मामलों की समीक्षा की गई। वहीं उन्होंने क्षेत्र में कानून व्यवस्था का जायजा लेते हुए थाना प्रभारी को कई निर्देश दिए । एसपी ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना प्राथमिकता है। मौके पर छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार प्रशिक्षु डीएसपी राजेश यादव, राजीव रंजन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### प्रमुख गायत्री देवी ने किया नाली निर्माण का शिलान्यास

**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के नेउरा पंचायत के गरदा में शनिवार को 15 वीं वित की राशि से नाली जीर्णोद्धार का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी एवं पंचायत समिती सदस्य सकीना वेगम नें संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि सभी पंचायत में 15 वीं वित्त की राशि से विकास कार्य किया जा रहा है उन्होंने कहा कि ग्रामीण इस विकास कार्य में बढ़-कर हिस्सा ले तभी पंचायत का विकास संभव है विस्तारित क्षेत्र में नाली बन जाने से वार्डवासियों को जलजमाव से मुक्ति मिलेगी। नाली निर्माण होने से बारिश का पानी या घरेलू पानी के जलजमाव से राहत मिलेगी।उन्होंने लोगों से विकास कार्यो में सहयोग करने की अपील की।

### अवैध पत्थर लदा हाइवा जब्त

**हरिहरगंज (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार की रात एक अवैध पत्थर लदा हाइवा जेएच 03 ए एल 0570 जब्त को किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस इस मामले में वाहन को जब्त कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### पत्रकार को पितृ शोक



**रमना (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय निवासी पत्रकार सोहराब हवारी के पिता व सीआईएसएफ (सीआईएसएफ) बीजपुर (सोनभद्र) में सीआईएसएफ के सीटीडब्ल्यूएम के पद पर कार्यरत रुस्तम बैठा का निधन शुक्रवार के देर शाम बीजपुर औद्योगिक परिसर स्थित बैरक में हो गई। अंतिम संस्कार शनिवार के अप्राह्न रमना स्थित कब्रिस्तान में किया। स्वजनों के मुताबिक रुस्तम शुक्रवार की रात्री अपने बैरक में आराम कर रहें थे। अचानक सीना में दर्द की सिकायत पर साथी जवानों के द्वारा इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों नें मृत घोषित कर दिया। मृत्यु का कारण हार्ट अटैक बताया गया।शुक्रवार को देर शाम सरकारी प्रक्रिया पुरा करने के बाद शव को परिजनों को सुपूर्द किया गया। मिलनसार और मृदुभाषी रुस्तम के निधन पर झामुमों के वरिष्ट नेता ताहिर अंसारी, मुखिया दुलारी देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष बलजीत कुमार सोनी, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, समाजिक कार्यकर्ता अनुज कुमार चंद्रवंशी, अजीत कुमार सोनी, रामचंद्र राम, बिरैची पासवान, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, बृज बहारी प्रसाद, सुनील कुमार, रोहीत बर्मा सहीत कई लोगों नें स्वजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त किया। वही अंतिम संस्कार में सीआईएसएफ बीजपुर युनिट के कमांडेट बदरुद्दीन मंडल, कांस्टेबल मैनुद्दिन अहमद, डा.समसुद्दिन खान, मोख्तार अंसारी, नसरुद्दिन अंसारी सहीत दर्जनों लोग शामिल थे।

# मेरे लिए मेरा मंदिर, मस्जिद, चर्च व गुरुद्वारा सब गरीबों की सेवा में है : शौकत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** ठंड की दस्तक देते ही निःशुल्क कपड़ा बैंक गढ़वा में गांव देहात शहर से जरुरतमंद लोगों का आना लगातार शुरू हो गया है। वैसे लोग शौकत ख़ान को अपना समझते हुए पुरी उम्मीद के साथ कपड़ा बैंक में पहुंचते है।गरीब और जरूरतमंद लोग पूरी उम्मीद के साथ शौकत खान के निशुल्क कपड़ा बैंक पहुच कर सेवाएं लेते है। ऐसे पल को शौकत ख़ान पुरी शिद्दत के साथ अपनी जिम्मेदारी समझते हुए उनकी मदद को हमेशा तैयार रहते हैं। जो भी उनकी जरूरत की चीजें चाहिए होता है वो मिनटों में उपलब्ध कराते हैं। अभी ठंड कि दस्तक होते ही शौकत ख़ान भी पहले से ही तैयारी करके रखते है। इसलिए गर्म कपड़े और कम्बल के लिए लोगों का आने का सिलसिला भी ठंड होते ही शुरू हो जाता है। उनके द्वारा आम नागरिकों से अपील करते हैं कि आप भी अपने आस पड़ोस के गरीब परिवारों को मदद करें और मानवता कि मिसाल बनें। अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत ख़ान ने बताया है कि हमारे यहां गढ़वा जिला ही नहीं बल्कि पड़ोसी राज्य के भी लोग कपड़ा कम्बल और राशन के लिए आते रहते हैं। लेकिन मेरी खुशियां तब और बढ़ जाती है जब किसी घर में नवजात बच्चे का जन्म होता है और उनके पास कोई इंतजाम नहीं होता है।शौकत खान कहते है कि मेरे लिए मेरा मंदिर, मस्जिद, चर्च और गुरुद्वारा सब गरीबों की सेवा ही है।

## रॉटरी स्कूल चैनपुर में स्वछता ही सेवा अभियान चलाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** रोटरी स्कूल चैनपुर में स्वच्छता अभियान चलाया गया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य अश्लेष कुमार पाण्डेय के द्वारा प्रार्थना सभा में छात्र/छात्राओं तथा शिक्षक/शिक्षिकाओं को स्वचछता की शपथ दिलाई गई। जिसमे साप्ताहिक 2 घंटे तथा वार्षिक 100घंटे यथासंभव घर, बाहर या कार्यस्थल पर स्वच्छता से संबंधित सेवा देने का संकल्प लिया गया। इसके बाद विद्यालय के लगभग 100से अधिक छात्र छात्राओं द्वारा साइकिल रैली निकाली गई जिसे हरी झंड़ी दिखा कर विद्यालय के प्राचार्य द्वारा रवाना किया गया, जो विद्यालय से प्रारंभ हो कर चैनपुर बाजार, पुरनचंद चौक, चैनपुर थाना होते विद्यालय वापस आ गया। विद्यालय के लगभग 500 छात्र छात्राओं एवम 40 शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारियों के द्वारा विद्यालय परिसर के बाहर और आस पास के क्षेत्रों की सफाई की गई। स्वच्छता ही सेवा है शीर्षक पर निबंध प्रतियोगिता का अयोजन किया गया जिसमे 150से अधिक विद्यार्थी भाग लिए। विद्यालय के चैयरमैन रो अनुग्रह नारायण शर्मा ने अपने सन्देश में कहा कि वर्तमान समय में स्वच्छता देश के सामाजिक सेवा में सर्वोपरि है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की प्राचार्या सुश्री रितुल मुस्कान, समन्वयक सुश्री स्मिता सिंह, वरीय शिक्षक गौरी शंकर मिश्र श्याम बिहारी प्रसाद गुप्ता, उमा कांत मिश्र, राहुल भारद्वाज, कमेश मेहता, वरुण देव, मनोज कुमार यादव, हर्षबाला, सुधीर कुमार सिंह, सुषमा कुमारी, नम्रता पांडेय, रंजीत कुमार, एवम सोनी कुमारी का सहयोग सराहनीय रहा।

### घी और खीर की आहुति के पश्चात महायज्ञ संपन्न



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पाल्हे-जतपुरा में आयोजित ऐतिहासिक लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का समापन शनिवार को हो गया.विगत 23 अक्टूबर को भव्य कलश यात्र के साथ शुरू हुए महायज्ञ में 30 लाख से अधिक श्रद्धालू शामिल हुये. शनिवार को श्री बंशीधर नगर - प्रखंड के पाल्हे-जतपुरा में आयोजित ऐतिहासिक लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का समापन शनिवार को हो गया.विगत 23 अक्टूबर को भव्य कलश यात्र के साथ शुरू हुए महायज्ञ में 30 लाख से अधिक श्रद्धालू शामिल हुये. शनिवार को घी और खीर की आहुति दी गयी. जिसके पश्चात यज्ञ संपन्न हो गया.यज्ञ महान संत जीयर स्वामी महाराज के सानिध्य में आयोजित हुआ था. उधर अंतिम दिन यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं का विशाल समूह यज्ञ स्थल पहुंचा,साथ ही जीयर स्वामी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया. वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुति दे रहे यजमानों के स्वाहा की गूंज से माहौल भक्तिमय था. पूरा क्षेत्र भक्ति की रस में सरोबार लग रहा था. मौके पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने बताया कि श्री बंशीधर नगर की पवित्र भूमि पर इस तरह का आयोजन अपने आप एक अलौकिक अनुभूति देने वाला रहा. एक साथ देशभर के साधु-संतों का दर्शन पाना बहुत ही सौभाग्य की बात है. **अंतिम दिन श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़** यज्ञ के अंतिम दिन यज्ञ में शामिल होने देश के हर क्षेत्र से लोग पहुंचे थे. अहले सुबह से ही बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों की भीड़ परिक्रमा करने उमड़ पड़ी थी. व्यवस्था बनाये रखने में वोलेंटियर और पुलिस बल के जवानों को काफी मशक्कत करनी पड़ी. पार्किंग के लिए बनाए गये शहर के सभी एरिया गाड़ियों से पटा था.भवनाथपुर मोड से ही श्रद्धालुओं का तांता यज्ञ स्थल तक लगा था. पुलिस द्वारा जगह-जगह बैरिकेटिंग कर गाड़ियों को सही जगह लगाने के लिए निर्देशित किया जा रहा था। **30 लाख से अधिक लोग हुये यज्ञ में शामिल :** लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में पांचों दिन अभूतपूर्व भीड़ उमड़ी. एक अनुमान के अनुसार लगभग 30 लाख से अधिक लोग यज्ञ में शामिल हुये .भीड़ को नियंत्रित करने में वोलेंटियर के साथ पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ रही थी. भीड़ के कारण शहर के सभी सड़कों पर पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही.पुलिस द्वारा संभावित भीड़ को देखते हुए पहले से ही कई उपाय किया गया था. रमना से बजरंग बली मोड़ तक बड़े और व्यवसायिक वाहनों के लिए नो एंट्री जोन घोषित कर दिया था. छोटे यात्री वाहनों के लिए अधौरा होते हुए बहियार मोड़ तक वैकल्पिक सड़क की व्यवस्था की गई थी. वहीं जगह-जगह बैरिकेटिंग लगाकर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी सभी स्थितियों पर लगातार नजर बनाये हुए थे।

# वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू) :** ग्रामीण विकास विभाग पंचायती राज प्रभाग की ओर से प्रखंड सभागार में वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शनिवार को हुआ। प्रशिक्षण में सेमरवार, कटैया, खड़गपुर, कूलहिया, ढकचा, सलैया तूरी, सरसोत पंचायत के महिला पुरूष वार्ड सदस्य शामिल हुए। इस दौरान प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर आशुतोष कुमार व पूनम कुमारी ने वार्ड सदस्यों को ग्राम पंचायत के वार्ड के विकास, योजनाओं के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने, विकास योजना का चयन ग्राम सभा के माध्यम से करने आदि की बिंदुओं पर विस्तृत रूप से जानकारी दी । मौके पर प्रखंड नाजिर ब्रजेश कुमार आदि मौजूद थे।

## संत जोसेफ कान्वेंट स्कूल विश्रामपुर के बच्चों नें महर्षि वाल्मीकि का जन्मदिन मनाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर व पाटन प्रखंड में संचालित विद्यालय संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल विश्रामपुर स्थित अपने विद्यालय परिसर में विद्यालय के बच्चो एवं शिक्षक ने संस्कृत भाषा के परम ज्ञानी महर्षि वाल्मीकि का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया।विद्यालय के सभी बच्चो एवं शिक्षक ने महर्षि वाल्मीकि के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।इस मौके पर विद्यालय के निदेशक एन के तिवारी ने महर्षि के जीवनी पर विस्तृत से प्रकाश डाला।बताया आज हीं के दिन जन्म लेकर संसार में संस्कृत भाषा में रामायण लिखकर प्रसिद्ध हुए। महर्षि त्रिकालदर्शी थे। आने वाला कल को पहले हीं जानते थे। रामायण के एक मधुर प्रसंग का व्याख्यान करते हुए एन के तिवारी ने बताया प्रभू श्रीराम के पुत्र लव व कुश को ऐसी शिक्षा दिए की अपनी माता सीता का अपमान का बदला लेने के लिए अयोध्यावासी को पानी पानी कर दिए विद्वता की पराकाष्ठा को समाज में ऐसा पेश किए की चहुंओर लव और कुश की हीं चर्चा होती रही।एन के तिवारी ने कहा रामायण लिखने के साथ-साथ महर्षि वाल्मीकि काफी विद्वान थे और एक शिक्षक के रुप में गुरुकुल की शिक्षा भी देते थे।आज उनके जन्मदिन पर लोगों को उनके किए हुए कार्य से सिख लेने की जरुरत है। मौके पर विद्यालय के सभी बच्चो एवं शिक्षक उपस्थित थे।

# तेज रफ्तार कार ने मारी पेड़ में टक्कर एक की मौत, दो गंभीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पड़वा (पलामू) :** जपला अनुपमा यादव के प्रोग्राम देख कर कार से लौट रहे तीन युवकों ने तेज रफ्तार में पेड़ में टक्कर से एक युवक की मौत स्थल पर ही हो गया जबकि चालक सहित दो गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सिंगरा खुर्द निवासी रंजीत शुक्ला, पांकी थाना क्षेत्र के पगार निवासी शिक्षक ललन सिंह का बेटा बिनु सिंह हमीदगंज निवासी अजय शुक्रवार की राज जपला अनुपमा यादव का प्रोग्राम देखने गए थे। रात लौटने के क्रम में कजरी रेलवे स्टेशन एनएच 75 पर तेज रफ्तार में पेड़ में टक्कर मार दी। टक्कर इतना जोरदार था की टाटा नेक्सन जेएच 03 बी 1017 कार के परखच्चे उड़ गये। वही अजय जो पीछे बैठा था गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक रंजीत शुक्ला भी गंभीर रूप से घायल हो गया है। टक्कर का आवाज इतना जोरदार था की आस पास के लोग उठ कर आए और सूचना दी वहीं घायलों को अस्पताल भेजा। घटना रात दो बजे की है। कार रंजीत शुक्ला का बताया जाता है।

# यज्ञ स्थल से बाहर चंदा नहीं करेगी यज्ञ समिति : गुरु पाण्डेय



**अवधेश शुक्ला@प्रभात मंत्र**

**मेदिनीनगर :** भागवत कार्य में तन और मन से सहभागिता निभाने का आह्वान करने वाले श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा समिति के मुख्य संरक्षक अर्जुन पाण्डेय उर्फ गुरु पाण्डेय ने मीडिया सम्मान समारोह के दौरान बड़ी घोषणा की है। मीडिया से बातचीत के दौरान गुरू पाण्डेय ने बताया कि समिति को भगवत कार्य में सेवा देने वाले यज्ञ स्थल पर ही सहयोग करेंगे। यज्ञ स्थल से बाहर यज्ञ समिति ना तो चंदा करेगी ना ही कोई धन का सहयोग लेगी। 21 नवंबर से 28 नवंबर तक हाउसिंग कालोनी, बारालोटा के प्रांगण में आयोजित होने वाले श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ व परमपूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज के सात दिवसीय भागवत कथा की आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक धर्मनिष्ठ सनातनी धर्मरक्षक अर्जुन पाण्डेय (गुरु पाण्डेय) के निर्देशन में लोकतंत्र के स्तंभ मीडिया बंधुओं को सम्मानित किया गया। मौके पर यज्ञ मंडप, कथा पंडाल, मेला, पार्किंग, सुरक्षा संबंधित जानकारी दी गई। महायज्ञ समिति के संरक्षक कृष्णकांत चौबे (मुखिया), मनु प्रसाद तिवारी, बलराम पाण्डेय, प्रवीण सिंह, नवीन तिवारी अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, महासचिव शैलेश दूबे, कोषाध्यक्ष राकेश पाण्डेय, सुनील पाण्डेय, विकास दूबे उपाध्यक्ष शैलेश तिवारी, मुरारी पाण्डेय, बृजेश शुक्ला, रवि शर्मा गोरख पाठक, संजय मिश्रा महिला विंग प्रभारी मीना गुप्ता, श्वेता तिवारी, रानी शर्मा, माया मिश्रा समेत महायज्ञ समिति की ओर से पत्रकार बंधु को सम्मानित किया गया। मुख्य संरक्षक गुरु पाण्डेय ने बताया कि महायज्ञ का शुभारंभ 21 नवंबर को कलशयात्रा सह शोभायात्रा से होगी। बनारस से हैलिकॉप्टर के माध्यम से कथावाचक परमपूज्य शांतिदूत धर्मरत्न श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज नौ बजे पलामू पहुंचेंगे। जिसके बाद हजारों श्रद्धालुओं के साथ कोयल नदी तट पर कलशयात्रा यज्ञ स्थल पहुंचेगी। इसके उपरांत 22 से 28 नवंबर तक कथा प्रवचन का कार्यक्रम संध्या 3 बजे से 6 बजे तक संपन्न होगा। यज्ञ पूजन एवं आहूति का कार्य यज्ञाचार्य ब्रह्मचारी श्री उदितानंद जी महाराज के निर्देशानुसार सुबह 7 बजे से दोपहर एक बजे तक संपन्न होगा। इस यज्ञ के मुख्य यजमान अर्जुन पाण्डेय उर्फ गुरु पाण्डेय एवं उनकी अर्धांगिनी श्रीमती उषा पाण्डेय होंगे। कार्यक्रम का नेतृत्व मीडिया प्रभारी अवधेश शुक्ला एवं अजीत पाठक ने किया, वहीं संचालन प्रवक्ता आशुतोष पाण्डेय लकी ने किया। मौके पर चंदन तिवारी, कुलबुल दुबे, मनीष भिवानिया, मुरारी पांडेय, ज्ञानेश तिवारी, आनंद प्रकाश दुबे, विशाल पांडेय, मनीष तिवारी, विक्रांत त्रिपाठी, संजय पांडेय, संजय कुमार, सौरभ दुबे, शुभम दुबे सहित सैकड़ों सनातनी उपस्थित थे।

# यज्ञ के चौथे दिन यज्ञ स्थल पर अंतरराष्ट्रीय धर्म सम्मेलन का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में श्री श्री जीयर स्वामी जी महाराज के द्वारा कराए जा रहे श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के चौथे दिन यज्ञ स्थल पर अंतरराष्ट्रीय धर्म सम्मेलन का आयोजन किया गया.धर्म सम्मेलन में देश के महान धर्माचार्य उपस्थित रहे.धर्म सम्मेलन में श्री श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि श्रीरामानुजार्य स्वामी जी की सहस्राब्दी स्मृति महोत्सव के उपलक्ष्य में यह धर्म सम्मेलन आयोजित है.जो हमें अच्छी बात सिखाये वो सनातन धर्महै.सनातन धर्म हमें जीव न को उदात्त बनाने की हर बात सिखाता है.हम श्रेष्ठ मनुष्य बन कर आत्म कल्याण व समाज का कल्याण कर सके उसी के लिये ये धर्मायोजन है. तमिलनाडु काँची से पधारे स्वामी श्रीश्रीनिवासाचार्य श्रीगादी स्वामी जी के द्वारा दीप प्रज्वलन कर धर्म सम्मेलन का शुभारंभ किया गया.अपने वक्तव्य मे उन्होंने कहा कि श्रीरामानुजाचार्य स्वामी जी भक्ति आंदोलन के श्रेष्ठ आचार्य हुये जिन्होंने विशिष्टाद्वैत जैसा सिद्धांत मानव मात्र के कल्याण के लिये बतलाया.मानव मात्र ईश्वर को प्राप्त करने का अधिकारी है मानव-मानव में कोई भेद नहीं है सब ईश्वर की संतान हैं और हर कोई ईश्वर को पाने का अधिकारी है.ईश्वर को पाने का सबसे सरल मार्ग भक्ति मार्ग है,और उसी का प्रचार प्रसार श्रीजीयर स्वामी जी कर रहे हैं.दक्षिण भारत तमिलनाडु से ही पधारे स्वामी श्री अनन्ताचार्य बालक स्वामी जी ने कहा कि सेवा को अपनाकर सहज ही मोक्ष का भाजन हुआ जा सकता है. स्वामी हरिप्रकाश जी महाराज ने कहा कि -सनातन धर्म के विना शान्ति नहीं मिलती ,प्रेम और भक्ति की बात सनातन धर्म ने सिखलाया.स्वामी हरि ओम प्रकाश जी महाराज ने कहा कि रामानुजीय परम्परा का सिद्धांत प्रत्येक मानव के अनुकरणीय है. स्वामी स्वरूपदास जी महाराजने कहा कि सनातन धर्म के संपोषक रामानुज स्वामी जी ने जो प्रपत्ति का मार्ग बतलाया वो ईश्वर को पाने का सबसे सरलतम मार्ग है. इस्कॉन टेम्पल कोलकाता से आये श्रीसुभग बलरामदास जी ने कहा कि -श्रीसम्प्रदाय में जो सेवा भाव है वो हर किसी को सीखना चाहिये.भक्तजन सेवा मात्र अपना कर के हम ईश्वर के प्रिय हो सकते हैं.अयोध्या से आये जगद्गुरु रामानुजार्य रत्नेश प्रपन्नाचार्य जी ने कहा कि -सनातन धर्म को कोई मिटा नहीं सका मिटाने वाले मिट गये ..।जिसे हम धारण करते है वो धर्म है जैसे जल से शीतलता को ,अग्नि से उष्णता को ,कोई अलग नहीं कर सकता वैसे भारत से कोई सनातन धर्म को अलग नहीं कर सकताद्ध -काशी से आये जगद्गुरु रामानुजाचार्य डॉ पुण्डरीक शास्त्री जी ने कहा कि विशिष्टाद्वैत सम्प्रदाय के सिद्धांत को प्रत्येक मानव को आत्मसात् करना चाहिये। काशी से आये जगद्गुरु मारुति किंकर जी महाराजने कहा कि भारत का अर्थ है जहां के लोग ब्रह्म विद्या में रत रहते हों.भारत से धर्म को निकाल दिया जाये तो भारत प्राण रहित हो जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मां काली की पूजा 12 नवंबर को

**रांची :** मां काली की पूजा 12 नवम्बर को मनाया जाएगा। राजधानी रांची में काली पूजा भी धूमधाम से मनाई जाती है। इस दौरान कई आकर्षक पंडाल बनाए जाते हैं। इसी क्रम में युवा मोर्चा काली पूजा समिति टाटीसिलवे की ओर से पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। समिति के अध्यक्ष सनिल जॉय ने शनिवार को बताया कि इस वर्ष भव्य रूप से काल्पनिक पंडाल का निर्माण बंगाल के कारीगरों की ओर कराया जाएगा। पूजा स्थल और आसपास भव्य लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी। 12 नवम्बर को मां काली की पूजा की जाएगी। 13 नवम्बर को भक्ति जागरण होगा। 14 नवम्बर को महाआरती की जाएगी। इसमें आसपास के सैकड़ों भक्तजन जुटेंगे। महाआरती को ऐतिहासिक बनाने के लिए कमेटी के लोग जोर-शोर से जुटे हैं।

### आईजी मुख्यालय की समीक्षा बैठक 30 को

**रांची** : झारखंड पुलिस मुख्यालय में आईजी मुख्यालय मनोज कौशिक 30 अक्टूबर को समीक्षा बैठक करेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आईजी मुख्यालय सभी जिलों के एसएसपी और एसपी के साथ बैठक करेंगे। इस संबंध में सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को पत्र लिखा गया है। पत्र में कहा गया है कि झारखंड पुलिस मुख्यालय पीजी पोर्टल में कुल 807 शिकायत लंबित पायी गयी है। इसमें सभी एसएसपी और एसपी को शामिल होने के लिए कहा गया है। लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादित करने के लिए यह समीक्षा बैठक बुलायी गयी है।

# भारत और थाईलैंड के हॉकी मैच देखने के लिए स्टेडियम से लेकर बाहर दर्शकों की रही भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड महिला एशियन चैंपियनशिप ट्रॉफी हॉकी 2023 के महाकुंभ की शुरुआत शुक्रवार को मारंग गोमके जयपाल सिंह स्टेडियम, मोरहाबादी में रंगारंग कार्यक्रम के साथ हो गया है। 27 अक्टूबर से लेकर 5 नवंबर तक चलेगा। इस मैच की विधिवत उद्घाटन झारखंड के खेल मंत्री हफीजुल हसन , कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने किया । भारत ने पहले इनिंग में ही एक गोल दागे दिया। वहीं जापान और मलेशिया का पहला मैच हुआ इस मौके पर खेल मंत्री हफीजुल हसन, विकास आयुक्त झारखंड अरुण कुमार सिंह, डीजीपी अजय कुमार सिंह, हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह मौजूद रहे। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला मलेशिया और जापान के बीच खेला गया। जापान ने मलेशिया को तीन शून्य से हराया वहीं कोरिया ने चाइना को एक शून्य से हराकर बढ़त बनाई। इस दौरान मरंग गोमके हॉकी स्टेडियम में करीब दस हजार से अधिक दर्शकों की भीड़ रही तो वहीं मोराहबादी ग्राउंड में एलसीडी स्क्रीन में भी मैच देखने के लिए दर्शकों के भीड़ रही । स्टेडियम के बाहर प्रवेश द्वार पर भी दर्शकों का हुजूम देखने को मिला। इस दौरान रांची शहर के चौक चौराहों पर सन्नाटा पसरा रहा।

**भारत और थाईलैंड के बीच कड़ा मुकाबला:** भारत की तरफ से मुख्य रूप से जो खिलाड़ी शामिल रही उसमें सविता, बिच्छू देवी, निक्की प्रधान, उदिता ,इशिका, दीप ग्रेस एक्का, नेहा ,नवनीत कौर, निशा, सलीम टेटे, सोनिका, मोनिका ज्योति ,बलजीत कौर, लालरेम्सियानी, संगीता, दीपिका, वंदना कटारिया।

**थाइलैंड की टीम:**किजपाकडी जेंजीरा,नाकपोलक्रुंग कन्यानाट, खोंगविचियन थेप्पावन, ईएनपा कुंजीरा,नउ कीव सुदरत, सानपौंग कोर्नकानोक ,डुंगसुडा ओनुमा,अनुजाई, समंसो सुपांसा, सुम्फोथोंग एटिट्टाया, पासवाथ,पिरसेराम अनंगनाट यिमक्राजंग सिरया (जीके)। खबर लिखे जाने तक भारत एक गोल से थाईलैंड पर दबाव बनाए रखा था।

### जापान की टीम ने कोरिया को 4-0 से हराकर दूसरी जीत दर्ज की

रांची। वीमेंस एशियन चैंपियनशिप हॉकी 2023 के दूसरे दिन शनिवार को पहला मैच डिफेंडिंग चैंपियन जापान व कोरिया के बीच खेला गया। इस मैच में आसानी से जापान की टीम ने कोरिया को 4-0 से हराकर अपनी दूसरी जीत दर्ज की। वहीं, कोरिया की टीम की पहली हार हुई। जापान की टीम ने अपने पहले मैच में मलेशिया को 3-0 से हराकर शानदार शुरुआत की थी। वहीं, कोरिया की टीम ने कड़े संघर्ष के बाद चीन को 1-0 से हराया था। मोरहाबादी के मरांग गोमके एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में शुरू से ही



जापान के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर कोरिया की टीम को चलने नहीं दिया। पहले क्वार्टर के सातवें ही मिनट में ही जापान की कोबयाशी ऐमी ने फील्ड गोलकर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। 15वें मिनट में कप्तान नागाय यूरी ने शानदार फील्ड कर जापान टीम की भड़त 2-0 कर दी। हसेगावा मियू ने 19वें मिनट में फील्ड गोल करके टीम को 3-0 से आगे कर दिया। तोरियामा माई ने चौथे क्वार्टर के 49वें मिनट में फील्ड गोलकर टीम की बढ़त 4-0 कर दी। इस मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड सरकार के मंत्री मिथलेश ठाकुर एवं विकास आयुक्त,अरूण कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से जापानी महिला खिलाड़ी नगाई हाजुकी को 200वां अंतराष्ट्रीय मैच पूरा करने पर मोमेंटो देकर सम्मानित किये।

### भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संकल्प यात्रा में हुए शामिल

**रांची** । भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश द्वारा आयोजित संकल्प यात्रा के समापन समारोह में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजीव रंजन मिश्रा , सुनील गुप्ता एवं अर्जुन राम के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओ ने गाजे-बाजे के साथ कार्यक्रम में भाग लिया ।संकल्प यात्रा के समापन समारोह में हजारों कार्यकर्ता जयकारों के साथ सभा स्थल में शामिल हुए । मिश्रा ने बताया कि राँची के कांके , अपर बाजार , मधुकम , चुटिया , चुना भट्ठा , रातू रोड सहित विभिन्न जगहों से भाजपा कार्यकर्ताओं का जनसैलाब पदयात्रा एवं मोटरसाइकिल जुलूस के रूप में निकल कर हरमू मैदान पहुँचा । यात्रा को सफल बनाने में मुख्यरूप से अनिल गुप्ता , जितेंद्र वर्मा , सतेंद्र वर्मा , राहुल गुप्ता , मंतोष सिंह , इंदुभूषण गुप्ता , विजय सिंह ,शशांक राज, अटल पांडेय, सतीश सिंह, संजय महतो,सिद्धांत राम, चंदन प्रजापति, पूजा सिंह, रौनक़ चौधरी सहित दर्जनों प्रमुख पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल थे ।

## राज्य में सत्ता परिवर्तन होना जरूरी : अर्जुन मुंडा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रांची पहुंचे। रांची एयरपोर्ट पहुंचने पर जेपी नड्डा का स्वागत करने खुद प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एयरपोर्ट पहुंचे। कार्यक्रम स्थल हरमू मैदान में पहुंचे । हरमू मैदान में गर्मजोशी से कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया है। राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने मंच से सभी को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा का स्वागत किया है।

**अर्जुन मुंडा ने किया स्वागत:** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का स्वागत है। इस संकल्प यात्रा के समापन समारोह में मैं सवा तीन करोड़ जनता की तरफ से जेपी नड्डा का आभार जताता हूं। आगे उन्होंने कहा कि 17 अगस्त से यह संकल्प यात्रा शुरू हुआ था। जो सफलता पूर्वक समाप्त हो चुका है। जिसे संबोधित करने जेपी नड्डा आए हैं यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। वर्तमान सरकार राज्य की जनता के साथ धोखाधड़ी कर रही है। जिसे उखाड़ फेंकने का संकल्प लेकर बाबूलाल मरांडी ने यह यात्रा शुरू की थी, उन्होंने जन-जन से संवाद किया है और जा रहा है।

## मुख्यमंत्री 16 नवंबर से करेंगे आपकी योजना आपकी सरकार कार्यक्रम की शुरूआत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 16 नवंबर से आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण शुरू करने वाले हैं। मुख्यमंत्री साहिबगंज के बरहेट में अमर शहीद सिदो कान्हू के जन्मस्थली भोगनाडीह से इसकी शुरुआत करेंगे। इसका समापन दिसंबर महीने के अंतिम सप्ताह में धरती आबा बिरसा मुंडा के समाधि स्थल पर होगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने बताया कि आपका अधिकार, आपकी सरकार,आपके द्वार-3.0 की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और विधिवत इसकी जानकारी मीडिया के माध्यम से जनता को दी जाएगी।



विनोद पांडेय ने कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान जिस जिस जिले में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम होगा वहां की जिला और प्रखंड इकाई पूरी तरह सहयोग करेगी। मुख्यमंत्री की 16 नवंबर से प्रस्तावित आपका अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार-3.0 बाबूलाल मरांडी की राज्यव्यापी संकल्प यात्रा की समाप्ति के बाद हो रही है। बाबूलाल मरांडी की करीब दो महीना 10 दिन चली संकल्प यात्रा को झामुमो प्रभावहीन और हाट बाजार की सभा बता कर तंज कसता रहा है। लेकिन यह भी एक तथ्य है कि बाबूलाल मरांडी ने अपने संकल्प से सिद्धि तक की यात्रा के दौरान अपने आक्रमण के केंद्र में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को रखा है। इस बीच भ्रष्टाचार, महिला सुरक्षा, बेरोजगारी सहित कई मुद्दों को भी उठाया था। अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तैयारी अपनी यात्रा के दौरान बाबूलाल मरांडी के आरोपों का जवाब देने के साथ साथ महागठबंधन की सरकार की बड़ी जनकल्याणकारी योजनाओं, यूनिवर्सल पेंशन, ओल्ड पेंशन स्कीम, नियुक्ति एवं अन्य उपलब्धियों को जनता के बीच ले जाने की है।

## जमीन विवाद का मामला पहुंचा डीजीपी के पास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जमीन विवाद मामले में स्थानीय आंचल और थाना प्रभारी के द्वारा गंभीरतापूर्वक उचित कार्रवाई नहीं किये जाने के कारण अब पीड़ति पक्ष पुलिस मुख्यालय का चक्कर लगा रहा है । डीजीपी से गुहार लगा रहा है । एक ऐसा ही मामला झारखंड के डीजीपी से स्थानीय आंचल और स्थानीय थाना प्रभारी के खिलाफ लिखित शिकायत की गई है । मामला है हजारीबाग जिला का प्रखंड चरनाखिया, गांव नवादा ,थाना विष्णुगढ़ यहां के रहने वाले महमूद आलम ने आवेदन में लिखा है कि खाता नंबर दस , प्लॉट नंबर 49 जमीन करीब 51 रकबा 20 डिसमिल का मामला है जिसपर सलीम अंसारी से विवाद चल रहा है । यह मामला एलआरडीसी के पास भी लंबित है और एलारडीसी ने इस मामले में रोक लगाया है कि विवादित जमीन पर निर्माण कार्य नहीं करेगा। बावजूद इसके दूसरे पक्ष द्वारा काम किया जा रहा है। इस संबंध में स्थानीय थाना, स्थानीय आंचल सभी से शिकायत की गई है । लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण अब डीजीपी से गुहार लगाया गया है। पीड़ति का कहना है कि पुलिस उच्च स्तरीय कार्रवाई करें ताकि जमीन विवाद का निपटारा हो सके।

## उर्दू शिक्षक संघ ने पत्रकार एएच रिजवी के निधन को अपूर्णीय क्षति बताया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव अमीन अहमद ने उर्दू दैनिक कौमी तंजीम के स्थानीय संपादक एएच रिजवी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए कहा है कि श्री रिजवी झारखंड ही नहीं बिहार में भी उर्दू पत्रकारिता को परवान चढ़ाया।

साथ ही बेजोड़ और निर्भीक तरीके से अपने विचार रखने के लिए पत्रकारिता जगत में जाने जाते हैं। निसंदेह उनके निधन से उर्दू पत्रकारिता को गहरा सदमा पहुंचा है। श्री रिजवी पत्रकारिता जगत के ऐसे स्तंभ थे जो सामाजिक होने के साथ साथ अच्छे विचारों के व्यक्ति थे।

झारखंड की धरती पर मीडिया जगत में उर्दू के साथ हिंदी जगत के वरिष्ठ पत्रकार व अन्य भाषाओं के मीडिया कर्मी आदर और सम्मान से उन्हें याद करते थे।

कौमी तंजीम को झारखंड में स्थापित करने का श्रेय श्री रिजवी को ही जाता है। दुख के इस बेला में झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के प्रदेश प्रवक्ता शहज़ाद अनवर सहित झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के विजय बहादुर सिंह, अरुण कुमार दास, आशुतोष कुमार उनके निधन पर शोक व्यक्त करती है तथा उनके परिवार के लिए शोक संवेदना व्यक्त करती है।

शोक व्यक्त करने वालों में उर्दू शिक्षक संघ के अब्दुल माजिद खान, मकसूद जफर हादी, मोहम्मद फखरुद्दीन, सरवर आलम, एनामुल हक, साबिर अहमद, तौहीद आलम, नाज़मि अशरफ, राकिम अहसन,असरार अहमद, मो0



एकबाल आदि शामिल हैं।

## बस स्टैंड में दो पक्ष आपस में भिड़े

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोअर बाजार थाना अंतर्गत खादगढ़ा बस स्टैंड 25 अक्टूबर 23 को मामूली सी बात को लेकर दो पक्षों में झड़प हो गई । इस संबंध में एक पक्ष में लोअर बाजार थाना में मामला दर्ज कराया है। पहला पक्ष मौलाना आजाद निवासी परवेज है उसने भोलू और आदिल उर्फ पपन पर पिस्टल के बट से मारने और 6200 रुपए पाकेट से निकालने सहित गाली गलौज देने आदि की शिकायत की है। वहीं दूसरे पक्ष भोलू की ओर से उसके पिताजी मोहम्मद सईद के द्वारा एसएसपी को लिखित आवेदन दिया गया है। जिसमें बताया गया कि सरफराज उर्फ भोलू जो



खादगढ़ा बस स्टैंड में हॉकरी करता है। इसके साथ मारपीट किया गया है। इतना ही नहीं पिस्टल भी दिखाया गया है। इस संबंध में मोहम्मद सईद के द्वारा ठेकेदार इरफान खान, राजू ,साजिद और हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के रहने वाले शाहबाज नमक युवक पर आरोप लगाया है। इस संबंध में राजू ने बताया कि मुक्तेश्वरी बस भोलू, पपन वगैरा छोड़ता है। वहीं विजय बस हम लोगों के द्वारा छोड़ा जाता है। मुक्तेश्वरी बस का समय 2:56 है जो हजारीबाग के लिए चलती है। वहीं विजय नामक बस 2:57 में चलती है। इसी का समय को लेकर मामूली विवाद हुआ था। इस तरह की घटनाएं पहले भी हुई है जिसकी शिकायत थाने में कई गई है। वहीं लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद ने बताया कि बस स्टैंड जुड़े परवेज के द्वारा भोलू और पपन की शिकायत करने पर मामला दर्ज किया गया है। वहीं दूसरा पक्ष ने भी आवेदन दिया है जिसकी जांच की जा रही है।

## पंच मंदिर हरमू दुर्गा पूजा को स्वच्छता के लिए मिला प्रथम स्थान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** दुर्गा पूजा संपन्न हो गया। लेकिन रांची नगर निगम द्वारा स्वच्छता को बढ़ावा देने की उद्देश्य से शहर में आयोजित होने वाले दुर्गा पूजा के पूजा पंडालों के लिए स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता का अयोजन कराया गया था। स्वच्छता के विभिन्न मानकों पर कुल 200 अंक निर्धारित किये गये थे। 20 अक्टूबर 2023 से 25 अक्टूबर तक विभिन्न पंडालों का भ्रमण कर निगम की टीमों द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया गया।

विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों को प्राप्त अंकों के आधार पर प्रथम द्वतीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पूजा पंडाल का चयन किया गया। इसके तहत पंच मंदिर, हरमू दुर्गा पूजा समिति वार्ड नंबर 26 को 170 अंक मिले ।

महावीर मंदिर, जोड़ा तालाब, इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी वार्ड 9 ने 140 अंक लेकर दूसरा और 123 अंक लाकर श्री श्री दुर्गा पूजा समिति, सीएमपीडीआई गोंदा टाउन वार्ड नंबर 2 ने तीसरा स्थान हासिल किया।

### प्रथम पुरस्कार 25 हजार रुपए

इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले पूजा पंडाल को 25000, द्वतीय के लिए 15000 और तृतीय के लिये 10000 रुपये का प्रोत्साहन राशि दिया जाना है। विजेताओं को सम्मानित करने हेतु निगम द्वारा जल्द ही तिथि की घोषणा की जायेगी। महावीर मंदिर, जोड़ा तालाब, इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी (वार्ड सं. 09) श्री श्री दुर्गा पूजा समिति, सीएमपीडीआई गोंदा टाउन।

### राज्यपाल ने वाल्मीकि जयंती की दी शुभकामनाएं



**रांची:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने वाल्मीकि जयंती की सभी को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने शनिवार को ट्वीट कर कहा कि प्रभु श्री राम के आदर्श चरित्र को लिपिबद्ध कर महाग्रंथ 'रामायण' की रचना करने वाले, महान रचनाकार 'आदिकवि' महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन किया है। साथ ही सभी लोगों को वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं दी है।

## लाईट हाउस प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बन रहे 1008 आवासों की जानकारी ली गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** नगर निगम प्रशासक अमीत कुमार, भाप्रसे की अध्यक्षता में लाईट हाउस प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बन रहे 1008 आवासों में लाभार्थियों को मूलभुत सूविधा प्रदान करने की दिशा में अघतन स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की गई।बैठक में जुडको के प्रतिनिधि के द्वारा बताया गया कि परिसर में जलापूर्ति हेतु प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है, जिसपर प्रशासक ने निदेश दिया कि जुड़कों के प्रतिनिधि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के साथ संयुक्त स्थल भ्रमण कर



अविलम्ब प्रस्ताव उपलब्ध कराये ।इसके अलावा बिजली की आपूर्ति की पृच्छा की गई, जिसपर पीएम एवाई शाखा के पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि बिजली कनेक्शन लेने हेतु स्थल पर लगातार कैंप लगाया जा रहा है जिसके माध्यम से लाभार्थेयों को कनेक्शन प्राप्त करने के लिए संबंधित विभाग को आवेदन प्रेषित की जा रही है।

अन्य सुविधा में एससीजी मैगीकेरेट एल एलपी रांची के द्वारा बताया गया कि सिवरेज, ड्रेनेज एवं सड़क के निर्माण कार्य के लिए भी आवश्यक कार्य किए जा रहे है, जिसे जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा।

बैठक में अपर प्रशासक, सहायक प्रशासक जुडको लि0 राँची के प्रतिनिधि, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रतिनिधि जलापूर्ति शाखा एवं पीएम एवाई शाखा के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## समाज में बदलाव तभी आएगा जब बच्चों का संस्कार बदलेगा : सीमा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** शहर में मातृ पूजन कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा, रांची के प्राथमिक खंड के तत्वावधान में शनिवार को हुआ। इसका उद्देश्य वर्तमान समय में भौतिकतावादी शिक्षा के प्रभाव एवं मूल्यपरक शिक्षा के अभाव में बच्चे जन्मदात्री मां को विस्मृत कर रहे हैं, जिससे सदियों की पारिवारिक परंपराओं का ताना-बाना टूट के कगार पर है और वृद्धा आश्रम का बाहुल्य हो रहा है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रांची महाविद्यालय रांची की प्राध्यापक डॉ सीमा शर्मा ने कहा कि समाज में बदलाव तभी आएगा जब बच्चों का संस्कार बदलेगा। संस्कार जगाने के लिए हमें तन-मन से माता-पिता की पूजा अर्चना करनी चाहिए। उन्होंने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा शिक्षा के साथ-साथ संस्कार जगाने का कार्य करता है । बच्चों का संस्कार बदलने के लिए बच्चों के प्रति माता का मधुर संबंध होना चाहिए। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि स्टेट बैंक आफ इंडिया की



सहायक महाप्रबंधक कविता कुमारी ने कहा कि बच्चों में संस्कार युक्त वातावरण के लिए इस तरह के कार्यक्रम सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जैसे विद्यालयों में ही होते हैं । प्रेम, भाईचारा की भावना, गरीबों एवं असहायों की सेवा ही परम धर्म है- ऐसी सीख से बच्चे संस्कारवान बनते हैं । इससे समाज एवं राष्ट्र का कल्याण हो पाता है। कार्यक्रम में शिशु विकास मंदिर समिति के अध्यक्ष शक्तिनाथ लाल दास, मंत्री अखिलेश्वर नाथ मिश्रा, सह मंत्री डॉ धनेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष एस. वेंकट रमन, सदस्य आशीष नाथ शाहदेव, लाल अशोक नाथ शाहदेव, अमरकांत झा, ललन कुमार एवं कुमरेंद्र झा मौजूद थे।

## लीजेंड्स लीग क्रिकेट 2023 के टिकटों की बिक्री शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) ने इस सीज़न के टिकटों की बिक्री शुरू करने की घोषणा की। खेल प्रेमियों को बेसब्री से इसका इंतजार था। वे अब पेटीएम और पेटीएम इनसाइडर पर टिकट खरीद सकते हैं। एलएलसी 2023 के मैच 18 नवंबर से 9 दिसंबर 2023 तक भारत के पांच शहरों में खेले जाएंगे। रांची में सभी मैच जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे और टिकटों की कीमत 249 रु. से शुरू होगी। एलएलसी के इस सीज़न रांची के मैचों के टिकट पेटीएम और पेटीएम इनसाइडर पर उपलब्ध हैं। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सीईओ रमन रहेजा ने कहा कि हम ने इस सीज़न खेल प्रेमियों के मनोरंजन की जबरदस्त तैयारी की है। पेटीएम और पेटीएम इनसाइडर से अहम साझेदारी कर उन्हें एक्सक्लूसिव टिकटिंग पार्टनर बनाया है। भारत के पांच शहरों - देहरादून, रांची, जम्मू, विशाखापत्तनम और सूरत में होने वाले ये मैच यादगार बनने वाले हैं। आप भी एक्शन के लिए तैयार हो जाइए। कैलेंडर पर निशान लगा लीजिए और पेटीएम और पेटीएम इनसाइडर पर टिकट बुक कर लीजिए।'पेटीएम इनसाइडर के बिजनेस हेड वरुण खरे ने बताया कि हम लीजेंड्स लीग टी20 में खेल प्रेमियों को उनके पसंदीदा क्रिकेट के दिग्गजों को एक बार फिर एक्शन में देखने का अवसर देने के लिए बेहद उत्साहित हैं। रांची, देहरादून, जम्मू, विशाखापत्तनम और सूरत में गौतम गंभीर, सुरेश रैना, हरभजन सिंह, आरोन फिंच, इरफान पठान, पार्थिव पटेल, क्रिस गेल, मार्टिन गुप्टिल जैसे दिग्गज क्रिकेटरों का खेल देखने का यह अभूतपूर्व अवसर है। इस तरह देश के कोने-कोने में क्रिकेट की धूम मचेगी।

## स्वर्णरेखा मुक्तिधाम उत्थान हेतु बैठक आज

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: ज्ञात रहे कि स्वर्ण रेखा मुक्तिधाम में सिल्ली मुरी एवं आसपास के तमाम ग्रामों से शवों को ला कर जलाया एवं दफनाया जाता है। कभीङ्कभी रात में भी शवों को लाया जाता है, उस समय लोगों को काफ़ी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। जैसे बिजली ,पानी, रास्ते में गंदगी इत्यादि। इसी असुविधाओं को देखते हुए इसे दूर करने के लिए सिल्लीङ्मुरी एवं आसपास के तमाम ग्रामों के ग्राम वासियों से सामाजिक कार्यकर्ता संघ अनुरोध करती है कि आज रविवार को समय सुबह 9 बजे स्वर्ण रेखा मुक्तिधाम (श्मशान घाट) के साफ सफाई तथा बिजली पानी की व्यवस्था को लेकर विचार ङ्विमर्श करने हेतु आप तमाम सामाजिक कार्य में रुचि रखने वाले तथा बुद्धिजीवी लोगों से अनुरोध करती है कि आप लोग समय पर उपस्थित होकर इस पावन कार्य का भागीदार बनें। इसकी जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता संघ के सदस्यों के द्वारा दी गई।

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता)**:सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में शनिवार को एक दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्कूल के निदेशक मोहम्मद साहिल ने फीता काटकर किया।इस मौके पर स्कूल के बच्चो के बीच फुटबॉल, वॉलीबॉल,कबड्डी,मैराथन दौड़ एवं खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के निदेशक मोहम्मद साहिल ने कहा कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को लेकर इस तरह के खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल में शिक्षा के साथ खेल भी काफी जरूरी है।शिक्षा के साथ खेल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चे शून्य से शिखर तक पहुंचते हैं।उन्होंने स्कूल के सभी बच्चों से शिक्षा के साथ खेल के क्षेत्र मे बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की।इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छः बच्चों का चयन जमशेदपुर में होने वाले मैराथन दौड़ प्रतियोगिता के लिए किया गया।

## अंकित कुमार का राष्ट्रीय वुशु प्रतियोगिता के लिए चयन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बस्ती निवासी रूपलाल महतो के पुत्र अंकित कुमार का राष्ट्रीय वुशु खेल प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है।मिली जानकारी के अनुसार गोवा मे होने वाले 37 वां राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए झारखण्ड टीम मे चयन किया गया है।अंकित वुशू खेल के ताईची क्वान इंवेट मे शामिल होगे।शनिवार को अंकित झारखण्ड राज्य के 15 सदस्यीय टीम के साथ गोवा के लिए रवाना हुआ।अंकित के कोच और चतरा जिला वुशु संघ के सचिव रजी अहमद ने बताया कि अंकित शुरू से ही चतरा जिला वुशू संघ के ओर से वुशु खेल मे काफी मेहनत कर रहे है।डकरा केन्द्रीय विधालय वुशू प्रशिक्षण केन्द्र मे उन्होने कड़ी मेहनत के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया है।चतरा जिला वुशु संघ की ओर से खेल का प्रदर्शन कर उन्होंने कई सफलता प्राप्त की है।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में अंकित कुमार बेहतर प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र और झारखंड का नाम रोशन करेंगे।

## उप विकास आयुक्त ने बेड़ो प्रखंड के गांवों का किया दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो** : उप विकास आयुक्त रांची दिनेश यादव ने शनिवार को बेड़ो प्रखंड के दिघिया और घाघरा पंचायत के गांवों का दौरा कर जल छाजन से संबंधित कई योजनाओं का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने जल छाजन द्वारा बनाए जा रहे तालाब निर्माण की योजना, फील्ड बंड और टीसीबी योजनाओं का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि जल छाजन द्वारा निर्माण किया जा रहे विभिन्न योजनाएं ग्रामीण विकास का आधार बनता जा रहा है।



खास तौर पर कृषि विकास की नई गाथाएं जल छाजन की योजनाओं से लिखी जा सकती है। जहां एक और तालाब की योजनाएं जलस्तर को बेहतर करने में काम आता है वहीं टीसीबी की योजनाएं बारिश के पानी को संरक्षित करने में लाभकारी साबित होता है। बारिश का पानी बचा कर ही गांव की भविष्य बचाई जा सकती है। गांव की जलस्तर को बेहतर बनाकर कृषि के विकास के सपने साकार किया जा सकते हैं। इन योजनाओं को अच्छी गुणवत्ता के साथ धरातल पर उतर के हम गांव की तस्वीर और तकदीर बदल सकते हैं। मौके पर निदेशक रामवृक्ष महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन तिर्की, श्रुति प्रिया, नमिता, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## फुटबॉल टूर्नामेंट का चैंपियन बना एफ सी मासू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा** : जयराम स्पोर्ट्स क्लब बीसा के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब एफ सी मासू ने जीता।बीसा पंचायत सचिवालय मैदान में खेले गए बहुत ही रोमांचक मुकाबले में 5-3 से हराया। विजेता टीम को पुरस्कार स्वरूप एक खस्सी एवं उपविजेता टीम को एक खस्सी दिया गया। इस टूर्नामेंट में कुल आठ टीमें भाग लिया था। मुख्य अतिथि अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव एवं विशिष्ट अतिथि विधायक



प्रतिनिधि छोटेलाल महतो, बीसा मुखिया मंजोती देवी,पुसुवा लोहरा, गणेश भोगता आदि उपस्थित थे। दीपा उरांव ने कहा कि आज के इस दौर में खेल बहुत जरूरी है इस प्रकार आयोजन होने से क्षेत्रीय प्रतिभा निखरकर सामने आता है।

## एसबीआई द्वारा सीआईएसएफ के बीच कराया गया क्रिकेट मैच

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा स्वर्ण जयंती स्टेडियम में शनिवार को स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया डकरा शाखा के द्वारा सीआईएसएफ के बीच एक दिवसीय क्रिकेट मैच का आयोजन कराया गया।इस मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेड संदीप कुमार एस ने फीता काटकर किया।इस मैच मे सीआईएसएफ एनके एरिया बनाम पिपरवार के बीच मैच खेला गया।जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए एनके एरिया की पुरी टीम 79 रन बनाकर ऑल आउट हो गई,जवाबी पारी खेलने उतरी पिपरवार की टीम तीन गेंद शेष रहते पांच विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर शानदार जीत दर्ज की।पिपरवार की ओर से घातक गेंदबाजी कर पांच विकेट लेने वाले नितेश पुनिया को मैन ऑफ दा मैच का पुरूस्कार प्रदान किया गया।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में कई प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया।इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने उपस्थित शिक्षकों और बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता सिर्फ एक दिन के लिए नही बल्कि इसे एक आदत के रूप में अपनाया जाना चाहिए।सबसे पहले अपनी शरीर की स्वच्छता और अपने घर सहित अपने आस-पास के इलाको को स्वच्छ रखना काफी जरूरी है।वर्तमान में विभिन्न प्रकार के बीमारियों से लोग ग्रसित हो रहे हैं।ऐसे में स्वच्छता के प्रति सभी लोगों को ध्यान देने की जरूरत है।इस मौके पर स्कूल के बच्चों ने स्कूल प्रागंण में साफ सफाई की।इधर दुसरी और स्कूल प्रांगण में स्वच्छता से संबंधित कई प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें स्कूल के कई बच्चे शामिल हुए।पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा छः के बच्चों ने भाग लिया।वही कक्षा सात के बच्चों के बीच स्लोगन लिखने की प्रतियोगिता आयोजित की गई।

## 30 दिवसीय फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी प्रशिक्षण का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली** : श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 30 दिवसीय फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी एडिटिंग शॉर्ट मूवी सीखने का प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन मुरी ओपी के ए एस आई आशीष रंजन ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। राज्य के विभिन्न जिले बेरो, रामगढ़, रातु, अंगद अनगड़ा, ओरमांझी, आदि प्रखंड से आए 25 युवा एवम युवतियों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। श्री आशीष रंजन ने प्रशिक्षणार्थियों को संदेश दिया की आज के आधुनिक युग में



फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी रोजगार का बहुत बड़ा साधन है। आप चाहेंगे तो खुद का स्वरोजगार कर दुसरो को भी रोजगार दे सकते है।

आप मालिक बनाना सीखिए । वित्तीय साधन आप के पास नही है तो बैंक से लोन लेकर भी स्वरोजगार को आगे बढ़ा सकते है। रूडसेट संस्थान के वरिष्ट संकाय अनिल कुमार ने मुख्य अतिथि को धन्यवाद ज्ञापन किए। मौके पर संस्थान के वरिष्ठ संकाय जगदीश चंद्र महतो , दशरथ कुमार महतो, महेश, रूही दास,सुनील कुमार उपस्थित रहे।

---

### OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR (DMFT Cell)

Refno.: -Date: -

### NOTICE FOR INVITING VERY SHORT TERM EOI

**Subject – Invitation of Very Short-Term Expression of Interest (EOI) for Rate Contract ofSupply and installation of Solar Based Robotic Pump Set 1 HP at different Area in Latehar District under DMFT Fund 2023-24.**

District Administration, Latehar invites very short term EOIs from reputed firms/ Company/Partnership firm for Supply and installation of Solar Based Robotic Pump Set 1 HP at different area in Latehar district.

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Supply and installation of Solar Based Robotic Pump Set 1HP in different Area of LATEHAR District. |
| 2 | EMD & Processing Fee etc. | 10,00,000INR In Favor of Deputy Commissioner, LATEHARTenderFeesRs10,000INR(Non-Refundable)(DD in favour of **District Mineral Foundation Trust, Latehar**) |
| 3 | Last Date of Submission of EOI | 07/11/2023, Till 05:00 PM |
| 4 | Date of Opening of EOI | 08/11/2023 at 11:30 AM |
| 5 | Place of Submission/forgetting Required Information | DMFT Cell, Latehar |
| 6 | Place of Opening of EOI | Chamber ofDDC-cum-Member Secretary, DMFT |

**Complete EOI Document, terms & conditions are available on official website of the district:-https://latehar.nic.in/**

**DDC-CUM-MEMBER SECRETARY DMFT LATEHAR**

PR 310045 District(23-24)D

---

### उपायुक्त–सह–जिलादण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला। (विकास शाखा)

**E-Mail – ddcgumla2014@gmail.com**

**Phone No. 06524-222209Fax No. 06524-222209**

### अति–अल्पकालीन निविदा

गुमला जिला मुख्यालय में नवनिर्मित पुस्तकालय भवन में अध्ययन करने वाले छात्र–छात्राओं के शैक्षणिक वातावरण की समृद्धि एवं आधारभूत संरचना हेतु सामग्रियों/उपस्कर/पुस्तकों के दर निर्धारण के निमित प्रतिष्ठित कम्पनी/अपूर्तिकर्त्ता से मुहरबंद निविदा आमत्रित किया जाता है :–

1. निविदा प्राप्ति की तिथि :– 09.11.2023 (03:00 PM)
2. निविदा खोलने की तिथि :– 10.11.2023 (11:30 AM)
3. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– जिला विकास शाखा (विकास भवन) गुमला
4. निविदा खोलने का स्थान :– विकास भवन सभागर में।
5. डिमांड ड्राफट जो किसी भी नेशनलाईज बैंक का होना चाहिए ।

| क्र0सं0 | सामग्री का नाम |
|---|---|
| 1 | Sofa |
| 2 | Table |
| 3 | Almirah |
| 4 | CCTV Camera (16 Pic) |
| 5 | Inverter |
| 6 | Battery (Excise) |
| 7 | Milton Water bottle |
| 8 | R.O 50 Lit |
| 9 | Curtain |
| 10 | TV |
| 11 | Computer Set (With Printer) |
| 12 | Notice Board |
| 13 | Books |
| 14 | Door Mat |
| 15 | Audio System |
| 16 | Glow Sign Board |

नोट :– निविदा के नियम एवं शर्त्त जिले के वेबसाईट http://gumla.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,गुमला।

PR 310106 Rural Development(23-24)D

---

पत्रांक 405/खेल

### समाहरणालय, चतरा।

**(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**

**Gmail** - sport.chatra@gmail.com

### "इच्छा की अभिव्यक्ति"

पर्यटन के क्षेत्र में पर्यटको को बेहतर सुविधा देने के उदेश्य से चतरा जिला के सदर प्रखण्ड अन्तर्गत लक्ष्मणपुर स्थित भेड़ी फार्म डेम तथा परिसर क्षेत्र का विकास कार्य कराया गया है, जिसका संचालन/बंदोबस्ती/लीज के माध्यम से किया जाना है। इस निमित इच्छुक फर्म/संस्थान (EOI) के माध्यम से दिनांक 06.11.2023 के अपराह्न 2:00 बजे तक बंदोबस्ती आवेदन बंद लिफापे में आमंत्रित किये जाते है। उसी दिन दिनांक 06.11.2023 को अपराह्न 03:00 बजे बंदोबस्ती आवेदन समाहरणालय के सभाकक्ष में खोली जायेगी।

इच्छुक फर्म/संस्थान इसकी विस्तृत विवरणी जिले के वेबसाईट www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है एवं विवरणी में अंकित शर्त इस कार्यालय में कार्यालय अवधि के दौरान देखा जा सकता है।

**उपायुक्त, चतरा**

**PR 310072Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs(23-24)#D**

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा**

**(rdsd.lohardaga@rediffmail.com)**

### अतिअल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या– **RDD/SD/LOHARDAGA/E-17/2023-24**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | लोहरदगा जिलान्तर्गत कुडू प्रखण्ड में दीदी कैफे निर्माण कार्य। | 74,91,000.00 | 1,50,000.00 | 10000.00 | 4 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 30.10.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 30.10.2023 से दिनांक 08.11.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, कार्यालय ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, लोहरदगा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 09.11.2023 अपराह्न 3:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दुरभाष संख्या :– 9934523795
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 310081 Lohardaga (23-24)_D

---

### कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा

(Mail Id – kodermanagarpanchayata@gmail.com)

### –: आवश्यक सूचना :–

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तृतीय घटक के भागीदारी में किफायती आवास योजना के तहत सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कोडरमा अन्तर्गत बोनाकाली में निर्मित आवासों को दिनांक 09.02.2021 (प्रथम चरण), दिनांक 05.08.2021 (द्वितीय चरण) एवं दिनांक 01.11.2021 (तृतीय चरण) को लॉटरी के माध्यम से 7 (सात) लाभूकों के द्वारा आवंटन पत्र प्राप्त करने के उरान्त अबतक द्वितीय किस्त की राशि मो0 71750/– (एखत्तर हजार सात सौ पचास) रूपये जमा नही की गई है। जिसकी सूची निम्नवत् है :–

| क्र0सं0 | सर्वेक्षण सं0 | लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | अबतक जमा की गई राशि | फ्लैट सं0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5926066 | कृष्ण कुमार शर्मा | मन्टू शर्मा | 25000/- | B-208 |
| 2 | 5903623 | नीपा सिंह | निरज सिंह | 25000/- | C-308 |
| 3 | 5912524 | रूबी देवी | रविन्द्र प्रसाद | 25000/- | C-105 |
| 4 | 5961127 | संकेत कुमार सिन्हा | कृष्ण कुमार सिन्हा | 25000/- | A-407 |
| 5 | 5955638 | विनोद यादव | वासुदेव यादव | 25000/- | B-207 |
| 6 | 5624637 | आनन्द कुमार | कुलदीप सिंह | 46000/- | B-305 |

उक्त लाभुको को द्वितीय किस्त की राशि मो0 71750/– (एखत्तर हजार सात सौ पचास) रूपये जमा करने हेतु सूचना एवं अंतिम निर्देश दूरभाश एवं समाचार पत्रों के माध्यम् से दिया गया था, परन्तु अबतक उक्त लाभुको के द्वारा आवंटन पत्र में वर्णित नियामानुसार द्वितिय किस्त की राशि जमा नहीं किया गया है।

अतः उक्त के आलोक में नियामानुसार आवंटन पत्र में वर्णित क्रमांक संख्या 05 की कंडिका 5.6 के तहत् उक्त लाभुकों का आवंटित आवास को रद्द किया जाता है। साथ ही एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झरखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक 1316 दिनांक 27.07.2023 के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में वैसे लाभार्थी जो 17.06.2015 से पहले नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र के निवासी है, जिनका वार्षिक आय 03 (तीन) लाख से कम है, सम्पूर्ण भारत वर्ष में कहीं भी पक्के का मकान नहीं है इत्यादि, वैसे लाभार्थी जो प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) घटक – III के तहत् आवास योजना का लाभ लेने को इच्छुक हो, वैसे लाभार्थी एक मुस्त राशि 3,12,000/– (तीन लाख बारह हजार) रूपये जमा कर आवास योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है।

अतः उक्त के अलोक में वैसे लाभार्थी जो उपरोक्त आहार्ता पूर्ण करते है, वे किफायती आवास योजना हेतु नगर पंचायत कोडरमा के कार्यालय से आवेदन प्राप्त कर के नगर पंचायत कोडरमा के कार्यालय में दिनांक 14.11.2023 तक जमा कर सकते है। विशेश जानकारी कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा से प्राप्त कर सकते है।

ह0/–
प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा

PR 310083 Urban Development(23-24)D

---

### कार्यालय जिला परिषद, गुमला

### सैरात बन्दोवस्ती हेतु अल्पकालीन आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि जशपुर रोड स्थित स्टेडियम प्रबंधन समिति द्वारा निर्मित कुल 09 दूकानों के उपर तल्ला के दूकान सं0–02 में स्थापित व्यायाम केन्द्र का एक वर्ष के लिये सैरात बन्दोवस्ती हेतु दिनांक 09–11–2023 को जिला परिषद, गुमला के कार्यालय परिसर में अपराह्न 3:00 बजे से डाक हेतु बोली आयोजित की गयी है, जिसका विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 | सैरात का नाम | न्युनतम डाक की राशि | जमानत की राशि | आवेदन प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जशपुर रोड स्थित स्टेडियम प्रबंधन समिति द्वारा निर्मित कुल 09 दूकानों के उपर तल्ला के दूकान सं0–02 में स्थापित व्यायाम केन्द्र | 2,50,000/– | 25,000/– | 500/– |

1. आवेदन प्रपत्र दिनांक 30–10–2023 से दिनांक 08–11–2023 अपराह्न 5:00 बजे तक निर्धारित राशि का डिमांड ड्राफ्ट, जो सचिव, जिला परिषद, गुमला के पदनाम से प्रतिज्ञित एवं गुमला में भुगतेय हो, जमा कर कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है।
2. डाक में भाग लेने वाले इच्छुक डाकवक्ता के द्वारा जमानत राशि का डिमांड ड्राफ्ट, जो सचिव, जिला परिषद, गुमला के पदनाम से प्रतिज्ञित एवं गुमला में भुगतेय हो, दिनांक 08–11–2023 तक जिला परिषद कार्यालय, गुमला में जमा करना होगा। डाक समाप्ति के पश्चात् प्रथम एवं द्वितीय डाकवक्ता को छोड़कर बाकी डाक बोलने वाले व्यक्ति को जमानत राशि का डिमांड ड्राफ्ट डाक समाप्ति के पश्चात् लौटा दिया जायगा।
3. विस्तृत शर्त्तों से संबंधित सहमति पत्र आवेदन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
4. विस्तृत आम सूचना के नियम व शर्तें गुमला जिला के वेबसाइट– **www.gumla.nic.in**/ जिला परिषद् के सूचना पट्ट/अनुमण्डल कार्यालय, गुमला के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

उप विकास आयुक्त–सह–सचिव,
जिला परिषद, गुमला।

**PR.NO.310116 Gumla(23-24):D**

---

झारखण्ड सरकार

### राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग

(जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची)

### प्रारंभिक अधिसूचना (संशोधित)

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

**बिरसा मुण्डा एयरपोर्ट/कुटियातु मोड़ पथ (रिंग रोड कौंचबोंग तक), भाया–हुण्डरू, हेथु, चन्दाघासी, मरियातु, इटे पथ निर्माण परियोजना।**

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–हेथु, चन्दाघासी एवं कोचबोंग थाना संख्या क्रमशः–298, 300 एवं 306 अंचल–नामकुम जिला–राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन यथा–बिरसा मुण्डा एयरपोर्ट/कुटियातु मोड़ पथ (रिंग रोड कौंचबोंग तक), भाया–हुण्डरू, हेथु, चन्दाघासी, मरियातु, इटे पथ निर्माण परियोजना हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुर्नवासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासन के रुप में नियुक्त किए गए हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–हेथु, चन्दाघासी एवं कोचबोंग थाना संख्या क्रमशः–298, 300 एवं 306 अंचल– नामकुम, जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–1.095 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है

**मौजा–हेथु**

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 82 | 776 | दोन दो | 0.317 | डाडु उराँव वगैरह | 777 | 775 | 791 | Boundary |
| 2 | 8 | 888 | – | 0.01 | करमा तेली, शीटना तेली वगै० | 879 | 958 | 890 | 887 |
| 3 | 3 | 891 | – | 0.01 | बकास्त | 890 | 896 | 843 | 958 |
| 4 | 90 | 736 | – | 0.10 | मधेया लोहार, भुतनाथ लोहार वगै० | 740 | 735 | 863 | 737 |
| | | | कुलः– | 0.437 | | | | | |

**मौजा–चन्दाघासी**

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 158 | 585 | दोन तीन | 0.10 | बकास्त भुईहरी | 586 | 741 | 740 | 586 |
| 2 | 86 | 1099 | टांड़ दो | 0.435 | मादी उराँव वल्द हुरगा उराँव वगै० | 1098 | 1104 | 1100 | 1097 |
| | | | कुलः– | 0.535 | | | | | |

**मौजा–कोचबोंग**

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 104 | 11 | परती कदीम | 0.123 | सिधराई पिता–धिरजु पहान वगै० | – | 10,12 | 14 | 10 |
| | | | कुलः– | 0.123 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुर्नवास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा–उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की अपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

अमीन, जि0भू0अ0का0, राँची। | कानूनगो, जि0भू0अ0का0, राँची। | जि0 भू0 अ0 पदा0, राँची। | अपर समाहर्त्ता, राँची। | उपायुक्त, राँची।

PR 310078 Land Reforms(23-24)D

## फैशन प्रेमी युवतियों को फास्ट्रैक पार्टी वियर वॉच पेश

**जमशेदपुर/रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के जाने-माने यूथ ब्राण्ड फास्ट्रैक ने हाल ही में खासतौर पर युवा महिलाओं के लिए सब-ब्राण्ड भीवाईबी लॉन्च किया है। ये घड़ियां मात्र 1240 से 2960 रूपये की किफ़ायती कीमत पर उपलब्ध हैं। इस संबंध में अजय मौर्या, मार्केटिंग हैड फास्ट्रैक ने बताया कि खासतौर पर युवतियों के लिए नए सब ब्राण्ड का लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, जो उनकी हर पार्टी को खास बना देगा। भीवाईबी विभिन्न मौकों के लिए ग्लैम रैडी कलेक्शन है, जिसमें कई लुक की घड़ियां शामिल हैं। भीवाईबी के लॉन्च के साथ फास्ट्रैक ने नए डिज़ाइनों के साथ अपने पोर्टफोलियो को विस्तारित कर लिया है, जो फैशन प्रेमी युवतियों को खूब लुभाएगा।

## सतगुरु सदाफल देव विहंगम योग संत समाज के शिविर में 50 यूनिट रक्त संग्रह



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सतगुरु सदाफल देव विहंगम योग संत समाज, सरायकेला खरसावां की ओर से एसिया भवन में संत प्रवर पूज्य श्री विज्ञान देवजी महाराज के जन्म उत्सव के अवसर पर संयोजक शम्भू पंडित के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप मे समाजसेवी नगीना सिंह तथा विशिष्ट अतिथि विहिप जिलाध्यक्ष राजू चौधरी समेत संत कबीर सेवा संस्था के जिला समन्वयक अमित कुमार, सुमित कुमार आदि उपस्थित थे। इस शिविर के माध्यम से कुल 50 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर के आयोजन में संस्था के सह संयोजक सुनील शर्मा, पूर्व संयोजक बीपी शर्मा, सह संयोजक नागेंद चौधरी, अध्यक्ष रवि सिंह, रोहित कुमार, कर्मवीर सम्राट, कोषाध्यक्ष -निशांत शर्मा, मुकेश तिवारी आदि का प्रमुख योगदान रहा।

## सदर अस्पताल में आयोजित शिविर में 93 दिव्यांगजनों की जांच हुई



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर अस्पताल सरायकेला में शनिवार को अस्पताल उपाधीक्षक डॉ नकुल प्रसाद चौधरी के अध्यक्षता में मासिक दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए 93 दिव्यांग जनों की जांच कर प्रमाण पत्र दिया गया। दिव्यांगता जांच शिविर में अस्थि रोग संबंधित 50,दृष्टि दोष के 11 एवं मानसिक विकलांगता के 26 तथा नाक कान गला विकलांगता के 6 सहित कुल 93 दिव्यांग जनों की जांच की गई। अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ आलोक रंजन, नेत्र विशेषज्ञ डॉ सलीन सोसन टेपनो, नाक कान गला के डॉ रोहित झा एवं मानसिक विकलांगता की डॉ महेश्वर हेंब्रम अपने अपने सहयोगी टीम सदस्यों के साथ विकलांगता की जांच की।

## मनोहरपुर में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर साइकिल सवार की मौत

**जगन्नाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के मनोहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मनोहरपुर-छोटानागरा मुख्य मार्ग दुरदुरी पुलिया के पहले सड़क हादसा हो गया. इस हादसे में साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया. आनन-फानन में वृद्ध को मनोहरपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक बुधराम सुरीन 59 वर्षीय डिंबुली गांव के मुंडा टोला का रहने वाला था. मनोहरपुर पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए अनुमंडल अस्पताल चक्रधरपुर भेज दिया है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि बुधराम सुरीन सुबह साइकिल से जा रहे थे. तभी दुरदुरी पुलिया के पहले तीखा मोड़ पर एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गये. उनके सिर पर गंभीर और शरीर के अन्य हिस्सों में अंदरूनी चोट आयी. जिसकी वजह से अस्पताल ले जाते समय ही उन्होंने दम तोड़ दिया.

## आदिवासी उच्च विद्यालय बांगुड़दा में नए खेल शिक्षक ने दिया योगदान



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड के आदिवासी उच्च विद्यालय बांगुड़दा में शनिवार को नए शिक्षक राहुल कुमार ने योगदान दिया। प्रार्थना सभा में प्रधानाध्यापक सुजीत कुमार सेठ ने उनको पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। श्री सेठ ने बताया कि नए शिक्षक राहुल कुमार का योगदान खेल शिक्षक के रूप में हुआ है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को अब विभिन्न प्रकार खेलकूद में भी जानकारी हासिल करेगी। उन्होंने बताया कि प्रखंड, जिला और प्रमंडल स्तर में होने वाले विभिन्न प्रकार खेलकूद प्रतियोगिता में यंहा के विद्यार्थियों ने गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन कर चुके हैं। अब नए खेल शिक्षक के योगदान होने पर राज्य स्तर पर भी बच्चों ने विद्यालय का नाम रोशन कर पाएंगे। मौके पर विद्यालय के शिक्षक जयंत रजक, प्राण कृष्ण कुंभकार, वकील राम समेत अन्य कई शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## ट्रेक मेंटेनर सेफ्टी को कार्यकारी अध्यक्ष चांद मोहम्मद का एक दिवसीय दौरा



**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनेंस यूनियन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चांद मोहम्मद ने अपने टीम के साथ एक दिवसीय दौरा इंजीनियरिंग ट्रेनिंग स्कूल में किया। इस दौरान उन्होंने ट्रैक मेंटेनर से सेफ्टी के बारे में बात की और कुछ अहम जानकारियां दी। चांद मोहम्मद ने दिशा निर्देश देते हुए कहा की ट्रेक मेंटेनर भाईयो से अपील किया कि ठंडी के मौसम मे पेट्रोलिंग के दौरान सभी ट्रैक मेंटेनर विशेष सावधानी बरते, नाइट पेट्रोलिंग के दौरान मोबाइल फोन बिल्कुल इस्तेमाल न करें, नाइट पेट्रोलिंग में हेडफोन लगाकर पेट्रोलिंग ना करें। नशीले पदार्थ का बिल्कुल भी सेवन न करें, सेफ्टी की पूरी सामग्री अपने साथ लेकर चले। पेट्रोलिंग के दौरान किसी भी प्रकार का अप्रिय घटना होती है तो तुरंत आप अपने अधिकारी से संपर्क करें।

### उपायुक्त मंजूनाथ ने दो दिवसीय जिला स्तरीय जलछाजन कार्यशाला का किया शुभारंभ, बोले

# शहरी क्षेत्र में पानी के प्राकृतिक स्रोत का हो रहा अतिक्रमण



**जलछाजन में बेहतर कार्य करने वाले लाभुकों को किया गया सम्मानित**

जिले में वर्तमान में धालभूमगढ़, चाकुलिया एवं घाटशिला प्रखंड में वृहद स्तर पर जलछाजन के कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उपायुक्त द्वारा जलछाजन के क्षेत्र में कार्य करने वाले 7 लाभुकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में झारखंड जलछाजन परियोजना एवं प्रधानमंत्री कृषि संचाई योजना-जलछाजन विकास अव्यय 2.0 के तहत दो दिवसीय जिला स्तरीय जलछाजन कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया । मौके पर उप विकास आयुक्त, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी तथा कृषि स्थाई समिति के अध्यक्ष सचिव, जलछाजन समिति के अध्यक्ष सचिव, उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाभुक मौजूद रहे। उपायुक्त ने अपने संबोधन में वर्षा जल प्रबंधन एवं अंडर ग्राउंड वॉटर रिचार्ज पर बल देते हुए कहा कि आने वाले समय में हमें पानी की समस्या नहीं हो इसके लिए अभी से ही कार्य करने होंगे। शहरी क्षेत्र में विशेषकर पानी के प्राकृतिक स्रोत का अतिक्रमण किया जा रहा। वर्षा जल का बेहतर तरीके से उपयोग नहीं किया गया तो आने वाले वर्षो में आवश्यकतानुरूप हमें पानी नहीं मिल पायेगा । उन्होंने कहा कि जल छाजन प्रबंधन कार्यक्रम का उद्देश्य है पर्यावरण में सही संतुलन को स्थापित करना, मिट्टी के कटाव को रोकना, प्राकृतिक वनस्पतियों को पुनर्जीवित करना, वर्षा जल का संरक्षण कर भूजल को बढ़ावा देना, मिश्रित खेती तथा खेती की नई तकनीकों को बढ़ावा देना व टिकाऊ जीविकोपार्जन पद्धति को बढ़ावा देना है ।

## सुख-समृद्धि की कामना के साथ की गई मां लक्खी की पूजा



**कांड्रा, गम्हरिया समेत आसपास के क्षेत्रों में पारंपरिक विधि विधान से धन-धान्य की देवी मां लक्खी की पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की गई।**

**कांड्रा बाजार स्थित मंदिर में माता लक्खी की भव्य प्रतिमा स्थापित कर पवित्र मंत्रोच्चारण के साथ उनकी पूजा-अर्चना की गई।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** कांड्रा, गम्हरिया समेत आसपास के क्षेत्रों में पारंपरिक विधि विधान से धन-धान्य की देवी मां लक्खी की पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की गई। इस मौके पर कांड्रा बाजार स्थित मंदिर में माता लक्खी की भव्य प्रतिमा स्थापित कर पवित्र मंत्रोच्चारण के साथ उनकी पूजा-अर्चना की गई। इस पूजनोत्सव में काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूजा के बाद कांड्रा बाजार कमेटी के अध्यक्ष संजय मोहंती के द्वारा श्रद्धालुओं के बीच प्रसादस्वरूप खीर वितरण किया गया। इसके आयोजन में कमेटी के सचिव सरोज बर्मन, उपसचिव निर्मल बर्मन, उपाध्यक्ष प्रेमचंद्र मार्डी, उपाध्यक्ष संजय हलदर, करमू मंडल, सुमित सेन, जितेंन महतो, विकास सिंह आदि की भूमिका रही।

## गोलमुरी जॉगर्स पार्क काली पूजा कमिटी का पुनर्गठन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** गोलमुरी के आकाशदीप प्लाज़ा से सटे जॉगर्स पार्क में नवयुवक चेतना मंच द्वारा आयोजित काली पूजा को लेकर शुक्रवार को पार्क में बैठक हुई, जिसमें कमिटी के पुनर्गठन सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये. सोमवार को पूजा पंडाल निर्माण के लिए विधिवत भूमि पूजन का आयोजन तय है. पूजा आयोजन के आशय में सर्वसम्मति से कमिटी का विस्तार हुआ जिसमें रामेश्वर कुमार को लगातार दूसरी बार अध्यक्ष होंगे. वहीं

**रामेश्वर होंगे अध्यक्ष**

विद्या मिश्रा और विशु सिंह को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है. वहीं मुख्य संरक्षक - कमल किशोर (सेवानिवृत्त पुलिस उपाधिक्षक), संरक्षक - अंजनी पांडेय एवं जेपी सिंह संस्थापक - मंटू तिवारी, मुख्य संयोजक - दिलीप केशरी और पप्पू उपाध्याय, संयोजक - अप्पू तिवारी एवं अंकित आनंद, अध्यक्ष - रामेश्वर कुमार, उपाध्यक्ष - बिनोद सिंह एवं जय सिंह और कोषाध्यक्ष - रिषभ सिंह एवं सूरज ओझा बनाए गए।

# नगर पालिका सेवा संवर्ग संयुक्त परीक्षा आज

### 10 परीक्षा केंद्रों पर 8500 परीक्षार्थी होंगे शामिल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लाना वर्जित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** झारखंड नगर पालिका सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 पूर्वी सिंहभूम जिले के 10 परीक्षा केंद्रों में रविवार, 29 अक्टूबर 2023, को आयोजित की जाएगी। परीक्षा को स्वच्छ वातावरण, शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त संपन्न कराने के लिए जिला उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। सिटी एसपी मुकेश लुणायत, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजीव रंजन, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी दीपू कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी निर्मला बरेलिया, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार बैठक में मौजूद रहे। सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टैटिक दंडाधिकारी सह सेन्टर ऑब्जर्वर के साथ पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा गश्ती दंडाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल तथा सभी परीक्षा केंद्र के लिए उड़न दस्ता दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।

**परीक्षा तीन पालियों में होगी आयोजित:** उपायुक्त ने बताया कि उपरोक्त परीक्षा में लगभग 8500 परीक्षार्थी शामिल होंगे। 8:15 के पश्चात किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा हॉल के अंदर आने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा तीन पालियों में आयोजित होगी, परीक्षार्थी अपने साथ परीक्षा केंद्र परिसर तक अल्पाहार ला सकते हैं। सभी केंद्रों पर सुबह 8:30 बजे से 10:30 बजे तक प्रथम शिफ्ट, सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 तक द्वितीय शिफ्ट तथा दोपहर 3:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक तृतीय शिफ्ट में परीक्षा आयोजित की जाएगी।

**जिले के परीक्षा केंद्र:** जिले में आर.के.एल लेडी इंदिरा सिंह हाई स्कूल, इंदिरानगर, गुलमोहर हाई स्कूल टेल्को, वैली व्यू स्कूल, अशोकनगर, विद्या भारती चिन्मया विद्यालय, टेल्को, शिक्षा निकेतन टेल्को, बारीडीह हाई स्कूल, बारीडीह, जमशेदपुर पब्लिक स्कूल, बारीडीह, केरला पब्लिक स्कूल, मानगो, दयानन्द पब्लिक स्कूल, साक्ची, राजेन्द्र विद्यालय, साक्ची में परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा के दौरान इलेक्ट्रॉनिक उपकरण यथा मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, ईयरफोन, डिजिटल डायरी, कैलकुलेटर, पेपर, गेजेट्स तथा लॉग बुक, पुस्तक, नोटबुक, इत्यादि परीक्षा हॉल में मनाही है। उड़ान दस्ता दण्डाधिकारी को परीक्षा केंद्र के अंदर एवं बाहर गैर कानूनी एवं अनुचित गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने, अपने संबंधित परीक्षा केंद्रों में जेएसएससी जोनल आब्जर्वर के रूप में कार्य करते हुए निष्पक्ष, कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न करने का निर्देश दिया है।

## कराईकेला में धूमधाम से मनी मां लक्ष्मी की पूजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चक्रधरपुर :** कराईकेला एवं आसपास के गांवों में शनिवार को धन देवी मां लक्ष्मी की पूजा हुई।पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं ने सुख - समृद्धि के लिए धन देवी की पूजा - अर्चना की। जानकारी हो कि प्रत्येक वर्ष की भांति करायकेला बाजार परिसर में लक्ष्मी पूजा समिति लक्ष्मी पूजा का भव्य आयोजन किया गया है। माँ लष्मी के घट समीर सारंगी ,लोकनाथ सारंगी, बिजय शरण, द्विजराज प्रजापति, चंदन प्रजापति, प्रशांत कुमार साहू, अरुण साहू ,तुलशी महतो,राजीव सारंगी ने गाजे बाजे के साथ पंडाल लाये। यहां के ग्रामीण लक्ष्मी पूजा को त्योहार के रूप में मनाते हैं और उपवास व्रत रख घर - घर में धनदेवी की पूजा करते हैं। पूजा पंडाल एवं पूजा देखने समाजसेवी डॉ विजय सिंह गागराई समेत काफी संख्या में महिला एवं पुरूष पूजा पंडाल पहुंचे।

## डीसी ने की ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला द्वारा समुदायिक भवन सरायकेला स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। भारत निर्वाचन आयोग-नई दिल्ली के निर्देशानुसार यह नियमित रूटीन जांच किया जाता है। जांच के समय जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी कानूराम नाग एवं जिला जन संपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। जांच के क्रम ईवीएम वेयर हाउस में विधि-व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। मल्टीपर्पस हॉल, वेयर हाउस में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे, भवन की स्थिति, तैनात सुरक्षा बल, अग्निशमन सिलेंडर सहित सुरक्षा संबंधी अन्य साधनों का निरीक्षण किया गया।

# साकची धालभूम क्लब में मारवाड़ी महिला मंच के डांडिया धमाल में जमकर थिरकी महिलाएं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** धालभूम क्लब साकची में मारवाडी महिला मंच जमशेदपुर शाखा का डांडिया धमाल नाइट धूमधाम से मनाया गया। संगीत, नृत्य और आनंद से भरी सुनहरी शाम महिलाओं के लिए यादगार बन गई। मंच की अध्यक्ष बीना अग्रवाल और सचिव सीमा अग्रवाल के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित हुए कार्यक्रम में रंग बिरंगी आकर्षक पोशाक पहनी हुई लगभग 200 से अधिक महिलाएं शामिल हुई। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत महिला मंच के सदस्यों के द्वारा गणेश भगवान के प्रतिमा में पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। डांडिया नृत्य की शुरुआत गणेश वंदना के साथ की गई। जिसमें मारवाड़ी महिला मंच की तमाम सदस्यों ने भाग लिया। डांडिया नृत्य के कार्यक्रम के बाद सदस्यों के लिए खाने पीने की भी व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम का सफल संचालन एंकरिंग ट्विंकल द्वारा किया गया। म्यूजिशियन डीजे अमित आकर्षण का केन्द्र बना रहा। उद्घाटन के अवसर पर बतौर अतिथि बार एसोसिएशन के महामंत्री अनिल तिवारी, सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स की प्रथम महिला कार्यकारिणी सदस्य सुमन नागेलिया, मंच की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मंजू खंडेलवाल, सचिव प्रभा पाडिया उपस्थित थे। कार्यक्रम में जय डोकनिया, बीना खिरवाल, कंचन खिरवाल, सुशीला खिरवाल, विभा दुदानी, सरस्वती अग्रवाल, मंजू मुस्सदी, शिल्पी अग्रवाल, मीना अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, सीमा जवानपुरिया, रानी अग्रवाल, ललिता सरायवाला, उर्मिला मित्तल, सरोज कवाटिया, पूनम चौधरी आदि उपस्थित थे।

## अंकुर अपार्टमेंट में सोनारी थाना प्रभारी व शांति समिति सचिव हुए सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** सोनारी अंकुर अपार्टमेंट के लोगों ने सोनारी थाना प्रभारी विष्णु रावत एवं सोनारी थाना शांति समिति के सचिव अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू को शॉल ओढ़ाकर व गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। फ्लैट वासियों ने बताया कि पूरे शहर में सोनारी में खासकर दुर्गा पूजा के दौरान शांति व्यवस्था अच्छी रही है। पुलिस वास्तव में एक अच्छे मित्र और मार्गदर्शक के रूप में नजर आई है इसके लिए वह बधाई की पात्र है। इसके साथ ही सब इंस्पेक्टर पंकज कुमार को भी शॉल देकर एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर सरबजीत सिंह बॉबी, शांतनु सरकार, विश्वनाथ प्रसाद, सुब्रत सरकार, सुभाष चौधरी, राजा मोइत्रा, डीके चक्रवर्ती, आदि उपस्थित थे।

## संपादकीय

# रील्स की 'बीमार' युवा पीढ़ी

**आज** हम एक सामाजिक और मनोविकारी समस्या का विश्लेषण करेंगे, जो हमारी युवा पीढ़ी को खोखला कर रही है। अमरीका के 50 राज्यों में से 42 की राज्य सरकारों ने फेसबुक, व्हाट्स एप और इंस्टाग्राम की कंपनी 'मेटा' के खिलाफ आपराधिक केस दर्ज किया है। सोशल मीडिया के ये मंच वहां की युवा पीढ़ी को 'बीमार' कर रहे हैं और गुस्सैल बना रहे हैं। नतीजतन यह पीढ़ी पढ़ाई-लिखाई, कारोबार या करियर, सामाजिक-पारिवारिक जिम्मेदारियां भूलती जा रही है और हमलावर बनकर नकारापन की ओर अग्रसर है। यदि भारत के संदर्भ में आकलन करें, तो हमारी नौजवान पीढ़ी भी मोबाइल की आदी हो गई है। उसे अलग-अलग एप्स पर दुनिया भर के वीडियो, रील्स देखते रहने की लत लग गई है। भारत में करीब 38.1 करोड़ युवा 15-29 साल के वर्ग में हैं। यह पढ़ने-लिखने, खेलने और एक बेहतर करियर बनाने की उम्र है। भारत को इस युवा पीढ़ी पर ही नाज और गर्व है। इसी के आधार पर भारत विश्व का सबसे 'युवा राष्ट्र' है। हमें इस नौजवान कार्य-बल पर गर्व और स्वाभिमान है, क्योंकि यह देश के दायित्वों को संभाल सकता है। हमारी अर्थव्यवस्था का भी बुनकर है, लेकिन मोबाइल हमारी युवा पीढ़ी को खोखला और मानसिक तौर पर अस्थिर बना रहा है। मोबाइल उत्पादन में भारत विश्व में दूसरे स्थान का देश है। इस पर हम इतराते रहते हैं। भारत में औसतन 60 लाख रील्स या वीडियो हररोज बनाए जाते हैं, क्योंकि सोशल मीडिया को 40 करोड़ से अधिक भारतीय देखते या इस्तेमाल करते हैं। एक और अध्ययन के मुताबिक, करीब 45 फीसदी आबादी सोशल मीडिया की शौकीन है। रील्स को देखने या उन पर टिप्पणियां करने में औसतन युवा हररोज 3-4 घंटे खर्च करता है। ये रील्स कोई शैक्षिक या पेशेवर नहीं होतीं। ज्यादातर रील्स में कोई नाचता-गाता या अभिनय करता दिखाई देता है अथवा कोई चुटकुले सुनाता है या विभिन्न पोशाकों की प्रदर्शनी भी करता है। डेटिंग और रिलेशनशिप की रील्स की बहुत बड़ी दुनिया है। युवाओं का शौक होना स्वाभाविक है तथा वे दोस्ती करने या अंततः संबंध बनाने में रील्स पर बहुत वक्त लगाते हैं। कई रील्स या वीडियो अश्लील भी होते हैं। हमारी युवा पीढ़ी को मोबाइल पर रील्स या वीडियो देखने, बनाने की ऐसी लत लग गई है कि वह डिप्रेशन, चिंता, अनिद्रा, अवसाद, आंखों की बीमारियों, पोस्ट ट्रॉमैटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर आदि मानसिक बीमारियों की शिकार होती जा रही है। कोरोना महामारी ने भी हमें मानसिक तौर पर बीमार किया है। उसके कारण भी मामले बढ़ते जा रहे हैं। गंभीर मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के कारण अमरीकी अर्थव्यवस्था को 16 लाख करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। भारत के संदर्भ में अभी ऐसा डाटा उपलब्ध नहीं कराया गया है। कोरोना के अलावा भी हमारे नौजवान इन मनोविकारों को आमंत्रित कर रहे हैं। भारत में युवा पीढ़ी के ऐसे व्यवहार पर लगाम लगाने को कोई कानून या आचार संहिता नहीं है। अमरीका में तो करीब 32 फीसदी युवा मानसिक बीमारियों से जूझ रहे हैं, नतीजतन गोलीबारी की घटनाएं आम हैं, लेकिन भारत में फिलहाल ऐसे सार्वजनिक अध्ययन सामने नहीं आए हैं। अलबत्ता यह लत ऐसी लग गई है, जो सिगरेट से भी ज्यादा घातक है। युवा लोग मोबाइल को आंखों के करीब लाकर घंटों एप्स को देखते हैं, लिहाजा मोबाइल का रेडिएशन आंखों को प्रभावित करता रहता है। चीन ने तो इस संदर्भ में कानून बना दिया है कि किस आयु-वर्ग का किशोर या युवा कितने वक्त तक मोबाइल देख सकता है। यदि उसका उल्लंघन होता है, तो संबद्ध कंपनियों की जवाबदेही तय की जाती है और उन पर जुर्माना भी ठोंका जाता है। हमारा मानना है कि भारत में एक बहस या विमर्श आयोजित किया जाना चाहिए कि सोशल मीडिया कितना अनिवार्य और पेशेवर तौर पर सहायक है। भारत में भी कोई कानूनी व्यवस्था बने, क्योंकि रील्स का धंधा जानलेवा भी होता जा रहा है। रील्स बनाते हुए कई दुर्घटनाएं भी सामने आई हैं और अनहोनियां भी हुई हैं। यह बेहद संवेदनशील मुद्दा है कि क्या हम अपनी युवा पीढ़ी को बेवजह ही बीमार होने देंगे।

सोशल मीडिया के ये मंच वहां की युवा पीढ़ी को 'बीमार' कर रहे हैं और गुस्सैल बना रहे हैं। नतीजतन यह पीढ़ी पढ़ाई-लिखाई, कारोबार या करियर, सामाजिक-पारिवारिक जिम्मेदारियां भूलती जा रही है और हमलावर बनकर नकारापन की ओर अग्रसर है। यदि भारत के संदर्भ में आकलन करें, तो हमारी नौजवान पीढ़ी भी मोबाइल की आदी हो गई है। उसे अलग-अलग एप्स पर दुनिया भर के वीडियो, रील्स देखते रहने की लत लग गई है। भारत में करीब 38.1 करोड़ युवा 15-29 साल के वर्ग में हैं। यह पढ़ने-लिखने, खेलने और एक बेहतर करियर बनाने की उम्र है। भारत को इस युवा पीढ़ी पर ही नाज और गर्व है। इसी के आधार पर भारत विश्व का सबसे 'युवा राष्ट्र' है। हमें इस नौजवान कार्य-बल पर गर्व और स्वाभिमान है, क्योंकि यह देश के दायित्वों को संभाल सकता है। हमारी अर्थव्यवस्था का भी बुनकर है, लेकिन मोबाइल हमारी युवा पीढ़ी को खोखला और मानसिक तौर पर अस्थिर बना रहा है। मोबाइल उत्पादन में भारत विश्व में दूसरे स्थान का देश है। इस पर हम इतराते रहते हैं। भारत में औसतन 60 लाख रील्स या वीडियो हररोज बनाए जाते हैं, क्योंकि सोशल मीडिया को 40 करोड़ से अधिक भारतीय देखते या इस्तेमाल करते हैं। एक और अध्ययन के मुताबिक, करीब 45 फीसदी आबादी सोशल मीडिया की शौकीन है। रील्स को देखने या उन पर टिप्पणियां करने में औसतन युवा हररोज 3-4 घंटे खर्च करता है। ये रील्स कोई शैक्षिक या पेशेवर नहीं होतीं।

## कुछ अलग

# नशे के सुराख

**मौत** ने फिर मापा शिक्षा का सदन, हाथों में किताब लिए नशा था मगन। अब तो प्रतिष्ठित संस्थानों के आंगन में चिता जलने लगी, वहां मेरा बेटा पढ़ रहा था नशा। जो छात्र एनआईटी हमीरपुर में आया था, जाहिर है उसका भविष्य ही उसे लाया था, लेकिन सुराग बताते हैं कि कितने सुराख हैं नशे को बुलाने के लिए। इस घटना के बाद सहमा कौन और किसने नैतिक जिम्मेदारी मानी। अलबत्ता संस्थान ने इस आपराधिक गलती के लिए कुछ सूलियां चुनीं और उन पर अगले हुक्म के पोस्टर टांग दिए। यह पहली घटना नहीं, कमोबेश हर संस्थान के बाहर नशे का कारोबार खड़ा है। यह बच्चा बेशक हमीरपुर में मरा था, लेकिन मौत तो लंबे रास्ते से ही आई। किस सीमा से आई, किसकी चौकसी से आई, हैं लंबे हाथ जिनके, वे सबूत दिखाई नहीं देते। संस्थान की परिपाटी में शिकार हुए छात्र के इर्द-गिर्द हम कुछ हद तक प्रशासनिक लापरवाही देख लेंगे, लेकिन एक अदृश्य माहौल में नशा तो फेरी लगा रहा है। वह हमीरपुर में मिला, पहले किसी अन्य शहर में घूमा और इस वक्त हर शिक्षण संस्थान के ऊपर अपनी काली छाया लिए मौजूद है। यह रैकेट गंभीर है। यहां पीढ़ी को परामर्श और कानून व्यवस्था को कारगर होने की जरूरत है। नशे के खिलाफ पुलिस व्यवस्था ही अंतिम उपाय नहीं, फिर भी नए दौर की कानून व्यवस्था में विभाग की रूपरेखा बदलनी होगी। हिमाचल में पुलिस जिस अपराध की शिनाख्त में चल रही है, उसके लक्षण, उसकी व्यस्तता, उसका ढर्रा, उसका चरित्र पूरी तरह बदल चुका है। वह रात के अंधेरे में नहीं, दिन के उजाले में सफेदपोश बना घूम रहा है। वह युवाओं के पीछे अगर अपने मंतव्य लिए घुलमिल रहा है, तो समाज के हर वर्ग से गलबहियां भी कर रहा है। सामाजिक अस्तव्यस्तता, पैसों की भूख, खुलापन, प्रगति को परिमार्जित करने की लालसा और अपने संघर्षों की दास्तान में आए बिखराव पर आपराधिक प्रवृत्तियों की स्वच्छंदता घुसपैठ कर रही है। हिमाचल में कुछ शहर शिक्षा के हब बन कर ऐसी ही स्वछंद संस्कृति के प्रतीक भी बन रहे हैं। शिमला, धर्मशाला, हमीरपुर, मंडी व सोलन के अलावा हिमाचल में दर्जन भर ऐसे शहर विकसित हो गए हैं, जहां युवा महत्त्वाकांक्षा उनसे जबरन मेहनत करा रही है। प्रतिस्पर्धा के आलम में जीती युवा पीढ़ी अपने ही सपनों से आजिज आकर अगर नशे का रास्ता चुनती है, तो अंजाम भयावह है। कुछ सोहबत का नशा भी है, जो वास्तविक नशे को आदत बना रहा है। ऐसे में स्कूल-कालेज खोलते हुए हमने यह नहीं सोचा कि करियर की परवरिश के लिए युवाओं को कैसे परिपक्व किया जाए।

## तीन स्थानों पर गोलीबारी करने के बाद हत्यारा घटनास्थल से भागने में सफल हुआ है

# बन्दूक-संस्कृति से दागदार होती अमेरिकी छवि

ललित गर्ग

अमेरिका में एक हत्यारे ने गोलियां बरसाकर करीब 21 लोगों को मौत की नींद सुला दिया और कई को जख्मी कर दिया है। तीन स्थानों पर गोलीबारी करने के बाद हत्यारा घटनास्थल से भागने में सफल हुआ है। आश्चर्यकारी है कि दुनिया की सबसे दुरस्त एवं सक्षम अमेरिकी पुलिस एक हत्यारे को पकड़ने में इतनी लाचार हो गई कि उसे सहयोग के लिए आम लोगों से अपील करनी पड़ी। हिंसा की बोली बोलने वाला, हिंसा की जमीन में खाद एवं पानी देने वाला, दुनिया में हथियारों की आंधी लाने वाला अमेरिका अब खुद हिंसा का शिकार हो रहा है।

**दुनिया** में स्वयं को सभ्य एवं स्वयंभू मानने वाले अमरीका में बढ़ रही 'बंदूक संस्कृति' के साथ-साथ लोगों में बढ़ रही असहिष्णुता, हिंसक मनोवृत्ति और आसानी से हथियारों की सहज उपलब्धता का दुष्परिणाम बार-बार होने वाली दुखद घटनाओं के रूप में सामने आना चिन्ताजनक है। अमेरिका में एक हत्यारे ने गोलियां बरसाकर करीब 21 लोगों को मौत की नींद सुला दिया और कई को जख्मी कर दिया है। तीन स्थानों पर गोलीबारी करने के बाद हत्यारा घटनास्थल से भागने में सफल हुआ है। आश्चर्यकारी है कि दुनिया की सबसे दुरस्त एवं सक्षम अमेरिकी पुलिस एक हत्यारे को पकड़ने में इतनी लाचार हो गई कि उसे सहयोग के लिए आम लोगों से अपील करनी पड़ी। हिंसा की बोली बोलने वाला, हिंसा की जमीन में खाद एवं पानी देने वाला, दुनिया में हथियारों की आंधी लाने वाला अमेरिका अब खुद हिंसा का शिकार हो रहा है। अमेरिका की आधुनिक सभ्यता की सबसे बड़ी मुश्किल यही रही है कि यहां हिंसा इतनी सहज बन गयी है कि हर बात का जवाब सिर्फ हिंसा की भाषा में ही दिया जाने लगा। वहां हिंसा का परिवेश इतना मजबूत हो गया है कि वहां की बन्दूक-संस्कृति से वहां के लोग अपने ही घर में बहुत असुरक्षित हो गए थे। अमेरिका को अपनी बिगड़ती छवि के प्रति सजग होना चाहिए क्योंकि यह एक बदनुमा दाग है जो उसकी अन्तर्राष्ट्रीय छवि को आघात लगा रहा है। दुनिया में बंदूक की संस्कृति को बल देने वाले अमेरिका के लिये अब यह खुद के लिये एक बड़ी समस्या बन चुकी हैं। अमेरिका घृणा, अपराध, हिंसा और बंदूक संस्कृति के गढ़ के रूप में पहचान बना रहा है। किसी सिख या किसी मुस्लिम बच्चे की हत्या हो या किसी अश्वेत पर बर्बरता, अमेरिका की स्थिति लगातार निंदनीय, डरावनी एवं असंतुलित होती जा रही है। कोई भी सामान्य सा दिखने वाला आदमी हथियार लेकर आता है और अनेक लोगों की जान ले लेता है। नवीनतम घटना 25 अक्तूबर को देर रात 'एंड्रोस्कोगिन काऊंटी' के अंतर्गत पडने वाले लेविस्टन में हुई, इस हादसे का सबसे खराब पहलू यह है कि अनेक लोग भगदड़ की वजह से घायल हुए तो अनेक हत्यारे की गोलियों से गहरी नींद सो गये हैं। नरसंहार के कथित आरोपी 40 वर्षीय रॉबर्ट कार्ड को पुलिस ने हथियारबंद और खतरनाक व्यक्ति माना है, पर सवाल है कि क्या वह रातों-रात हत्यारा एवं हिंसक हुआ है? हत्यारा रॉबर्ट कार्ड अमेरिकी सेना से जुड़ा रहा है और आग्नेयास्त्र प्रशिक्षक है। मानसिक अस्वस्थता एवं मनो विकारों से ग्रस्त हत्यारे के खिलाफ



अनेक शिकायतें पहले भी मिल चुकी थी, प्रश्न है कि उन्हें क्यों नहीं गंभीरता से लिया गया। अमेरिका में आए दिन ऐसी खबरें आती रही कि किसी सिरफिरे ने अपनी बंदूक से कहीं स्कूल में तो कभी बाजार में अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और उसमें नाहक ही लोग मारे गए। अब तो अमेरिकी बच्चों के हाथों में भी बन्दूकें हैं। इसके पीछे एक बड़ा कारण वहां आम लोगों के लिए हर तरह के बंदूकों की सहज उपलब्धता है और इन बन्दूकों का उपयोग मामूली बातों और उन्मादग्रस्त होने पर अंधाधुंध गोलीबारी में होता रहा है, जो गहरी चिन्ता का कारण बनता रहा। आम जन-जीवन में किसी सिरफिरे व्यक्ति की सनक से किसी बड़ी अनहोनी का अन्देशा हमेशा वहां बना रहता है, वहां की आस्थाएं एवं निष्ठाएं इतनी जख्मी हो गयी कि विश्वास जैसा सुरक्षा-कवच मनुष्य-मनुष्य के बीच रहा ही नहीं। साफ चेहरों के भीतर कौन कितना बदसूरत एवं उन्मादी मन समेटे है, कहना कठिन है। अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। अब तो दुनिया के साथ-साथ अमेरिका स्वयं ही इन हथियारों एवं हिंसक मानसिकता का शिकार है। दरअसल, अमेरिका अपने यहां नफरत, मानसिक असंतुलन, विद्रोह एवं असंतोष रोकने के अभियान में नाकाम हो रहा है। एफबीआई की वार्षिक अपराध रिपोर्ट रेखांकित करती है कि बंदूक संस्कृति एवं इससे जुड़ी हिंसा बहुत व्यापक हो गई है। पिछले साल अमेरिका में लगभग पांच लाख हिंसक अपराधों में बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था। वर्ष 2020 में बंदूक संस्कृति अमेरिकी बच्चों की मौत का मुख्य कारण बन गई और 2022 में हालात और बदतर हो गए। जान गंवाने वाले बच्चों की संख्या 12 प्रतिशत बढ़ गई। इन हालातों में अमेरिका किस तरह दुनिया का आदर्श बन सकता है। जबकि दुनिया अमेरिकी संस्कृति का अनुसरण करती है, वहीं अमेरिका तमाम देशों की सामाजिक व मानवाधिकार रिपोर्ट जारी करता है। अमेरिका अगर अपनी कथनी-करनी का भेद मिटाने की ओर बढ़े, तो उसके साथ-साथ दुनिया को ज्यादा फायदा होगा। राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार अमरीका में 'बंदूक संस्कृति' बढ़ाने में वहां की नकारात्मक राजनीति की बड़ी भूमिका है। आम जनता तो हथियारों पर अंकुश लगाने के पक्ष में है परंतु अपने निहित स्वार्थों के कारण अमरीका में हथियारों को बढ़ावा देने वाली वहां की सशक्त हथियार लॉबी और राजनीति से जुड़े लोग इस पर अंकुश नहीं लगने देते। जब भी बंदूक संस्कृति पर नियंत्रण करने की बात उठती है तो हथियार रखने के संवैधानिक अधिकार की कट्टर समर्थक मानी जाने वाली 'रिपब्लिकन पार्टी' के नेता और उनके समर्थक इसके विरोध में उतर आते हैं जिनके सामने डैमोक्रेटिक पार्टी बेबस होकर रह जाती है। पिछले साल जून में भारी तादाद में लोगों ने सड़कों पर उतर कर बंदूकों की खरीद-बिक्री से संबंधित कानून को बदलने की मांग की। जरूरत इस बात की है कि इस समस्या के पीड़ितों को राहत देने के साथ-साथ बंदूकों के खरीददार से लेकर इसके निर्माताओं और बेचने वालों पर भी सख्त कानून के दायरे में लाया जाए। विडम्बना देखिये कि अमेरिका दुनिया का सबसे अधिक शक्तिशाली और सुरक्षित देश है लेकिन उसके नागरिक सबसे अधिक असुरक्षित और भयभीत नागरिक हैं। वहां की जेलों में आज जितने कैदी हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं। ऐसे कई वाकये हो चुके हैं कि किसी रेस्तरां, होटल या फिर जमावड़े पर अचानक किसी सिरफिरे ने गोलीबारी शुरू कर दी और बड़ी तादाद में लोग मारे गए। खुद सरकार की ओर से कराए गए एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया था कि अमेरिका में सत्रह साल से कम उम्र के करीब तेरह सौ बच्चे हर साल बंदूक से घायल होते हैं। अमेरिकी प्रशासन को 'बंदूक संस्कृति' ही नहीं बल्कि हथियार संस्कृति पर भी अंकुश लगाना होगा, अब तो दुनिया को जीने लायक बनाने में उसे अपनी मानसिकता को बदलना होगा। किसी भी संवेदनशील समाज को इस स्थिति को एक गंभीर समस्या के रूप में देखना-समझना चाहिए। यह बेवजह नहीं है कि जिस अमेरिका में ज्यादातर परिवारों के पास अलग-अलग तरह की बंदूकें रही हैं, वहां अब इस हथियार की संस्कृति के खिलाफ आवाजें उठनी शुरू हो गई हैं। देर आये दुरस्त आये की कहावत के अनुसार अमेरिका की आंखे खुले तो अमेरिका के साथ दुनिया को एक शांति एवं अहिंसा का सन्देश जायेगा।

# कुत्तों के हमलों में क्षति को उत्तरदायी कौन

चीफ जस्टिस के साथ बैठे दूसरे जज जस्टिस पीएस नरसिम्हा ने कहा कि आवारा कुत्तों को लेकर इस तरह की समस्या एक गंभीर समस्या है। कोर्ट में मौजूद सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इसे गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि आए दिन कुत्तों के काटने के मामले सामने आ रहे हैं। यहां तक कि छोटे और अबोध बच्चों के मौत की खबरें भी काफी विचलित करती हैं। सॉलिसिटर जनरल की चिंता से सहमति जताते हुए चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा था कि दो साल पहले मेरा लॉ क्लर्क गाड़ी पार्क कर रहा था, तभी आवारा कुत्तों ने उसे घेर लिया था और उस पर हमला कर दिया था। अदालत में दूसरे सीनियर एडवोकेट विजय हंसारिया ने भी चीफ जस्टिस से अनुरोध किया कि इस गंभीर समस्या पर अदालत को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए।
हंसारिया ने कहा कि इस मामले पर देश के अलग-अलग हाईकोर्ट के अलग-अलग फैसलों के चलते एक भ्रम की स्थिति बनी हुई है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट को स्वतः संज्ञान लेकर एक आदेश पारित करना चाहिए।

**वाघ** बकरी चाय समूह के कार्यकारी निदेशक पराग देसाई का आवारा कुत्तों के हमले के दौरान सिर में लगी गंभीर चोट से अहमदाबाद के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। 49 वर्षीय देसाई पर उनके घर के बाहर मौजूद आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया था। यह घटना बताती है कि देश में आवारा पशुओं के नियंत्रण और लचर सरकारी मशीनरी की अनदेखी की हालत क्या है। इससे आम आदमी ही नहीं बल्कि उद्योगपति तक पीड़ित हैं। हर रोज कुत्तों के काटने की सैकड़ों घटनाएं होने के बावजूद केंद्र, राज्यों की सरकारें और स्थानीय निकाय दशकों पुरानी इस समस्या के निदान में विफल रहे हैं। यदि यही हादसा किसी विदेशी पर्यटक के साथ होता तो भारत की विश्व में कितनी किरकिरी होती। इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि विदेशी पर्यटक कभी आवारा कुत्तों के निशाने पर नहीं आ सकते। विधायिका ही नहीं न्यायपालिका भी इस मुद्दे का कोई ठोस समाधान नहीं कर सकी है। इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट की नजर पिछले दिनों तब गई जब सुनवाई के दौरान एक वकील के हाथ में पट्टी बंधी देख कर मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने पूछ लिया। चीफ जस्टिस के साथ बैठे दूसरे जज जस्टिस पीएस नरसिम्हा ने कहा कि आवारा कुत्तों को लेकर इस तरह की समस्या एक गंभीर समस्या है। कोर्ट में मौजूद सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इसे गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि आए दिन कुत्तों के काटने के मामले सामने आ रहे हैं। यहां तक कि छोटे और अबोध बच्चों के मौत की खबरें भी काफी विचलित करती हैं। सॉलिसिटर जनरल की चिंता से सहमति जताते हुए चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा था कि दो साल पहले मेरा लॉ क्लर्क गाड़ी पार्क कर रहा था, तभी आवारा कुत्तों ने उसे घेर लिया था और उस पर हमला कर दिया था। अदालत में दूसरे सीनियर एडवोकेट विजय हंसारिया ने भी चीफ जस्टिस से अनुरोध किया कि इस गंभीर समस्या पर अदालत को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए। हंसारिया ने कहा कि इस मामले पर देश के अलग-अलग हाईकोर्ट के अलग-अलग फैसलों के चलते एक भ्रम की स्थिति बनी हुई है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट को स्वतः संज्ञान लेकर एक आदेश पारित करना चाहिए। सॉलिसिटर जनरल और हंसारिया की मांग पर चीफ जस्टिस ने कहा कि वो इस पर विचार करेंगे। हालांकि पहले भी आवारा कुत्तों के आतंक पर देश के दूसरे राज्यों की कई याचिकाएं सालों से सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं। तमिलनाडु में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और हमलों को लेकर नसबंदी किए जाने के खिलाफ पेटा (पशु अधिकार संगठन) की याचिका हो या केरल और बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिकाएं भी सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं। सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका केरल के कन्नूर की जिला पंचायत की ओर से भी दायर की गई, जिसमें इनसान के लिए खतरनाक हो चुके कुत्तों को उन्हें इन्जेक्शन देकर मार दिए जाने की मांग की गई। दिल्ली हाईकोर्ट के 2021 में आए एक ऐतिहासिक फैसले में आवारा कुत्तों को भोजन के अधिकार की गारंटी दी गई है। साथ ही इसमें चेतावनी भी दी गई है कि इस अधिकार को सुनिश्चित करने में सावधानी बरती जानी चाहिए। इससे बाकी नागरिकों के अधिकारों का हनन नहीं होना चाहिए। जी-20 के आयोजन के दौरान एमसीडी की ओर से सडकों से आवारा कुत्तों को हटाए जाने का मामला दिल्ली हाईकोर्ट में भी उठा। एक जनहित याचिका दाखिल कर आरोप लगाया गया कि कुत्तों को एमसीडी ने अवैध तरीके से पकड़ रखा है। याचिका पर एमसीडी ने दिल्ली हाई कोर्ट में दलील देते हुए कहा है था कि स्ट्रीट डॉग्स को सिर्फ जी-20 इवेंट की वजह से पकड़ा गया था और अब उन्हें उसी इलाके में छोड़ा जा रहा है, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। इन कुत्तों को बगैर नसबंदी के छोड़ा गया। अब यह समस्या देश की राजधानी का भी सिरदर्द बन चुकी है। आवारा कुत्तों और बिल्लियों की संख्या को लेकर दि स्टेट ऑफ पेट होमलेसनेस इंडेक्स डाटा फॉर इंडिया की ओर से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया कि देश में आवारा कुत्तों की संख्या लगभग 6.2 करोड़ है, वहीं ऐसी बिल्लियों की संख्या करीब 91 लाख है। करीब 88 लाख कुत्ते और बिल्लियां शेल्टर होम में हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या से भारत के ऑल पेट्स वांटेड स्कोर में भी गिरावट दर्ज की गई है। 10 अंकों के मानक पर इस समय भारत का स्कोर 2.4 है। रिपोर्ट में यह दावा भी किया गया है कि भारत में 85 फीसदी कुत्ते और बिल्लियां बेघर हैं। रिपोर्ट के अनुसार लगभग 68 फीसदी लोगों का कहना है कि वह हर सप्ताह कम से कम एक आवारा बिल्ली देखते हैं और लगभग 77 फीसदी लोगों ने कहा कि उन्हें आवारा कुत्ते आसानी से देखने को मिल जाते हैं। भारत की 61 फीसदी जनसंख्या दूरी, प्रतिष्ठा या सुविधाओं जैसे व्यावहारिक कारणों के चलते आवारा कुत्तों के काटने के बाद भी पशु चिकित्सक के पास नहीं जाती है। यह दुनियाभर के औसत 31 फीसदी से कहीं ज्यादा है। पीपल्स फॉर एनिमल्स के अनुसार देश में हर 100 लोगों पर आवारा कुत्तों की संख्या कम से कम तीन है। भारत के अलावा दुनिया के बाकी देशों की बात करें तो रिपोर्ट बताती है कि चीन में बेघर कुत्ते और बिल्लियों की संख्या लगभग 7.5 करोड़ है। वहीं, जर्मनी में यह आंकड़ा 20.6 लाख, मैक्सिको में 74 लाख, रूस में 41 लाख, दक्षिण अफ्रीका में 41 लाख और ब्रिटेन में 11 लाख है। रिपोर्ट में इस मामले को लेकर भारत की स्थिति को चिंताजनक बताया गया है। दूसरी तरफ विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि कुत्तों के काटने की वजह से होने वाली रेबीज बीमारी से मौत के मामले में भारत की भागीदारी 36 प्रतिशत है। समस्या के इतने गंभीर होने के बावजूद जिम्मेदार देश का सरकारी तंत्र गफलत में है। आवारा कुत्तों को 1960 के पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा-38 के तहत संरक्षित किया जाता है।

## देश दुनीया से

# बंदरों की समस्या का निकले स्थायी समाधान

**नि:संदेह** हिमाचल प्रदेश बंदर आतंक ग्रसित राज्य है। वर्तमान में उत्पाती बंदर कृषि, पर्यटन, विद्यार्थियों, राहगीरों, महिलाओं व धार्मिक स्थलों के लिए अभिशाप बन चुके हैं। शिमला, कसौली, हमीरपुर, कांगड़ा, सोलन, कंडाघाट, पांवटा साहिब व अन्य कई स्थानों पर बंदर राज है। बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो गया है। दाड़लाघाट के गांव सूली की सातवीं कक्षा में अध्ययनरत छात्रा को हिंसक बंदरों ने आक्रमण कर घायल कर दिया था। प्राथमिक स्कूल बरोटीवाला में दूसरी कक्षा के छात्र की बंदर ने उंगली काट डाली। जाखू में बंदरों ने कई बार सैलानी लहूलुहान किए हैं। उत्पाती बंदर बच्चों, महिलाओं के हाथों से सामान छीन कर ले जाते हैं। आईजीएमसी शिमला भी बंदरों के खौफ से अछूता नहीं है। पूर्व में बंदरों ने अस्पताल में घुसकर मरीजों को काटा है। 2018 में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के छात्रावास की पानी की टंकी में मरा हुआ बंदर मिला था। बंदरों की समस्या ने कृषकों की कमर तोड़ दी है। आकलन के अनुसार प्रति वर्ष बंदरों व अन्य जानवरों से प्रदेश में लगभग 375 करोड़ की फसल की क्षति होती है। लगभग 2300 पंचायतों में बंदरों व अन्य प्राणियों का प्रकोप है। अब हम एक दृष्टि बंदरों की संख्या पर डालते हैं। बंदरों की गणना पहली बार 2004 में की गई थी तथा 2004 के आकलन अनुसार प्रदेश में बंदरों की संख्या 317512 थी। वर्ष 2013 में प्रदेश में बंदरों की संख्या 226086 थी। यह गणना 'हैड काउंट' विधि से की गई थी। वर्ष 2015 में संख्या घटकर 207614 हो गई। नवीनतम बंदर गणना वर्ष 2019 में की गई थी जिसमें प्रदेश में 136000 बंदर पाए गए। आंकड़े बताते हैं कि बंदरों की संख्या में निरंतर गिरावट आ रही है, परंतु धरातली सच आंकड़ों के विपरीत है। कृषकों, पर्यटकों, राहगीरों की शिकायतें बढ़ रही हैं। लोग जख्मी हो रहे हैं। कई स्थानों पर तो बंदर इतने अधिक हो गए हैं कि लोग प्रातःकालीन भ्रमण से भी विमुख हो रहे हैं। बंदरों से रक्षा करने हेतु कसौली प्रशासन ने 2016 में पांच ट्रेंड लोग नियुक्त किए थे जो कि लंगूर की आवाज निकालते थे। लंगूर की आवाज सुनकर बंदर भाग जाते हैं। गौरतलब है कि पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी जब मथुरा के प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में दर्शन के लिए आए थे तो बंदरों को राष्ट्रपति से दूर रखने के लिए जिला प्रशासन ने 10 लंगूर तैनात किए थे। वन विभाग ने तीन तरह से बंदरों की संख्या पर अंकुश लगाने की कोशिश की- बंदर पकडना, नसबंदी और वर्मिन घोषित होने पर बंदर को मारना। 2007 में वन विभाग ने योजना शुरू की थी : 'बंदर पकड़ो' और 300 रुपए प्रति बंदर पाओ। 2011 में योजना को संशोधित कर प्रति बंदर 500 रुपए का प्रावधान किया। विभाग की इस बंदर पकड़ो योजना ने कई लोगों को लखपति बना दिया। बंदर पकडने की एवज में 336 व्यक्तियों को 3.22 करोड़ रुपए की अदायगी की गई। फिर पकड़े हुए बंदरों की नसबंदी की गई। राज्य में कुल 7 नसबंदी केंद्र हैं- शिमला (टूटीकंडी), हमीरपुर, गोपालपुर, बोल, सरोल, सलापड़ और पांवटा साहिब। नसबंदी अभियान के तहत अभी तक 1 लाख 81 हजार बंदरों की नसबंदी की जा चुकी है। साथ ही आरोप भी लगते रहे हैं कि विभाग बंधीकरण वाले बंदरों को ही पकड़ रहा है। मंकी कैचर अपनी जेब गर्म कर रहे हैं। वन विभाग ने पारदर्शिता की कसौटी पर खरा उतरने के लिए स्टरलाइज्ड बंदरों की पहचान के लिए उनके सिर डाई से काले कर दिए। यह विधि भी अधिक सार्थक नहीं रही। केंद्र ने प्रदेश में सर्वप्रथम 2016 में बंदरों को वर्मिन घोषित किया था तथा लगभग चार बार यह अनुमति बढ़ाई गई।

दाड़लाघाट के गांव सूली की सातवीं कक्षा में अध्ययनरत छात्रा को हिंसक बंदरों ने आक्रमण कर घायल कर दिया था। प्राथमिक स्कूल बरोटीवाला में दूसरी कक्षा के छात्र की बंदर ने उंगली काट डाली। जाखू में बंदरों ने कई बार सैलानी लहूलुहान किए हैं। उत्पाती बंदर बच्चों, महिलाओं के हाथों से सामान छीन कर ले जाते हैं। आईजीएमसी शिमला भी बंदरों के खौफ से अछूता नहीं है। पूर्व में बंदरों ने अस्पताल में घुसकर मरीजों को काटा है। 2018 में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के छात्रावास की पानी की टंकी में मरा हुआ बंदर मिला था। बंदरों की समस्या ने कृषकों की कमर तोड़ दी है। आकलन के अनुसार प्रति वर्ष बंदरों व अन्य जानवरों से प्रदेश में लगभग 375 करोड़ की फसल की क्षति होती है। लगभग 2300 पंचायतों में बंदरों व अन्य प्राणियों का प्रकोप है।

## दृष्टिकोण

# आम आदमी की जरूरत...

**आम** आदमी की ज़रूरतों बारे, बातें और विचार विमर्श करने के लिए, बदलावों की जननी राजनीतिजी तैयार बैठी रहती है। उनके हुक्म के बिना सूखा पत्ता भी नहीं गिरता, वह बात दीगर है कि आम ज़िंदगी की ज़रूरतें शोर मचाती रहती हैं। उधर ख़ास लोग अपने काम में जुटे रहते हैं। अब ख़ास यानी नकली बुद्धि का ज़माना आ चुका है जिसने सामान्य बुद्धि की ज़रूरत कम कर दी है। नई, विशेष, स्वादिष्ट, चमकती, शान बढ़ाऊ बुद्धि बाज़ार में बिकनी शुरू हो चुकी है। यह विडंबना का विकसित रूप ही है कि अभी तो कृत्रिम बुद्धि ने अपना सिक्का जमाना शुरू ही किया है और इसके बनाने वाले ही परेशान होने लगे हैं। विकास होता ही ऐसा है। विकास करने और करवाने के लिए हर कोई तड़पता है। अपने पराए हो जाते हैं और पराए, अपनों को छोडक़र अपना विकास करवाने इस तरफ आ जाते हैं। विकास होने लगे और होता जाए, ज़्यादा हो जाए तो पता नहीं चलता कि कब विकास के भेस में विनाश जीवन में प्रवेश कर जाता है। फिर हाय-तौबा मचती है कि इतने विकास की क्या ज़रूरत थी। अभी तो बुद्धिपार्टी शुरू हुई है और इसे अभी से धर्म, जाति, कुराजनीति से परेशान बेचारी मानवता के लिए खतरा बताया जा रहा है। अब तो अंग्रेज़ी की 'मस्क' भी डर युक्त बदबू बिखेर रही है, लेकिन बदलाव का मौसम तो इसे पूरी तरह ओढ़ लेने की फिराक में है। तकनीक ने इनसान को सहयोग देते देते उसे अपना दास बना लिया है। इनसान को उचित दिखना बंद हो गया है। कहा भी तो गया है कि दुर्घटना से पहले दिखना बंद हो जाता है। नकली अकल द्वारा लाई जा रही असली बेरोजगारी की बाढ़ में आम आदमी ही बहेगा, ख़ास बंदे तो पैसों की नाव में तैरते रहेंगे। व्यावसायिक दुनिया के सामाजिक प्रशासकों को कुछ न मांगने वाला रोबोट चाहिए। इनसान तो खाना, मोबाईल, दवाई, जूते, पकवान, बोनस, यूनियन, वेतन और उसमें निरंतर बढ़ोतरी बारे हमेशा शोर मचाता रहता है। जब चतुर, चालाक, नकली बुद्धि का शासन दूर दूर तक कायम हो जाएगा तो नैसर्गिक, असली बुद्धि दुखी हो जाएगी। नकली के लिए असली भावना, सद्भावना, दुर्भावना, प्रेम, प्यार, रोमांस सब कूड़ा कचरा हो जाएगा। कृत्रिम बुद्धि ढूंढ ढूंढ कर शिकार करेगी। मानवीय जाति को तबाह कर देगी। जब इनसान से भी शातिर, नकली बुद्धि का पूर्ण राज्य स्थापित हो जाएगा तो उसके पास करने के लिए कुछ नहीं बचेगा। फिर एक दिन उसके अपने हिस्सों में ही अंतद्र्वंद्व आरम्भ होकर, युद्ध शुरू हो सकता है। फिर अतिकृत्रिमता का समय आएगा और वर्चस्व कायम करने के लिए लड़ाई होगी। एक दूसरे को खत्म करने पर उतारू हो जाएंगे। कहीं असली वृक्ष के नीचे बैठा इनसान ज़रूर सोचेगा कि इनसान को इतने तकनीकी विकास की ज़रूरत नहीं थी। उसके दिमाग और शरीर को लगेगा कि विकास ज़्यादा हो गया। हो सकता है तब नालायक हो चुकी कृत्रिम बुद्धि, एक दिन ऐसी मशीन विकसित कर दे जो यह निर्णय लेना शुरू कर दे कि समाज में कौनसा शरीर उसके लायक है और कौनसा नहीं। जो काबिल न हो, जिसके पास धन, सुविधाएं और पहुंच नहीं, उसे खत्म कर दिया जाए। क्या नैसर्गिक बुद्धि इस सन्दर्भ में कुछ भी सोचने समझने लायक है।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण, 2024 को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा जानकारी देते हुए कहा गया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण, 2024 कार्यक्रम के तहत नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, मृत मतदाताओं का नाम हटाने एवं त्रुटि के सुधार का कार्य किया जाएगा। उन्होंने जानकारी दिया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन दिनांक 27 अक्टूबर 2023 को कर दिया गया है।आगे उन्होंने दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने एवं उसका निष्पादन तथा मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन हेतु आयोग द्वारा निर्धारित तिथियों के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दिया। मतदाता सूची में नाम शामिल करने, नाम विलोपन एवं त्रुटि में सुधार हेतु दिनांक 27 अक्तूबर 2023 से 09 दिसंबर 2023 तक दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने हेतु तिथि निर्धारित है। प्राप्त दावा एवं आपत्ति के निष्पादन हेतु दिनांक 26 दिसंबर 2023 की अन्तिम तिथि निर्धारित है। दिनांक 05 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया जाएगा।एक जनवरी 2024 तक जो युवा 18 साल पूरा करने वाले हैं, उन्हें भी मतदाता सूची में शामिल करने की पहल की जा रही है। इस बीच 18 साल पूरा कर चुके युवा वोटरों का भी नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। 28, 29 अक्टूबर और 4, 5 नवंबर को सभी मतदान बूथ पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसमे छूटे हुए मतदाताओं को विशेषकर आदिम जनजातियों, बेघर, 80 साल से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों, थर्ड जेंडर और ट्रांसजेंडर, दिव्यांगजनों के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। उपायुक्त ने कहा इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिलावासियों का सहयोग अपेक्षित है। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार मो0 परवेज प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई। उक्त जनता दरबार में मुख्य रूप से मानदेय भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना, धान अधिप्राप्ति, राशन कार्ड, वृद्धा आश्रम, स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य मामले शामिल थे। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार/शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## मगध संघमित्रा क्षेत्र में चलाया गया सतर्कता जागरूकता अभियान




**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड क्षेत्र के मगध संघमित्रा कोल परियोजना कार्यालय में शनिवार को मानव श्रृंखला के माध्यम से सतर्कता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कोल परियोजना क्षेत्र के तमाम अधिकारियों समेत आस पास के विद्यालयों के सैंकड़ों स्कूली बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का थीम भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें रखा गया था। लोगों को संबोधित करते हुवे मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ ने कहा कि भ्रष्टाचार देश के विकास का सबसे बड़ा बाधक है। इसके निर्मूलन के लिए उन्होंने सभी को सतर्क व समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया।

## हाथी ने एक ग्रामीण को पटक पटक कर मार डाला

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू टाइगर रिज़र्व के गारू पूर्वी वनक्षेत्र के ग्राम महुआडाबर में जंगली हाथियों का आतंक पिछले दो दिनों से जारी है। हाथियों के झुंड से बिछड़ कर दो हाथी उक्त ग्राम पहुंचकर शुक्रवार को तकरीबन एक बजे जमकर उत्पाद मचाया एवं फसलों को खाया और रौंदकर बर्बाद कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने देहाती जुगाड़ एवं वन कर्मियों की मदद से हाथी को खदेड़ दिया परंतु करीब शाम पांच बजे वापस आ धमका। और दो घरों को ध्वस्त कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों की सूचना पर फॉरेस्ट विभाग के अधिकारी और वन कर्मी वहां पर पहुंचे और गांव से हाथी को भगाने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान तकरीबन देर शाम 6 बजे सरयू बाजार से सब्जी लेकर लौट रहे दाढ़ीछापर ग्राम निवासी सुखलाल सिंह जैसे ही हुंडरी मैदान के पास पहुंचे। हाथी ने सुखलाल सिंह को अपनी चपेट में ले लिया।और पटक कर घायल कर दिया। श्री सिंह के घायल होने की सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने उसे गारु रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया, लेकिन गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए लातेहार सदर हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया, जहाँ डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के भाई दुखन सिंह ने बताया कि हाथियों ने पटक कर मार डाला और गांव के दो घरों को भी ध्वस्त कर दिया। शनिवार को मृतक सुखलाल सिंह के पोस्टमार्टम के बाद लातेहार सदर अस्पताल पहुंचकर गारु पूर्वी वन क्षेत्र के रेंजर और लातेहार रेंजर ने मृतक के परिजनों को तत्काल सहायता राशि के रूप में 25000 रुपए दिए।मौके पर गारू पूर्वी वन क्षेत्र के रेंजर उमेश कुमार दुबे ने कहा कि मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के अनुसार 400000 चार लाख मुआवजा राशि दिया जाएगा। वहीं संवीदा के आधार पर नौकरी भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल उक्त गांव में ग्रामीणों के बीच पटाखे और जरूरी सामानों का वितरण किया गया है। वहीं वन विभाग के कर्मी हाथियों को दूर भागाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि हाथियों के झुंड से बिछड़ कर दो हाथी उक्त गांव पहुंच गए थे, जिन्हें वन कर्मियों द्वारा दोबारा उन्हें झुण्ड में पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

# मंझगांवा का एमपीएल 1 क्रिकेट मैच का हुआ भव्य तरीके से समापन, विजेता को किया गया पुरस्कृत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत मंझगांवा पंचायत में बीते 19 अक्टूबर से सिंदुआरी कला के क्रिकेट मैच बड़का मैदान ग्राउंड में चल रहे मंझगावां प्रिमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन शक्रवार को भव्य तरीके से हुआ। इस मैच का मुख्य अतिथि के रूप में डॉ अभिषेक कुमार एवं समाज सेवी बसंत नारायण सिंह मौजूद थे। इस क्रिकेट मैच में प्रथम पुरस्कार 6000 रुपया एवं शील्ड तथा द्वितीय पुरस्कार 3000 एवं शील्ड के साथ सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनकर सम्मानित किया गया। आखिरी मुकाबला प्रवेज़ आलम और प्रभात दुबे की टीम के बीच हुई।ा जसमें प्रभात दुबे की टीम ने 52 रनों प्रवेज़ आलम की टीम को प्राजित किया। इस मुकाबले के मेन औफ द मैच लखन भुईयां रहे जिन्होंने 5 विकेट के साथ 26 रन बना कर अपने टीम को जीत दिलाई। मौके पर उपस्थित ब्रजेश कुमार सिन्हा निरंजन दुबे चमारी प्रसाद दांगी इत्यादि और भी गणमान्य लोग थे। इस दौरान समाज सेवी माननीय बसंत नारायण सिंह जी ने कहा कि खेल हमारे अंदर एक नई ऊर्जा का संचार करता है। इस लिए खिलाड़ियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जल्द हीं सिंदुआरी क्रिकेट ग्राउंड का जीर्णोद्धार किया जाएगा। वहीं डॉ.अभिषेक सिंह ने सिंदुआरी में चिकित्सा सिविर लगाने का वादा किया। और खिलाड़ियों को खेल कर स्वस्थ रहने की बात कही।

# पानी के अभाव में सुख रहे हैं धान, किसान चिंतित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के कुछ किसानों द्वारा जैसे तैसे कर पांच फ़ीसदी धान का अच्छादन किया गया था। पिछले महीने लगातार छह दिन की बारिश से अच्छादन किए गए धान का फसल को काफी लाभ हुआ था। यहां तक की धान में बाली आना प्रारंभ हो गया था। परंतु पिछले 15 दिन से बारिश नहीं होने के कारण धान की फसल एक बार फिर से मुरझाने लगा है।यहां तक की धान में बाली निकलना भी अब बंद हो गया है।वैसे में किसानों की चिंता बढ़ गई है। वहीं दूसरी तरफ सरकार द्वारा भी अभी तक किसानों के लिए प्राप्त राहत का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। जिसके कारण की चिंता धीरे-धीरे और बढ़ रही है। किसान किसान प्रयाग दांगी ने बताया कि लगा था की अच्छादन किया गया धान का फसल अच्छी हो जाएगी। परंतु बारिश नहीं होने के कारण धन की फसल मुरझा रही है। उन्होंने सरकार से किसानों को केसीसी ऋण माफ करते हुए राहत कार्य चलाने की मांग किया है। किसान विनोद दांगी ने बताया कि सोचा था धान की फसल के साथ-साथ मवेशियों के लिए चारा हो जाएगा।परंतु सभी सपने चकनाचूर हो गया। प्राप्त बारिश नहीं होने के कारण समय पर जहां धान का अच्छादन नहीं हो पाया। वही प्राप्त वर्षा नहीं होने के कारण अच्छदन किए गए धान मर रहे हैं। सरकार को अपने वादे के अनुसार सभी किसानों का केसीसी ऋ ण माफ करते हुए आपदा राहत के तहत मुआवजे देना चाहिए।

## मोटरसाइकिल के धक्के से युवक घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखण्ड मुख्यालय स्थित कसियाडीह ग्राम में शुक्रवार की देर शाम एक अज्ञात मोटरसाइकिल के धक्के से एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों की मदद से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर संजय सिद्धार्थ के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार संतोष नायक 35वर्ष पिता जलेंद्र नायक ग्राम कसियाडीह थाना बालूमाथ निवासी बालूमाथ बाजार से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान कसियाडीह ग्राम में एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने उसे पीछे से टक्कर मार दिया और फरार हो गया। घटना के बाद परिजनों की मदद से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर संजय सिद्धार्थ के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

## सांप काटने से युवती अचेत

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के सिकी लवागडा ग्राम में शुक्रवार की देर शाम सांप काटने से अंजुम खातून 16 वर्ष पिता हबीब अंसारी अचेत हो गई। परिजनों द्वारा अचेतावस्था में अंजुम खातून को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक डॉ संजय सिद्धार्थ द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार अंजुम खातून जंगल में शरीफ़ा का फल तोड़ने गई थी। इसी बीच बाहिरा जोड़ा सांप ने उसे काट लिया।

## बिजली तार चोरी, अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुंदगड़ी बड़का टोली में अज्ञात चोरों द्वारा तार चोरी करने पर बिजली विभाग ने थाना में कराया प्राथमिकी दर्ज कराया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव पंचायत अंतर्गत कुंदगड़ी बड़का टोली मे कृषि सिचाई योजना के अंतर्गत बिजली विभाग लोहरदगा प्रमंडल द्वारा बिजली तार लगाया गया था। जिसे अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। जिसकी जानकारी कनीय अभियंता अजु कच्छप को प्राप्त होते ही सेन्हा थाना में लिखित आवेदन देते हुए अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार से प्राप्त सूचना के अनुसार बता दें कि बिजली विभाग के कनीय अभियंता से प्राप्त आवेदन के आलोक में चोरी का मामला को संज्ञान में लेते हुए सेन्हा थाना कांड संख्या 137/23 दर्ज कर अज्ञात चोरों के विरुद्ध पुलिस द्वारा कारवाई आरम्भ कर दिया गया है।

# प्राचार्य की अध्यक्षता में किया गया बाल संसद का गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड मुख्यालय स्थित परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय में शुक्रवार को प्रधानाचार्य श्रवण मिश्रा के अध्यक्षता में बच्चों एवं शिक्षकों के बीच आमसभा का आयोजन कर विद्यालय स्तर पर बाल संसद का गठन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य सह अध्यक्षता कर रहे श्रवण मिश्रा ने छात्र छात्राओं के बीच बाल सांसद के कार्यो एवं गठन की प्रक्रिया पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। इसके पश्चात छात्र छात्राओं को लोकतंत्र के महत्व को समझाने और विद्यालय प्रबंधन में अपनी भागिदारी निभाने के लिए बाल सांसद का गठन कराया जिसमें बाल संसद के प्रधानमंत्री देवराज सोनी, सुरक्षा एवं न्याय मंत्री देवकनक सोनी, शिक्षा मंत्री अभिषेक उरांव, स्वक्षता मंत्री सुमन कुमारी, खेल मंत्री आजाद उरांव, पर्यावरण मंत्री अनामिका कुमारी, कौशल विकास मंत्री नेहा कुमारी, सहित कई विभाग के मंत्री चुने गए।

## जामुनदोहर में रैयतों की नौकरी और मुआवजा की मांग को लेकर 28 दिन से जारी है धरना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सीसीएल एनके एरिया के केडीएच परियोजना खदान से सटे जामुनदोहर में 28 वां दिन रैयतों का नौकरी और मुआवजा की मांग को लेकर धरना जारी है. धरना पर बैठे बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) के जोनल अध्यक्ष सह विश्रामपुर के रैयत रतिया गंझू ने बताया कि हम रैयत नौकरी, मुआवजा, विस्थापन करने सहित अन्य जायज मांगों को लेकर जारी धरना का आज 28 वां दिन है लेकिन रैयतों की मांगों पर एनके एरिया प्रबंधन के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों का उदासीन रवैया लगातार बना हुआ है. वहीं उन्होंने बताया कि 1980 में इस जमीन को सीसीएल के द्वारा अधिग्रहण किया गया था, परंतु तब से अब तक सीसीएल पदाधिकारियों ने रैयतो को 42 वर्ष बीत जाने के बाद भी अधिग्रहित भूमि के रैयतों को सीसीएल की आरआर पालिसी के तहत न तो मुआवजा दिया है और न ही अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई है. सीसीएल प्रबंधन सिर्फ अपना लाभ देखते हुए सभी रैयतो के हक अधिकार को ताक पर रख कर कार्य कर रही। वहीं धरना पर बैठे रैयत सोनू गंझू ने कहा कि करकट्टा, विश्रामपुर, जामुनदोहर के रैयत लगातार 42 वर्षो से जहरीले गैस और भू-धसान के बीच रहने को मजबूर है. सीसीएल प्रबंधन हम सभी रैयतो को न आवास दे रही है न मुआवजा। कहा कि हमारे घर भी जगह-जगह से धंस रहे हैं लेकिन सीसीएल प्रबंधन अपने अड़ियल रवैया को अपना कर उत्खनन का कार्य में लगी हुई है. उन्होने कहा कि जब तक हमारी मांगों को मान नही लिया जाता तब तक हम रैयतों का धरना जारी रहेगा।

# कोरकोटा कदल में गरीब लाभुक राशन लेने के लिए परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** कर्रा प्रखंड छाता पंचायत अंतर्गत कोरकोटा कदल गांव में जनवितरण प्रणाली के दुकान में ऑनलाइन व्यवस्था होने के बाद दो से तीन घंटा में मात्र 8 से 10 लाभुकों को ही राशन वितरण किया गया। जन वितरण प्रणाली का यह दुकान, दुकानदार प्रभात कुमार भगत के यहां लाभुकों शनिवार को सुबह सात बजे से ही राशन लेने के लिए पहुंच चुके थे, लेकिन घंटा इंतजार करने के बाद भी 8 से 10 लाभुकों को ही राशन वितरण किया जा सका। इसकी शिकायत छाता मुखिया सुखराम धान से किया गया। तत्काल मुखिया ने राशन दुकान जाकर सत्यता की जांच करने लगा तो पाया कि कोरकोट कदल जन वितरण प्रणाली की दुकान में सर्वर नहीं चलने के कारण लाभुकों का अंगूठा का पर्ची नहीं निकल पा रहा था। मुखिया ने कहा की यह स्थान चारों ओर जंगल से घिरा होने के कारण नेटवर्क बहुत कम रहता है।

# उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में समन्वय समिति व मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति/मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व शहरी एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 समेत अन्य विकास तथा कल्याणकारी योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर आवास योजना, अमृत सरोवर, मजदूरी भुगतान, नेशनल मोबाईल मॉनिटरिंग सिस्टम, मानव दिवस सृजन, 15 वें वित्त द्वारा संचालित योजना की क्रमवार समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। **प्रधानमंत्री आवास योजना :** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में जिन लाभुकों को किस्त की राशि दी जा चुकी है और उनके द्वारा आवास अभी तक पूर्ण नहीं कराया गया है वैसे लाभुकों को चिन्हित कर स्थल निरीक्षण करते हुए आवास को पूर्ण कराएं। अगर इसके बाद भी लाभुकों के द्वारा आवास पूर्ण नहीं किया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई करें। किसी भी परिस्थिति में शत प्रतिशत आवास को पूर्ण कराएं। आगे उन्होने कहा कि 31 अक्टूबर 2023 से 10 नवम्बर 2023 तक चलो करे आवास पुरा का दूसरा फेज प्राप्त निर्देश के आलोक में चलाया जाना निर्धारित है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी संबंधित पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए पुरी तैयारी कर ले जिससे कि अभियान के क्रम में शत प्रतिशत आवास को पूर्ण कराया जा सके। **15वें वित्त :** 15 वें वित्त आयोग से प्राप्त आवंटन के विरूद्ध किए गए खर्च की समीक्षा प्रखण्डवार की गई। प्रायः देखा जा रहा है कि संबंधित प्रखण्डों द्वारा प्राप्त आवंटन का सदुपयोग नहीं किया जा रहा है उन प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि 15वें वित्त आयोग से प्राप्त आवंटन का शत प्रतिशत राशि का सदुपयोग किया जाय। **मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 :** दिनांक-27.10.2023 को हुए मतदाता सूची का प्रकाशन एवं स्पेशल कैम्पेन अभियान के तहत दिनांक 28.10.2023, 29.10.2023, 04.11.2023 एवं 05.11.2023 तक चलने वाले अभियान की बिन्दुवार समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में निर्देशित किया गया कि उक्त तिथि को चलने वाले अभियान के तहत सभी बी0एल0ओ0 अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर नाम पंजीकरण, सुधार, विलोपन, ब्लैक एण्ड वाईट फोटो, खराब गुणवत्ता वाला फोटो प्रतिस्थापन का कार्य करेंगे और आगे बैठक में उपस्थित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि फार्म 6, 7 एवं 8 की मॉनिटरिंग करेंगे और प्राप्त फार्म का रिपोर्ट प्रतिदिन जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे। साथ ही अपने-अपने क्षेत्रों में सभी मतदाताओं को जागरूक करने के साथ ही आने वाले मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण करेंगे। उक्त बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीआरडीए निदेशक अरूण कुमार एक्का, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह जिला परिवहन पदाधिकारी इन्द्र कुमार, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

# अमन के हत्यारे हुए गिरफ्तार, अपने चाचा और दादा ने दिया घटना को अंजाम

## दादा-चाचा को भेजा गया जेल, चाची हुई फरार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटखोरी :** इटखोरी प्रखंड के नवादा पंचायत ग्राम कोईडा के चर्चित अमन कुमार हत्याकांड का खुलासा पुलिस ने दो दिन के अंदर कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि आपसी रंजिश के कारण रामवृक्ष साव के 6 वर्षीय पुत्र अमन कुमार की हत्या उसके सगे दादा सकलदेव साव और चाचा आशीष साव एवं चाची ने एक साजिश के तहत किया। उस बच्चे को इन तीनों ने जिंदा शौचालय की टंकी में डाल दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपी मृतक बच्चे के दादा सकलदेव साव और चाचा आशीष साव को पुलिस गिरफ्तार कर चतरा जेल भेज दिया है। इस में शामिल उसकी चाची फरार है। बता दें कि अमन कुमार 21 अक्टूबर को अपने घर से स्कूल पढ़ने गया था। स्कूल से वह 12 बजे दिन में अपना घर लौट गया और घर के बगल में अपना किताब कापी रख कर वह बाहर के एक पुल पर खेल रहा था। जहां से उसे इन तीनों आरोपियों ने पड़कर उसे अपना घर ले आए। इसके बाद मौका पाकर उसे शौचालय के टंकी में जिंदा डाल दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के वक्त उसकी मां घर पर नहीं थी। मृतक के पिता मुंबई में नौकरी पर थे। बाद में घर पहुंच कर उसकी मां किताब कापी देखकर बच्चे को खोजबीन करने लगी। मगर उसका अता-पता नहीं चला। फिर शाम में इटखोरी थाने में अपने बेटे की गुमशुदगी संबंधित सन्हा दर्ज करवाई। पुलिस इस पर गहन जांच पड़ताल करते हुए उसके घर पर पहुंची। जहां शौचालय के टंकी से दुर्गंध आने पर पुलिस शक के आधार पर टंकी का ढक्कन हटाया। शौचालय की टंकी में बच्चे का शव तैरता मिला। बाद में मृतक बच्चे की मां पूनम देवी के शक के आधार पर पुलिस ने दादा सकलदेव साव और चाचा आशीष साव को गिरफ्तार कर पूछताछ की। पूछताछ के बाद मामला स्पष्ट हो गया। इसके बाद पुलिस ने इन दोनों आरोपियों को चतरा जेल भेज दिया है।

प्रभात मंत्र

हजारीबाग

रांची, रविवार, 29 अक्टूबर 2023 | पेज 8

## संक्षिप्त खबरें

### स्वयंसेवी संस्था जागृति महिला संघ ने वृद्धा आश्रम में खाद्य सामग्री एवं राशन मुहैया करवाया

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** समाज के प्रति संवेदनशील एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना की स्वयंसेवी संस्था जागृति महिला संघ के द्वारा हजारीबाग स्थित वृद्धा आश्रम का दौरा किया गया। इस दौर में संघ की अध्यक्षा ज्योति जलोटा ने वृद्धा आश्रम में रह रहे सभी बुजुर्गों से मुलाकात की और उनका हाल-चाल जाना। अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए महिला संघ ने बुजुर्गों के लिए बहुतायत मात्रा में खाद्य सामग्री एवं राशन मुहैया करवाया। यह खाद्य सामग्री महिला संघ एवं सामुदायिक विकास कार्यों के तहत पकरी बरवाडीह की ओर से दी गई। इससे पहले भी महिला संघ के द्वारा सामाजिक उत्थान के लिए कई कार्य किए जा रहे हैं जिससे आसपास के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आया है। महिला संघ के द्वारा निरंतर अंतराल पर हजारीबाग स्थित बनहप्पा में एचआईवी संक्रमित बच्चों के लिए सभी बुनियादी जरूरत के समान एवं अन्य चीज मुहैया करवाई जाती रही है। साथ ही इससे पहले भी इसी वृद्ध आश्रम में खाद्य सामग्री के अलावा अन्य चीज दी गई है। वास्तव में आज के दौर में जरूरी है ऐसे और स्वयं सेवी संस्थाओं की जो संवेदनशील होकर समाज में सार्थक योगदान दे एवं उनके जीवन में रोशनी लाए। इस दौर में अध्यक्षा ज्योति जलोटा के अलावा महिला संघ की अन्य सदस्य भी मौजूद थी।

### अज्ञात वाहन के चपेट मे आने से युवक की हुई मृत्यु

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत नयाटांड़ मुखिया लीलावती के देवर तथा कांग्रेस नेता अजित महतो के छोटे भाई 45 वर्षीय सकलदेव महतो की मृत्यु शुक्रवार रात्रि ग्राम हरली से अपने घर विश्रामपुर आने के क्रम में अज्ञात वाहन के चपेट आने से हो गई। इस दुखद घटना से परिवार वाले का रो रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पाकर विधायक अंबा प्रसाद के भाई सह इंटक प्रदेश महासचिव अंकित राज उर्फ सुमित कुमार अस्पताल परिसर पहुंच कर पोस्टमार्टम के लिए पीड़ित परिवार का सहयोग किया और परिवार वाले को सांत्वना दिया। अंतिम संस्कार विश्रामपुर शमशान घाट में किया गया। अंतिम संस्कार में दर्जनों पंचायत जनप्रतिनिधि शामिल हुई। अंतिम संस्कार में मुख्य रूप से बड़कागांव मध्य जिप सदस्य सुनीता देवी, पंसस प्रभु राम, कृष्णा राम, मुखिया बासुदेव यादव, विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो, दीपक करमाली, समाजसेवी सोहनलाल मेहता सहित अन्य लोग शामिल हुए।

### दो बाइकों में आपस में भिडंत, तीन व्यक्ति घायल

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के गोरहर थाना अंतर्गत सूर्यकुण्ड मोड बेलकप्पी के समीप जी.टी रोड पर सुबह 11:30 बजे एक ही दिशा बरही से धनबाद रूट में चल रहे दो बाइक सवार आपस में भीड गए.सुबोदीप बेरा 31 वर्ष पिता सोपन बेरा ग्राम तामलूक जिला मेदनीपुर पश्चिम बंगाल व मंटू पाण्डेय 18 वर्ष पिता कैलाश पाण्डेय ग्राम बेढना थाना चौपारण जिला हजारीबाग विशाल कुमार नायक 22 वर्ष पिता नारायण नायक ग्राम बेलकप्पी थाना गोरहर निवासी घायल हो गए.घायलों का गंभीरावस्था को देखते हुए स्थानीय युवाओं एवं समाजसेवियों सुरेश कुमार पाण्डेय,रविशंकर पाण्डेय,अभय पाण्डेय,डीलचंद पासवान, सुधाकांत पाण्डेय,रमेश पाण्डेय,आशिष पाण्डेय के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा ले जाया गया.जंहा चिकित्सकों के द्वारा ईलाज किया गया.बताते चलें कि सुबोदीप बेरा अपनी पत्नी के साथ नेपाल मुक्तिधाम मंदिर से दर्शन कर के वापस अपने घर मैदनीपुर वापस लौट रहे थे.बरकट्ठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में तीनों घायलों का चिकित्सकों के द्वारा ईलाज किया गया.सभी घायलों का स्थिति खतरे से बाहर है।

### श्रीनिवास अस्पताल एवं डेंटल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में लगाया गया निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्रीनिवास अस्पताल एवं डेंटल कॉलेज की संयुक्त तत्वावधान में एनटीपीसी पेटो बड़कागांव में निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निःशुल्क दांत का जांच, निःशुल्क नेत्र का जांच एवं निशुल्क रक्त का जांच हुआ। जिसमें कुल 229 कर्मियों एवं अन्य जरूरतमंदों का शिविर में निशुल्क दांत एवं नेत्र का जांच के साथ दवाई बांटा गया एवं चिकित्सकों द्वारा जरूरतमंदों ने निशुल्क परामर्श प्राप्त किया। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया गया। शिविर का नेतृत्व जन स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. निशाद गवली एवं डॉ. सोम्या राज ने किया तथा विभिन्न बीमारियों व उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी। वहीं जरूरतमंदों को शिविर में स्केलिंग और निष्कर्षण जैसी प्रक्रिया की सेवाएं दी। इस अवसर पर एनटीपीसी की कर्मियों एवं अन्य जरूरतमंदों ने निशुल्क बुनियादी उपचार के प्रति श्रीनिवास अस्पताल एवं डेंटल कॉलेज का आभार जताया। एनटीपीसी की प्रबंधकीय टीम ने श्रीनिवास अस्पताल व डेंटल कॉलेज की मेडिकल एंव डेंटल टीम की सरहाना की एवं बहुत- बहुत साधुवाद दिया। मौके पर श्रीनिवास अस्पताल एवं डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा हज़ारीबाग़ डेंटल कॉलेज का मुख्य उद्देश्य कम लागत में गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा देखभाल प्रदान करना है। शिविर में मरीजों के दांतों की सफाई जैसे बुनियादी उपचार मुफ्त है और इसके लिए अन्य इलाज में मरीजों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। शिविर के दौरान इंटर्न्स डॉ. आकांक्षा रानी, ??डॉ. सिमरन गुप्ता, डॉ. श्रेया सेन, डॉ. मेधा कृष्णन, डॉ. शीतल राज, डॉ. अन्ना कोचगवेन, डॉ. सौरव झा एवं डॉ. रूपम मुक्खोपाध्याय ने अपनी बहुमूल्य सेवाएं दी।

### मतदान केंद्र पर आयोजित विशेष कैम्प का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत सभी मतदान केंद्रों पर 28 अक्टूबर को आयोजित विशेष अभियान का निरीक्षण करने हेतु प्लस 2 उच्च विद्यालय बरही के मतदान केंद्र संख्या 317, 318, 319, 320 नव प्राथमिक विद्यालय जारहिया केंद्र संख्या 335 एवं राजकीय बुनियादी विद्यालय पंचमाधव मतदान केंद्र संख्या 332, 333 पर जाकर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी, क्रिस्टीना रिचा इंद्रवार ने निरीक्षण की। मौके पर बीडीओ ने उपस्थित बीएलओ को प्रपत्र- 6, 7 एवं 8 को अविलंब ऑनलाइन करने तथा मृत मतदाताओं का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने एवं रंगीन फोटोग्राफ से प्रति स्थापन करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी बीएलओ को बताया कि जो भी फॉर्म भरा हुआ उपलब्ध है, उसे दो दिनों के अंदर इंट्री किया जाय। साथ ही द्वितीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत 30 अक्टूबर से घर-घर जाकर नया फॉर्म भरवाना सुनिश्चित करें। साथ ही संबंधित हाई स्कूल के प्राचार्य से वर्तमान मे अध्ययनरत 17 व 18 आयु वर्ग के विद्यार्थियों का प्रपत्र-6 नामांकन पंजी के आधार पर भरवाने का निर्देश दिया गया।

### नेहरू युवा केंद्र के 34 सदस्य अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम में होंगे शामिल

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग के 34 सदस्य व नेहरू युवा केंद्र रामगढ़ के 7 स्वयंसेवकों की टीम को राज्य स्तरीय मेरी माटी मेरा देश अंतर्गत अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रांची भेजा गया। उक्त 41 सदस्य दल राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात राष्ट्रीय मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में शामिल होने हेतु रवाना हो गई। ज्ञात हो हजारीबाग के विभिन्न प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय अमृत कलश यात्रा के 16 कार्यक्रमों का एवं रामगढ़ में 6 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। जिसमें विभिन्न पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने प्रखंड स्तरीय अमृत कलश निर्माण में अपने गांव के मिट्टी व चावल को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, नई दिल्ली में स्थापित होने जा रहे अमृत वाटिका निर्माण हेतु अर्पित किया। स्वयंसेवकों को जिला मुख्यालय में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में शामिल होने हेतु भव्य कार्यक्रम के माध्यम से शुभकामनाएं दी गई । बीएसएफ के ब्रेस बैंड के मधुर तरंगों से पूरा परिसर गुंज्यमान हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी बीएसएफ आरआर लाल शामिल हुए, जिन्होंने कहा की इस कार्यक्रम के माध्यम से देश के अमर बलिदानियों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है।

# हजारीबाग लोकसभा चुनाव लड़ेगी भाकपा, 7 नवंबर को विशाल परिवर्तन रैली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की लोकसभा स्तरीय बैठक मंजूर भवन नवाबगंज हजारीबाग में पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता की अध्यक्षता में हुई । लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नाकामी से आम जनता त्रस्त है । आम जनता को धोखा देने के काम भारतीय जनता पार्टी ने किया है । अच्छे दिन के नाम पर बुरे दिन लोगों को सौंप दिए। आम जनता ठगे महसूस कर रहे हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि पूरे देश में परिवर्तन की लहर चल रही है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद से हजारीबाग की जनता उड़ चुकी है। हजारीबाग में विस्थापन लोग झेल रहे हैं ।अडानी से लेकर कई कॉरपोरेट घराने हजारीबाग में दस्तक दे चुके हैं। लेकिन किसानों का अधिकार मिले, आम जनता का अधिकार मिले, उसे पर संसद चुप्पी साधे हुए हैं। हजारीबाग के लोग परिवर्तन चाह रहे हैं । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने दो बार हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी को हराया है। इस बार हजारीबाग लोकसभा से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को उम्मीदवार की जीत होगी । नेताओं ने कहा कि 7 नवंबर को नवंबर क्रांति दिवस की अवसर पर हजारी बाग में बड़ी रैली की जाएगी । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी किसने मजदूर दबे-कुचले लोगों के आवाज बनकर लगातार लड़ती रही है। जनता के जन सवालों को लेकर लगातार लड़ती रही है। आने वाले दिन में भारतीय जनता पार्टी को हराने के लिए एक एक कार्यकर्ता मैदान में डटेंगे। 7 नवंबर के बाद सभी प्रखंडों में जीबी बैठक, बुथ कमीटी का निर्माण बुथ कमेटी की बैठक कर चुनाव की तैयारी में लोग लगेंगे। बैठक में हजारीबाग जिला सचिव चांद खान, मेवा लाल प्रसाद, अशोक राम , निजाम अंसारी, महेंद्र प्रजापति ,अवध कुमार ,चंदन कुमार, मोहम्मद हकीम, रामकुमार साहू ,रामेश्वर साहू ,नेमन यादव , निजाम अनसारी,कुलेश्वर राम,मंजिल अनसारी, अनिरुद्ध कुमार डांगी अर्जुन कुमार, रफीक अंसारी, बालेश्वर प्रसाद मेहता, किशोरी प्रसाद मेहता , नागौर बैठा, जगदीश महतो, जगदेव महतो ,मथुरा महतो ,प्रभु बैठा, कयुम मलिक ,अरशद खान, राम प्रसाद सिंह ,माधव राय, राम कुमार साव ,रामेश्वर साव ,वासुदेव महतो, स्वदेशी पासवान, छोटन राणा, माधवराम,मंजिल अनसारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## बरही पश्चिमी पंचायत भवन में छः दिवसीय पियर एजुकेटर प्रशिक्षण शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही पश्चिम पंचायत भवन में शनिवार को छः दिवसीय पियर एजुकेटर (साथिया) प्रशिक्षण का शुभारंभ हुवा। जिसका उद्घाटन स्थानीय मुखिया मो. शमशेर आलम एवं डीएस डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण में बरही पूर्वी एवं बरही पश्चिम पंचायत से 52 बच्चे व बच्चियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बच्चों को 6 विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें पोषण, यौन प्रजनन स्वास्थ्य, असंचारी बीमारिया, नॉन कम्युनिकेबल डिजीज, मादक पदार्थ का दुरुपयोग, चोट और हिंसा लिंग आधारित हिंसा व मानसिक स्वास्थ्य शामिल है। मौके पर मुखिया मो. शमशेर आलम, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, महेश साव, मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम, सहिया दीदी भानु देवी, आफरीन कौसर, अनीता देवी, पुष्पा देवी, मालती देवी, मधु कुमारी आदि मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ की गलियों में गन्दा पानी बहाने वाले सावधान : सीओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ के गलियों में घरों का नाली का गंदा पानी बेरोक टोक बहाया जा रहा है।इस संबंध में यहां के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विष्णुगढ़ थाना प्रभारी को 31 व्यक्तियों के विरुद्ध आवेदन देकर करवाई की मांग की है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि चेडरा ,रामुआ एवं विष्णुगढ़ के ग्रामीणों द्वारा घरों का गंदा पानी एवं कूड़ा कचरा सड़कों पर बेख़ौफ़ बहाया जा रहा है। जिससे लोगो को राह चलते लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा मना करने पर लड़ाई झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं।इस बाबत पंचायत प्रतिनिधिनो ने बताया कि हमारे गांव की गली मोहल्ले साफ सुधरा रहे, इसके लिए अंचल अधिकारी,थाना प्रभारी के साथ घूम घूम कर लोगों से गंदा पानी न बहाए जाने की अपील की गई। परंतु लोग अपनी हरकतो से बाज नहीं आ रहे है।

जहां एक और देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छता की बात करते हैं। सरकारी अधिकारी से लेकर नेता मंत्री तक सड़कों पर स्वच्छता अभियान चला रहे हैं। वही विष्णुगढ की गलियां बीमारियों को आमंत्रण दे रही है। समय रहते इस पर रोक नहीं लगाया गया। तो आने वाले समय में गंभीर बीमारियों से दो चार होना पड़ेगा। इसे इनकार नहीं किया जा सकता है।इस संबंध में अंचल अधिकारी रामबालक कुमार से पूछे जाने पर बताया कि घरों का गंदा पानी सड़कों पर बहाए जाने वालो के खिलाफ थाना प्रभारी से मिलकर अविलंब करवाई की जाएगी।



## जदयू ने गठित की बेड़ाहरियारा पंचायत कमिटी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ के बेड़ाहरियारा पंचायत में जदयू पंचायत कमिटी का गठन प्रखंड मीडिया प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व मे किया गया। मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत पटेल के मार्गदर्शन का पालन करते हुए,बेड़ाहरियारा के पंचायत भवन के समीप बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राहुल कुमार गुप्ता ने किया। जिसमे जदयू के समर्पित कार्यकर्ता मौजूद रहे।उपस्थित कार्यकर्ताओ की सहमति से राखी देवी को अध्यक्ष,ममता देवी को उपाध्यक्ष, पिंटू यादव को पंचायत प्रभारी,रूपाली देवी एवं द्रोपदी देवी को सचिव,गुलाईची देवी को कोषाध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से चयन किया गया। बेड़ाहरियारा पंचायत कमिटी गठन के पश्चात उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने पड़ एवं गोपनीयता की शपथ लेते हुए एक सुर मे जदयू के विचार धारा को जन जन तक पहुँचाने का संकल्प लेते हुए,मांडू मे बदलाव लाने की बात कही। इस मौके पर मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष राहुल कुमार गुप्ता,सचिव बैजनाथ महतो,रवि कुमार,प्रखण्ड मीडिया प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह,पिंटू यादव,हुलाश कुमार,लिलचंद हंसदा,राखी देवी,ममता देवी,द्रोपदी देवी,रूपाली देवी, गुलाईची देवी,दीपक पासवान,संजय पासवान,ओमप्रकाश कुमार इत्यादि ग्रामीण मौजूद थे।



## ओएनजीसी के अधीनस्थ कम्पनी प्रभा एनर्जी के विरूद्ध गोलबंद हुए रैयत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत नयाटांड पंचायत भवन में ओएनजीसी के अधीनस्थ कंपनी प्रभा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के विरुद्ध भु रैयतो की अवश्यक बैठक केदार महतो की अध्यक्षता में आहूत की गई।

बैठक में समान मुआवजा दर समय पर भुगतान करने, सुरक्षा प्रहरी की नियुक्ति, गैस पाइपलाइन बिछाने में जो भी सरकार का मुआवजा दर निर्धारित है उसे दिए जाने की मांग की गई। उपरोक्त मांगों के संबंध में अधिकतम भू रैयत ने अपने-अपने विचार रखते हुए कंपनी के गलत नीतियों का जोरदार विरोध किया साथ ही साथ कंपनी के गलत नीतियों के विरोध में एक मजबूत संगठन बनाने पर विचार विमर्श किया।

## बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा लॉटरी ड्रॉ संपन्न हुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा तीसरी बार पूजा पंडाल के समीप लॉटरी ड्रा का आयोजन किया गया। लॉटरी ड्रॉ में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शांति लाल अग्रवाल शामिल हुए। वही साथ मे अध्यक्ष, सचिव सहित महासमिति के कई पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

महा समिति पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को भव्य पंडाल का स्मृति चिन्ह एवं माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही महासमिति के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष, सचिव सहित उपस्थित तमाम पदाधिकारियों का स्वागत किया गया, वहीं मंच संचालन पवन रावत खंडेलवाल ने किया। ड्रॉ के दौरान ऐसी कूपन की संख्या जो बाजार में उपलब्ध न हो सकी और आने पर उसे दोबारा किया गया।

तत्पश्चात माता रानी के जयकारों के बीच लॉटरी कार्यक्रम को विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया जिसमें प्रथम पुरस्कार कूपन संख्या 2332 रेवाली निवासी सूरज कुमार को प्राप्त हुआ। द्वितीय पुरस्कार टेलीविजन 49 इंच का कूपन संख्या 2483 संतोष जैन को प्राप्त हुआ है। तृतीय पुरस्कार इन्वर्टर कूपन संख्या 4736 को प्राप्त हुआ, चतुर्थ पुरस्कार फ्रिज कूपन संख्या 3685 को प्राप्त हुआ वही पांचवी पुरस्कार वाशिंग मशीन कूपन संख्या 0851 सावित्री गुप्ता को प्राप्त हुई है। वही छठ पुरस्कार साइकिल कूपन संख्या 1943 निर्भय अग्रवाल को प्राप्त हुआ है। 20 व्यक्तियों को संतावना पुरस्कार जिसमे मिक्सर

प्रदान किया गया है। महा समिति के अध्यक्ष प्रमोद यादव ने कहा कि महासमिति के द्वारा तीसरी बार लॉटरी ड्रॉ कूपन का आयोजन बेहद ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ। लोगों की काफी भागीदारी देखने को मिली है महा समिति की ओर से सभी पुरस्कार प्राप्त लोगों को बहुत-बहुत बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं महासमिति आने वाले वर्षों में इससे भी बेहतर तरीके से लॉटरी ड्रॉ का आयोजन करेगी। साथ ही कहा की लॉटरी ड्रॉ के सफल कार्यक्रम के लिए महा समिति के सभी सदस्य बधाई के पात्र है। सचिव दीप नारायण निषाद ने कहा कि लोगों का अपार सहयोग और समर्थन मिला लॉटरी ड्रॉ के आयोजन में देखने को मिला है। महासमिति के तमाम सदस्यों को ऐतिहासिक रूप से लॉटरी ड्रॉ संपन्न करने के लिए बहुत-बहुत साधुवाद एवं धन्यवाद।

मौके पर अध्यक्ष प्रमोद यादव, सचिव दीप नारायण निषाद, दिलीप जायसवाल,शिवदीप सिंह,ओम प्रकाश गुप्ता, रविंद्र गुप्ता, किशोर सोनी,बाल गोविंद निषाद, पवन रावत खंडेलवाल,नरेश निषाद,अशोक कुमार, गुड्डन सोनकर, दिलीप सोनी,प्रदीप जैन,रितेश खण्डेलवाल, संतोष गुप्ता, पवन गुप्ता, राजीव सिन्हा,आशुतोष चौधरी, पंकज कसेरा, मोहित कुमार, अभय निषाद सहित कई लोग मौजूद थे।




## विशेष कैंप का निरीक्षण हुआ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** माँ देव प्रिया, उप निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत सभी मतदान केंद्रों पर आयोजित विशेष अभियान का निरीक्षण करने हेतु ईचाक प्रखण्ड एवं पदमा प्रखण्ड के मतदान केंद्रों का दौरा किया गया। इस क्रम मे ईचाक प्रखण्ड के मतदान केंद्र संख्या-333 एवं 334 के0 एन0 उच्च विद्यालय, ईचाक तथा मतदान केंद्र संख्या-336 एवं 337 परियोजना उच्च विद्यालय, हदारी पर जाकर वहाँ उपस्थित बीएलओ को प्रपत्र-6, 7 एवं 8 को अविलंब ऑनलाइन करने तथा मृत मतदाताओं का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने एवं रंगीन फोटोग्राफ से प्रतिस्थापन करने का निदेश दिया गया। पदमा प्रखण्ड के मतदान केंद्र संख्या-256, 257 एवं 258 राम नारायण +2 हाई स्कूल, पदमा का निरीक्षण किया गया। सभी बीएलओ उपस्थित थीं। उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी बीएलओ को बताया गया कि जो भी फॉर्म भरा हुआ उपलब्ध है उसे दो दिनों के अंदर इंट्री किया जाय। साथ ही दिनांक 30.10.2023 से द्वितीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर नया फॉर्म भरवाना सुनिश्चित करेंद्घ संबंधित हाई स्कूल के प्राचार्य से वर्तमान मे अध्ययनरत 17-18 आयु वर्ग के विद्यार्थियों का प्रपत्र-6 नामांकन पंजी के आधार पर भरवाने का निदेश दिया गया ।

## श्रीदस में ऊर्जा सरंक्षण दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में ऊर्जा दिवस के अवसर पर बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य रोहित सिंह ने बच्चों को ऊर्जा सरंक्षण के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि ऊर्जा के संरक्षण का अर्थ है ऊर्जा का अंधाधुंध दुरुपयोग करने के बजाय बुद्धिमानी से उसका उपयोग करना।निरंतर बढ़ती वैश्विक आबादी के कारण ऊर्जा की आवश्यकताएं लगातार बढ़ रही हैं। संसाधनों की बढ़ती मांग के साथ, संसाधनों के विनाश की आशंका भी बढ़ने लगी है। इस प्रकार, ऊर्जा संरक्षण पर विशेष ध्यान देना या इसके संरक्षण के लिए अन्य संसाधनों का विकास करना जरूरी है। क्योंकि अगर संसाधनों की कमी होगी तो पूरी मानव सभ्यता खतरे में पड़ सकती है। यह संरक्षण एक बड़ी आवश्यकता है जो हमारे भविष्य की भलाई के लिए आवश्यक है यह एक प्रथा है कि सभी को अपनी धरती के भविष्य को और बेहतर बनाने के लिए इसमें शामिल होना चाहिए। जिन बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया उनमें वंदना, मिष्ठी, उपासना, रीया रानी, शीतल, एवं शिक्षकगण आदि शामिल हुए।

## मूए मुबारक की जियारत के लिए अकीदतमंदों का उमड़ा हुजूम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** डाड़ी कलां के मस्जिदे गौसिया के प्रांगण में शुक्रवार को पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का मूए मुबारक, जुल्फ मुबारक, हजरत इमामे हुसैन रदीयल्लाहो तआला अन्हो का मुए मुबारक, हजरत सैख अब्दुल कादिर जिल्लानी रहमत उल्लाह का मूए मुबारक, कर्बला शरीफ की मिट्टी, काबा शरीफ का गिलाफ सहित दीगर इस्लामी शख्शियत से जुड़े तबर्रुकात की जियारत जमाते राजाए मुस्तफा कमिटी के जानिब से कराई गई। जियारत को लेकर बड़कागांव प्रखंड के कोने-कोने से अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ पड़ी। मुए मुबारक की जियारत सुबह 9 बजे से लेकर शाम के 6~30 बजे तक कराई गई। इस दौरान सभी ने सलातो सलाम पढ़ा। जियारत की शुरुआत सय्यद फैजानुल हुदा ने दुआ से की अंत में सामूहिक सलातो सलाम के बाद मुए मुबारक को स्पेशल बक्से में रख दिया गया। मो0 फ़िरोज़ हुसैन (गुल्लू बाबू), असलम कुरैशी व महबूब आलम प्रिंस ने लोगों को इसकी जियारत करायी।

हाफिज अज़हर अल्ताफ एवं मौलाना हसमत अली के संयुक्त सदारत में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। अज़हर अल्ताफ, मो0 फ़िरोज़ हुसैन एवं मस्जिदे गौसिया के इमाम दानिश अनवर ने मुए मुबारक व दीगर तबर्रुकात की फजीलत हदीस की रोशनी में बयान की एवं जियारत पर रौशनी डालते हुए उनकी फ़ाज़िलते बताई। शायर गुलाम दस्तगीर ने दिनभर अपनी शायरी से लोगों को झुमाते रहे। जियारत के कार्यक्रम को सफल बनाने में जमाते राजाए मुस्तफा कमिटी के सदर मो0 मोजफ्फर अली , मौलाना हशमत अली, एजाज आलम, फयूम अंसारी, तनवीर आलम, रियासत हसन, मो0 कासिम, अयूब अली, गौस मोहम्मद, सहित अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### निकॉन इंडिया ने अपने मिररलेस कैमरा पोर्टफोलियो को दी मजबूती

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** :इमेजिंग टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी निकॉन कॉरपोरेशन की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी वाली सब्सिडियरी निकॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आज रांची स्थित रेडिसन ब्लू होटल में आयोजित एक कार्यक्रम में अपना बहुप्रतीक्षित मॉडल निकॉन जेड एफ को



प्रदर्शित किया। इस हाइब्रिड कैमरा को प्रदर्शित करते हुए निकॉन इंडिया ने अपने मिररलेस कैमरा लाइन-अप को और मजबूती दी है। यह कैमरा फोटोग्राफी के साथ-साथ वीडियोग्राफी की कला को भी नई पहचान देने को तैयार है। इमेजिंग की दुनिया में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए निकॉन जेड एफ में फुल-फ्रेम सेंसर और एक्सपीड 7 इमेज-प्रोसेसिंग इंजन का प्रयोग किया गया है। साथ ही इसमें कुछ ऐसी खूबियां भी हैं, जो इसे निकॉन के मिररलेस फ्लैगशिप प्रोडक्ट्स निकॉन जेड 9 और जेड 8 की बराबरी पर खड़ा करती हैं। निकॉन इंडिया ने दिवाली को ध्यान में रखते हुए अपना फेस्टिव कैंपेन %दिवाली के पल, निकॉन के संग को भी लॉन्च किया है। इस कैंपेन के माध्यम से त्योहारों की खुशी और अपनों के साथ का उत्सव मनाया जाएगा। निकॉन जेड एफ में फुल-फ्रेम निकॉन सेंसर की विशेषताएं हैं। ये विशेषताएं इस कैमरा को इमेज क्वालिटी, डेप्थ और डायनामिक रेंज के मामले में सबसे खास बनाती हैं।

### ओप्पो ए 79 5G शानदार डिज़ाइन और बेहतर परफॉर्मेंस के साथ हुआ भारत में लॉन्च

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : ओप्पो इंडिया ने अपना नया स्मार्टफ़ोन ए 79 5G लॉन्च किया है। यह एक प्रीमियम 5G डिवाइस है, जो स्लीक डिज़ाइन, स्मूथ परफ़ॉर्मेंस और मिश्रित उपयोग के साथ पूरा एक दिन तक चलने वाली शक्तिशाली बैटरी के साथ आता है। इसका मूल्य 19,999 रुपये है और यह



28 अक्टूबर, 2023 से ओप्पो स्टोर, अमेजन फ्लिपकार्ट और अन्य रिटेल आउटलेट्स पर मिलना शुरू हो जाएगा।स्लीक, ड्यूरेबल, और एंटरटेनमेंट के लिए निर्मित ओप्पो ए 79 5G ग्लोइंग ग्रीन और मिस्ट्री ब्लैक रंगों में यह केवल 7.99 मिमी पतला है, और इसका वजन सिर्फ 193 ग्राम है। इसके बैक में एक आयताकार आइलैंड है, जिससे कैमरा लेंस के चारों ओर ड्युअल पॉलिश के रिंग्स की ओर ध्यान आकर्षित होता है। इसके अलावा, इसके मज़बूत पॉलीकार्बोनेट फ्रेम को अद्वितीय ट्रीटमेंट देकर इसे मेटलिक टेक्सचर दिया गया है, जो इसके डिज़ाइन का एक और आकर्षण है।

### इस फेस्टिव सीज़न में एम.एस. धोनी के गिफ्टिंग प्लान की एक खास झलक

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : यह जादुई उत्सव के मौसम की शुरुआत है, जो नए सपनों, नए अरमानों, खुशी के लम्हों को रोशन करने के साथ-साथ हमारे जीवन में कभी ना खत्म होने वाले खुशहाली और समृद्धि की कामना करने का समय है। अपने परिवार और प्रियजनों के साथ मनाया जाने




वाला उत्सव ही त्योहार है, और सही मायने में त्योहार ऐसा ही होना चाहिए! हर साल, हम अपने परिवार और दोस्तों को प्यार भरे तोहफे और शुभकामनाएँ देते हैं, जिसे ध्यान में रखते हुए इस साल जियोमार्ट और एम.एस. धोनी ने दिवाली के लिए सबसे बेहतरीन गिफ्ट्स की एक खास लिस्ट तैयार की है, जिनमें से आप अपने पसंदीदा तोहफे चुन सकते हैं।सही मायने में क्लासिक चीजों का कोई मुकाबला नहीं है! भारतीय मिठाइयों की तरह दुनिया की कोई ऐसी मिठाई नहीं है, जो हम भारतीयों के मीठे खाने की चाहत को संतुष्ट कर सके। चाहे बेसन के लड्डू हों, डोडा बर्फी हो या फिर काजू कतली हो, भारतीय मिठाइयों में विविधता की भरमार है।

### मारवाड़ी महिला समिति का दीपावली मेला आज

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा द्वारा स्थानीय मारवाड़ी धर्मशाला में आज दीपावली मेले का आयोजन किया गया है जिसका विधिवत शुभारंभ स्थानीय विधायक सुनीता चौधरी द्वारा किया जाएगा ।आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्षा निशा जैन ने बताया कि इस मेले में झारखंड के विभिन्न शहरों से आए हुए एक से बढ़कर एक बुटीको द्वारा दीपावली के सामानों के स्टॉल लगाई जाएगी ,साथ ही ,समिति द्वारा रियायती दर पर आंख , दाँत तथा ब्लड शुगर की जांच शहरों के जाने-माने चिकित्सकों द्वारा कराई जाएगी । इसके अलावा समिति की बहनों द्वारा स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे । शाम को लक्की ड्रा का आयोजन भी किया जाएगा। उपरोक्त कार्यक्रम में श्रीमती जैन ने अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने की अपील की है।

### गोला पंचायत के मुखिया पति का निधन, शोक

**गोला (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : प्रखंड क्षेत्र के गोला पंचायत के मुखिया बुलटी देवी के पति सह सुवर्ण वणिक समाज के पूर्व अध्यक्ष रमेश चंद्र पोद्दार 53 वर्ष का निधन लंबी बीमारी के बाद इलाज के दौरान रिम्स रांची में शनिवार को हो गया।वे अपने पीछे पत्नी,बेटा, बेटी,माँ ओर भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।बताया गया कि कुछ माह पूर्व वे सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गए थे।और अपने घर में ही स्वास्थ्य लाभ कर रहे थे।लेकिन सुबह अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी।इसके बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए रिम्स ले गए।जहाँ इलाज के दौरान उनका निधन हो गया।निधन का समाचार मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।लोगों ने बताया कि स्वर्गीय रमेश काफी मिलनसार व्यक्ति थे।और गरीब असहाय लोगों की खूब मदद करते थे।निधन पर विधायक सुनीता चौधरी,पूर्व विधायक ममता देवी,बजरंग महतो,अर्जुन चंद्र पोद्दार, सुवर्ण वणिक समाज के अध्यक्ष प्रताप पोद्दार, सचिव बापी पोद्दार, कोषाध्यक्ष गौर चंद्र पोद्दार, पंचम चंद्र पोद्दार, जनार्दन पाठक, मेराज अंसारी,विक्रम सिंह, योगेन्द्र नायक,राजेन्द्र महतो,लालटू चंद्रा, शिवानंद पाठक,घनेनाथ चौधरी,अजय नायक,प्रभाकर नायक,सुखदेव पोद्दार, धनंजय पोद्दार, अनूप पोद्दार, जितेंद्र कुमार, छएदई लाल,प्रदीप बर्मन,सुबोध दांगी,मदन कुमार दास,य शक्ति देने की कामना की है।

### हरि सत्संग कार्यक्रम हुआ आयोजित

**गोला (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : चितरंजन सेवा सदन एवं रिसर्च सेंटर गोला में शनिवार को शरद शरद पूर्णिमा के अवसर पर सत संग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान डॉक्टर अजित कुमार के चित्तरंजन सेवा सदन एवं रिसर्च सेंटर परिसर स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में सनातन धर्म, जिसका अर्थ है शाश्वत धर्म। यह हिन्दू धर्म का एक वैकल्पिक नाम है। आत्मा के रुप में किसी की आध्यात्मिक पहचान के अनुसार किए गए कर्तव्य और इस प्रकार यह सभी के लिए समान है। उक्त बातें पुणे (महाराष्ट्र) से मनीषी, चिंतक, ज्ञानमार्ग के पथिक, सद्मार्ग मिशन के प्रवर्तक पंडित श्री संजय भारद्वाज ने गोला में कही। वे शरद पूर्णिमा के अवसर पर डॉक्टर अजित कुमार के चित्तरंजन सेवा सदन एवं रिसर्च सेंटर गोला के परिसर स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में हरि नाम सुमिरन एवं सत्संग में बोल रहे थे। दया, धैर्य, सहनशीलता, आत्म-संयम, उदारता और तपस्या जैसे गुण सनातन में शामिल हैं। सत्य ही सनातन है और सनातन में ही सभी समाहित है। नर में नारायण हैं और नारायण का ध्यान करिए, जिससे आपका कल्याण होगा। सत्संग के बाद मंदिर में प्रसाद वितरण और भंडारा आयोजित किया गया।मौके पर सेवा सदन के वंदना अम्बष्ट, सनत कुमार सिन्हा, डॉ जमुवार, सुधा संजय भारद्वाज, डॉ अनुपमा वर्मा, चायना मालुवा, वीनू जमुवार, विनीता सिन्हा, रेखा सिन्हा, अनीता सिन्हा, सीता बक्सी, कुंवर कुमार बक्सी, अरुण बक्सी, संजय बक्सी, मनोज मिश्र, सदानंद प्रमाणिक, रजनीश बक्सी, प्रेमशंकर साव, श्यामलाल महतो, राजेश तिवारी, टोपन महतो, विद्या, शशि, रेनू, बेबी मौजूद थे।

# पिता ने पुत्र को कुल्हाड़ी से मारकर की हत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** गोला थाना क्षेत्र के जोभिया गांव निवासी पनु महतो पिता लखन महतो उम्र 28 वर्ष पिछले 22 अक्टूबर से लापता था। इससे पूर्व ही युवक की पत्नी राखी देवी 20 अक्टूबर को गोला के सोटय गांव अपने मायके गई हुई थी। इस बीच उसका पति लापता हो गया। इसकी सूचना जब उसकी पत्नी को मिली तो वो गत बुधवार को ससुराल आई और थाने में अपने पति की लापता होने की सनहा दर्ज करवाई। सनहा दर्ज करते हुए पुलिस ने युवक की खोजबीन शुरू कर दिया। खोजबीन के दौरान युवक का शव उसके घर से एक किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित बारुडीह जंगल के एक सरकारी कुएं से सड़े गले हालत में बरामद किया। शव बरामद के बाद पुलिस ने युवक के पिता से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान युवक के पिता लखन महतो ने पुलिस को बताया कि पनु मेरा एकलौता पुत्र था। वो राजमिस्त्री का काम करता था। शाम को शराब के नशे में घर आता और अक्सर झगड़ा करता। साथ ही हम दोनों पति पत्नी के साथ मारपीट करता था। पिछले 22 अक्टूबर को भी रात को भी शराब के नशे में घर आया। घर में किसी कारण खाना नहीं बना हुआ था। जिस कारण गाली गलौज हम दोनों पति पत्नी को करने लगा। साथ ही हमलोगों को मारने के लिए लाठी खोजने लगा। इस बीच मैने पिछे से एक कुल्हाड़ी से वार कर दिया। जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गई। पुत्र के मौत के बाद मैने डर से गांव के पारसनाथ महतो के साथ शव कोपत्थर बांधकर कुएं में फेंक दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर थाने ले आई और कागजी प्रक्रिया पुरी कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। हत्यारे पिता को भी गिरफ्तार कर लिया है। मृतक ने तीन वर्ष पूर्व की थी लव मैरिज- मृतक की पत्नी राखी ने बताया कि तीन वर्ष पूर्व हम दोनों ने लव मैरिज किया था। जिसके बाद से मेरे सास व ससुर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे। जिस कारण घर में अक्सर झगड़ा हुआ करता था। हम दोनों का एक दो वर्ष का बेटाहै पुलिस मामला दर्ज कर लिया है ।

# जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय रामगढ के निर्देश पर शनिवार को जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आउतरिच कार्यक्रम के तहत किया गया। पीएलवी पूनम कुमारी ने गोला ब्लॉक के चिल्ड्रेन्स पाराडाईज इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिविर का आयोजन किया। जिसमें छात्र छात्राओं को डायन कुप्रथा के प्रति जागरूक किया और बच्चो को मौलिक अधिकार के बारे में जानकारी दिया बाल अधिकार, बाल मजदूरी और बाल संरक्षण से संबंधित कानून की जानकारी दी। साथ ही परिवार के साथ रहने का अधिकार, अच्छे स्वास्थ्य वह बेहतर शिक्षा का अधिकार के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में



बच्चों को पढ़ाई के प्रति जागरूक और प्रोत्साहित भी किया गया। शिविर में अत्यंत निर्धन और जरूरतमंद कई ऐसे बच्चों को चिन्हित किया गया। जिनके सर से वर्ष पूर्व पिता अथवा माता का साया उठ गया है।प्रयोजन कार्यक्रम के तहत बाल संरक्षण योजना का लाभ जो मिलना चाहिए लेकिन जानकारी और जरूरी कागजात के अभाव में अभी तक उसका लाभ उन्हें नहीं मिल पाया है।

# ऐक्टू का प्रथम रामगढ़ जिला सम्मेलन अरगड्डा चपरी मोड़ में सम्पन्न हुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** ऐक्टू का प्रथम रामगढ़ जिला सम्मेलन अरगड्डा चपरी मोड़ में सम्पन्न हुई। सम्मेलन में पूर्व दिवंगत कामरेड भैयालाल बेसरा, लक्ष्मण बेदिया, सरजू ठाकुर तोपा में मारे गए मजदूर तथा फिलिस्तीन के युद्ध में मारे गए उन तमाम लोगों को शोक श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर सम्मेलन में उद्घाटन भाषण में ऐक्टू के राज्य महासचिव कामरेड शुभेंदु सेंन ने कहा कि अघोषित आपातकाल जारी है। यह एक असामान्य परिस्थिति है। आजाद भारत में मजदूर किसानों को जो कुछ भी हमें हासिल हुई थी। वह खतरे में है। उन्होंने कहा कि 44 में 42 सार्वजनिक संस्थानों की बिक्री हो चुकी है। जिनके माध्यम से 72 करोड़ लोगों को नौकरी मिलता था वे नौकरी से वंचित कर दिए गए हैं। मोदी सरकार में चंद लोग ही मालामाल हो गये जो सत्ता और कारपोरेट घराने हैं। किसान आंदोलन से हमें सिख लेने की जरूरत है। तीन सदस्यीय अध्यक्ष मंडल में अमल घोषाल, महादेव मांझी, एवं सरयू बेदिया संचालन महादेव मांझी ने किया। प्रतिनिधि सत्र में वंशी बेदिया,शिव शंकर उरांव,बृज नारायण मुंडा,डा आशीष कुमार ने सम्बोधित किया। सम्मेलन को भाकपा-माले जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर 15 सदस्यीय नये कमीटी का चुनाव किया गया जिसमें अमल घोषाल सचिव, महादेव मांझी अध्यक्ष, सरयू बेदिया, कोषाध्यक्ष, बिजेंद्र प्रसाद सह सचिव, डॉ आशीष कुमार उपाध्याय, सहित छोटन मुंडा, शिव शंकर उरांव,वंशी बेदिया,बृज नारायण मुंडा, लाल मोहन मुंडा, चंद्रिका राम, जगदेव रजवार, रामफल महतो, चंद्रिका राम, एवं कामेश्वर महतो शामिल हुए। आगामी 6-7 को बोकारो में ऐक्टू के राज्य सम्मेलन की तैयारी पर भी चर्चा हुई। जिसमें ऐक्टू के राष्ट्रीय महासचिव राजीव डीमरी तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष वि शंकर शामिल होंगे।

# श्राद्धकर्म में शामिल हुई विधायक सुनिता, परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रामगढ़ प्रखण्ड कुंदरु कलां पंचायत अंतर्गत नवाडीह टोला निवासी रोहित महतो के धर्म पत्नी स्व संगीत देवी श्राद्धकर्म में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी शामिल हुई और उनके परिजन से मुलाकात किया मृतक महिला के पति रोहित कुमार एवम सासू मां पुनीता देवी और उनके परिवार से मिल कर स्व संगीता देवी की आत्मा की शान्ति के लिए शोक संवेदना व्यक्त किया एवं परिजनों से दुख की घड़ी में साथ देने का आश्वासन दिया। और आर्थिक सहयोग भी किया,रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी उनके साथ में उपस्थित रामगढ़ सदर जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो कुंदरुकलां



मुखिया सह आजसू पार्टी जिला कोषाध्यक्ष किशुन राम मुंडा मुख्य रूप से शामिल थे। इस मौके पर उपस्थित उप मुखिया मोहराई महतो, प्रखण्ड अध्यक्ष आजसू छात्र संजय सिंघानिया, जगदेव महतो,युवा नेता महेश महतो अजय महतो, राजेश केशरी, तुलसीदास महतो, परण महतो प्रदीप नायक, टेकलाल महतो, बुधन बेदिया, धनेश्वर महतो, सीताराम महतो, पुनीत महतो, केशो महतो, खेमन महतो, लीलू महतो, देवकी महतो, कलावती देवी, फुलमनी देवी, पुनीता देवी ,सावित्री देवी, सरिता देवी एवम शोकाकुल परिवार शामिल उपस्थित थे ।

# स्कूल के बच्चों के द्वारा अपने अंदर की बुराई को मिटाने का प्रण लिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुर्गा पूजा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है साथ ही हम दसवें दिन रावण रूपी बुराइयों का पुतला बनाकर उन्हें जलाते हैं इसी उद्देश्य को लेकर आर आर कृष्णा पब्लिक स्कूल रामगढ के बच्चों ने शनिवार को अपने अंदर छिपी रावण रूपी बुराइयों को एक पेपर पर लिखा और उसे अपने अंदर से मिटाने का प्रण लिया। सभी शिक्षिकाओं ने भी बच्चों के साथ मिलकर बुराई पर अच्छाई की जीत हो का नारा लगाया। मौके पर आर कृष्णा पब्लिक स्कूल की प्राचार्य रीना मंडल ने सभी बच्चों से कहा कि आज से आप अपने अंदर जितनी भी बुराइयां है उन्हें दूर करो और अपने अंदर अच्छाइयां को अपनाओ तभी आप अच्छे नागरिक बन सकते हो ।

इस कार्यक्रम मैं संगीता शाह नूतन पाठक अनामिका वर्मा प्रीति झा आशु इशा स्वेच्छा चौधरी पूजा संगीता गीता चक्रवर्ती कंचन पदमा सभी शिक्षिकाएं उपस्थित शामिल हुई।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ नुक्कड़ नाटक का मंचन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** सीसीएल द्वारा आयोजित एवं निर्देशित विजिलेस एवरनेस वीक सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत अरगडा क्षेत्र गिद्दी ए के हॉस्पीटल चौराहे पर सिटिनेन्स फोरम विद्यालय, गिद्दी के छात्रों के द्वारा उक्त विषय पर एक नुक्कड नाटक को प्रदर्शित कर कोयलांचल में व्याप्त भ्रष्टाचार पर प्रकाश, डाला गया बन कार्यालयों में प्रचलित घुसखोरी भाई भतिज बाद एवं अन्य अनैतिक कार्यकलापों के प्रति जनता को सचेत किए भ्राचार मुक्त भारत बनाने के लिए नाटक के माध्यम से यह अपील किया गया कि भ्रष्टाचार के कारण भारत, विश्व में बदनाम न हो, इस पर ध्यान देना है कहानी एक श्रमिक



परिवार के बारे में था इसमें, छात्रोंने विजिलेश अधिकारी, भ्रष्ट सरकारी कर्मचारी पिता-पुत्र एवं सुरक्षा कर्मचारी की भूमिका निभाई कलाकार-निशान्त कुमार, रिशान्त कुमार, नेहाल, सचिन, सुमित, जैद एवं अंकित अभिनय किए उल्लेखनीय है कि, सर्तकता जागरूकता सप्ताह प्रत्येक वर्ष है अरगडा क्षेत्र में कई रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जाता है, जिसमें, क्षेत्र के कई विद्यालयों के बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक, मित्रांकन, वाद-विवाद, प्रवीण आदि कार्यक्रमों में भाग लेते हैं। कार्यक्रमों को आयोजित करने में दुदेशि कुमार, निखिल अजय एवं सामाजिक कार्यकत्ती उदयशंकर का महत्वपूर्ण भूमिका रहा पटकथा एवं निर्देशन उदयशंकर भट्टाचार्य का था। सभी छात्र भारत स्काउटस एण्ड गाइड के कैडेट्स है।

# कोलियरी सिरका के होमगार्ड जवानों को अब तक वेतन नहीं मिला, दीपावली फीका होने का असार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के कोलयरी सिरका में कार्यरत होमगार्ड जिला रामगढ़ समादेष्टा से आए 15 होमगार्ड जवानों को अब तक वेतन नहीं मिलने से दीपावली फीकी पड़ सकती हैं। सिरका के होमगार्ड जवानों ने बताया कि कोलयरी में 15 होमगार्ड जवान कार्यरत हैं। जिनमें 9 पुरुष, 6 महिलाएं हैं। जबकि होमगार्ड हजारीबाग समादेष्टा के 11 जवान हैं। कुल 26 जवान ड्यूटी पर हैं। दशहरा के पूर्व हजारीबाग होमगार्ड को वेतन भुगतान हो गया। लेकिन होमगार्ड रामगढ़ समादेष्टा से आए जवानों को वेतन नहीं मिला। जिससे दुर्गा पूजा फीकी रही। जबकि दीपावली पूजा पर भी ग्रहण लगता




नजर आ रहा हैं। होमगार्ड जवानों ने बताया कि त्योहार की खुशी विभाग द्वारा पैसे नहीं मिलने से अधूरी रही। अब चिंता यह है कि दीपावली कैसे बीतेगी। होमगार्ड विभाग रामगढ़ के कमांडर राजेश कुमार ने बताया कि सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र से डिमांड हाजिरी के कागजी कार्रवाई में देर हुई। जिस कारण होमगार्ड रामगढ़ का पेमेंट नहीं हो पाया। लेकिन बहुत जल्द जवानों के खाते में पैसे चले जाएंगे। बताया कि जिले रामगढ़ में लगभग 900 से अधिक होमगार्ड पद स्वीकृत हैं। होमगार्ड विभाग सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले रामगढ़ में होमगार्ड जवानों के 900 से अधिक पद स्वीकृत हैं। लेकिन जवानों के आने और ड्यूटी पर जाने प्रक्रिया में कई जवान कार्यस्थल पर जॉइनिंग नहीं कर पाते हैं। जिस कारण करीब 700 जवान अपनी सेवा दे रहे हैं। इसमें बरकासयाल में 200, कुजू क्षेत्र में 100, रजरप्पा में 100, नईसराय अस्पताल में 20, कोलयरी सिरका में 15, बैंक कार्य में 70, बरकाकाना कर्मशाला में 40, जिला प्रशासन सहयोग में 100 से अधिक हैं। इधर डीवीसी, पतरातू, गोला आदि जगहों पर लगाये गए है। इसे लेकर होमगार्ड कमांडर राजेश कुमार ने बताया कि कुछ कंपनी प्रतिष्ठानों के द्वारा हम लोगों को डिमांड दिया जाता हैं। जिसे हाजिरी के आधार पर होमगार्ड जवानों के पेमेंट भुगतान प्रक्रिया में भेजा जाता हैं। जबकि अन्य कार्यों के लिए और भी एक कमांडर समेत कई अधिकारी अपनी भागीदारी निभाते हैं।

## सांसद जयंत सिन्हा की पहल पर संभव हुआ मृतक भोला प्रसाद के पुत्र को मुआवजा और नौकरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** गत शुक्रवार को सीसीएल तोपा परियोजना में हुए क्रेन हादसे में अपनी जान गवा चुके भोला प्रसाद के परिजनों के द्वारा घंटों शव को लेकर घटना स्थल पर मुआवजा हेतु प्रदर्शन करने की जानकारी उनके संबंधी कुजू निवासी दिनेश्वर साव द्वारा हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा को फोन के माध्यम से दी गई।

सांसद ने मामले की गंभीरता को समझते हुए स्वयं दूरभाष पर कोल्यारी के जीएम और सीएमडी से वार्ता कर उचित मुआवजा और मृतक के पुत्र को तत्काल नौकरी का पत्र सौंपने का निर्देश दिया जिससे उनके आश्रितों का आगे भरण पोषण होता रहें।

साथ हीं सांसद ने तत्परता दिखाते हर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल का गठन कर इस संवेदनशील मामले पर स्थानीय स्तर पर उपरोक्त मांगों की पूर्ति शव के अतःपरिक्षण से पहले करवाने की जिम्मेवारी सौंपी जिसमे मुख्य रूप से महामंत्री खिरोधर साहू भी शामिल थें।

सांसद जयंत सिन्हा द्वारा कोलफील्ड के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता और प्रतिनिधिमंडलों के स्थानीय स्तर पर किए गए प्रयासों के कारण सीसीएल प्रबंधन के द्वारा मृतक के परिजनों को तत्काल सीसीएल के तरफ से मिलने वाली दुर्घटना मुआवजा राशि के 15 लाख रुपए सहित अंतिमसंस्कार हेतु 75 हजार रुपए का भुगतान के साथ मृतक के सुपुत्र को सीसीएल का ज्वाइनिंग लेटर भी सौपा गया जो तत्काल प्रभावी है।प्रबंधन द्वारा सभी मांगों को अक्षरशः मानने और न्युक्ति पत्र मिलने के बाद परिजनों द्वारा सांसद जयंत सिन्हा सहित घटना स्थल पर उनकी मदद को उपस्थित रहने वाले भाजपा प्रतिनिधि मंडलों के सदस्यों का प्आभार जताते हुए कहा की अगर सांसद ने पहल नहीं किया होता तो हम सरकारी उपेक्षा का शिकार होकर महीनो अपने हक के लिए भटक रहे होते। वहीं जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा की मृतक के परिजनों के प्रति हमारी गहरी संवेदना है साथ हीं हमारे लोकप्रिय सांसद जयंत सिन्हा के द्वारा ये मानवता भरी पहल हीं उनको औरों से अलग और विशेष बनाती है,जिसके कारण आज मुश्किल सा लगने वाला काम भी मात्र कुछ घंटों में पूरा हो सका ।

## जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर शनिवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी सेविकाओं व सहायिकाओं की लंबित रिक्तियों के विरुद्ध नियुक्ति हेतु आयोजित किए जा रहे आमसभा की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने निर्धारित नियमों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी व बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को जिले के सभी वैसे आंगनबाड़ी केंद्रों जो कि वर्तमान में सेविका या सहायिका के निजी भवनों में संचालित हो रहे हैं उन्हें सरकारी भवनों अथवा अन्य भवनों में संचालित करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को स्थानीय जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करते हुए वर्तमान में गैर सरकारी भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों के समीप सरकारी भवनों एवं सरकारी विद्यालयों से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## गिरिडीह पुलिस ने बाइक चुराने वाले 8 चोरों को पकड़ा, 10 बाइक बरामद

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर गिरिडीह पुलिस ने बाईक चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह के 8 अपराधियों को गिरफ्तार किया है द्य पुलिस ने बगोदर सरिया और गॉवा तिसरी के इलाके में सघन छापामारी अभियान चलाकर चोरी की 10 बाईक के साथ गिरोह के 8 सदस्यों को गिरफ्तार किया है द्य इनके तार झारखण्ड बिहार के कई चोर गिरोहों से जुड़े होने की बात कही जा रही है।

## महुदा में वायु प्रदूषण व वृक्षारोपण पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**महुदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्विच ऑन फाउंडेशन के सहयोग से स्वाभिमान संस्था द्वारा स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज महुदा में वायु प्रदूषण जागरूकता कार्यक्रम एवं वृक्षारोपण किया गया मौके पर विद्यालय शिक्षक प्रेम रवानी जी ने कहां की इस तरह के कार्यक्रम लगातार हमारे क्षेत्र में होनी चाहिए जिससे लोगों में जागरुकता आएगी पेड़ पौधा लगाएंगे तो हमारा आने वाला कल वायु प्रदूषण से मुक्त हो सकता है हमारे कॉलेज के बच्चे भी कॉलेज कैंपस में खुद से पौधा लगाएंगे तो आसपास का वातावरण ठीक रहेगा और बच्चों को भी अपने घर समुदाय में पौधा लगाने का प्रेरणा भी मिलेगा संस्था अध्यक्ष भुनेश्वरी देवी ने बच्चों के साथ पौधा लगाकर उन्हें लगातार पानी देने और घर के आस-पास भी पौधा लगाने के लिए जानकारी दी संस्था सचिव सुषमा देवी ने कहा कि हम सभी को सांस लेने के लिए हवा की जरूरत है इसी तरह हम सबको पेड़ पौधा भी लगाना बहुत जरूरी है आज यदि हम पौधा नहीं लगाएंगे तो आने वाला समय में हमें सांस लेने के लिए ऑक्सीजन भी नहीं मिलेगा कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बच्चों का भरपूर सहयोग रहा मौके पर संजीव कुमार सुमित कुमार महतो करण कुमार राजकुमार नीरज विशाल रीना कुमारी काजल कुमारी लक्ष्मी आशा पूजा रानी कुमारी पायल महतो एवं कॉलेज के सभी बच्चे उपस्थित थे।

## 27 अक्टूबर से महुदा क्षेत्र में मतदान केन्द्र पर चार दिन विशेष अभियान कैम्प : भागीरथ सिंह

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदान केन्द्र पर चार दिन विशेष अभियान कैम्प दिनांक 27/10/ 2023, 28/10/2023 और दिनांक 04/11/2023 एवं 05/11/2023 को बीएलओ को अपना अपना मतदान केन्द्र पर बैठना है। जिसके तहत महुदा क्षेत्र के उच्च विद्यालय कुँजी, बूथ संख्या-142,143,144 उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुँजी बूथ संख्या-145,146 उ श मध्य विद्यालय कचर्रा बूथ संख्या- 136,168 प्राथमिक विद्यालय भुरुगिंया बूथ संख्या-138,139 प्राथमिक विद्यालय मुचिराईडीह बूथ संख्या 137 मध्य विद्यालय तारगा बूथ संख्या-140 प्राथमिक विद्यालय माथाटॉड बूथ संख्या-141 एवं महुदा क्षेत्र के सभी बूथों में बीएलओ बैठे हुए थे उक्त आशय की जानकारी कार्यक्रम के निरीक्षण प्रखण्ड़ साक्षरता समिति के समन्वयक सह बीएलओ सुपरवाईजर भागीरथ सिंह ने दी। उक्त कार्यक्रम में बीएलओ सुपरवाईजर भागीरथ सिंह, बिनोद महतो, मुमताज अंसारी, सुरजीत धोषाल, नईमुद्दीन अंसारी, मनोज कुमार रवानी, महिला पर्यवेक्षिका मंजु कुमारी, बीएलओ चिन्तामनी देवी , रजिया खातुन, रूमा देवी,गीता देवी, सुनिता देवी, आशा देवी, पूनम सिंह, लक्ष्मी तिवारी, इन्दु कुमारी, मंजु पाठक, शिवानी बनर्जी, उर्मिला देवी, रूपाली चटर्जी ,पार्वती देवी, आलका देवी, बबिता देवी, कलाबती देवी, निर्मला देवी, कुसुम देवी, जमील अख्तर, अमनजहाँ खातुन, निलम प्रभा देवी,स्वेता दशोघी, भारती पाण्डेय, जोशना देवी ,बबली रानी आदि उपस्थित थे ।

## द्वारिका मेमोरियल में चलाया गया स्वच्छता ही सेवा अभियान




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** द्वारिका मेमोरियल फाउण्डेशन एकेडमी, बिशुनपुर, धनबाद के बच्चों के द्वारा सीबीएसई के निर्देशानुसार स्वच्छता अभियान 3.0 के तहत शनिवार को स्वच्छता रैली निकाली गई एवं बिशुनपुर कॉलोनी में सफाई अभियान चलाया गया । इस कार्यक्रम में कक्षा चतुर्थ से द्वादश के लगभग 400 विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्वच्छता रैली के दौरान बैनर, पोस्टर एवं नारेबाजी के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा के महत्व को बताया गया। 'स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत', 'स्वच्छता का कर्म अपनाओ इसे अपना धर्म बनाओ', सभी रोगों की एक दवाई घर में रखों साफ-सफाई' जैसे नारों से विद्यालय के आस ङ्क पास के लोगों को जागृत किया गया। सफाई अभियान के तहत विद्यालय से सटे हुए सड़कों की सफाई में लगभग 50 बच्चों ने भाग लिया। विद्यालय एसेम्बली में आज बच्चों एवं शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई गयी। एक अन्य कार्यक्रम में 'स्वच्छता ही सेवा' पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें नवम वर्ग के धनु कुमार ने प्रथम स्थान, दशम वर्ग की कुमकुम ने द्वितीय एवं दशम वर्ग की कृति कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निदेशक डॉ. उमेश प्रसाद सिंह एवं प्राचार्य मदन कुमार सिंह ने शिक्षकों एवं बच्चों के द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' को सफल बनाए जाने पर इसकी सराहना की ।

## रक्तदान शिविर में सम्मिलित हुई रागिनी सिंह



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भूली ब्लड डोनर ग्रुप के तत्वाधान में विहंगम योग संत समाज द्वारा संत विज्ञान देव महाराज के 44 वीं जन्म उत्सव पर आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर विशिष्ठ अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह सम्मिलित हुई।जहां समिति के सदस्यों ने श्रीमती सिंह को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर कर स्वागत किया। वहीं विहंगम योग संत समाज का मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। वहीं श्रीमती सिंह लोगो को संबोधित कर ज्यादा से ज्यादा संख्या मे रक्तदान करने की अपील की जिससे जरूरतमंद लोगों की जान बचाई जा सके।

# गुलगुल्ला बाबा का मनाया गया सालाना उर्स, हुई चादरपोशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** झरिया के उपर कुली, बालू बैंकर में सूफी मुजफ्फर आलम उर्फ गुलगुल्ला बाबा का सालाना उर्स मनाया गया। इस अवसर पर बाबा के उर्स मुबारक में चादरपोशी के लिए कई राज्यों से सैकड़ों लोग?पहुंचे। मौके पर सूफी नौहोदा मुजफ्फर ने बताया कि बाबा का दो दिवसीय उर्स मनाया जा रहा है। उन्होने बताया कि गुलगुल्ला बाबा के सैकड़ो की संख्या में चाहने वाले चादर पोशी के बाद लंगर में लगभग 2000 लोग शामिल हुए। नौहोदा मुजफ्फर ने बताया कि बाबा ने अपने जीवन काल में लोगों की भलाई का ही काम किया इसलिए आज तक उनके चाहने वालों का उर्स में तांता लगा हुआ है।उनकी दुआ में इतनी शक्ति थी कि रोगियों का रोग, बिगड़ते काम और अन्य परेशानियां जल्द ही समाप्त हो जाती थीं। उन्होने बताया कि बाबा ने जरूरतमंद लड़कियों की शादी में हमेशा बढ़-चढ़ कर मदद की। नौहोदा ने बताया कि बाबा लोगों का चेहरा देखकर समस्याओं को पढ़ लेते थे और समाधान कर देते थे। गुलगुल्ला बाबा के मुरीद जमील अख्तर बताते हैं कि बाबा को विचित्र शक्ति प्राप्त थी इसलिए उन्होंने अपने पर्दा (अंतिम समय) की तारीख और समय हम लोगों को पहले से ही बता रखा था। जमील बताते हैं कि वे जीवन भर ज़रूरतमंदों और पीड़ितों की सेवा करते रहे लेकिन बदले में किसी से कुछ नहीं लिया। वे बताते हैं कि आज भी उनके मजार पर माथा टेकने वालों की मुरादें पूरी होती हैं।

## केंद्रीय राज्य मंत्री से रागिनी सिंह ने की शिष्टाचार भेंट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के धनबाद आगमन पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने शनिवार को उनसे धनबाद परिसदन में शिष्टाचार भेंट कर उनसे आशीर्वाद लिया। वहीं उन्हे भगवान श्री गणेश की मूर्ति भेंट स्वरूप दी। इस दौरान मौके पर भाजपा के कई गणमान्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# परिवहन मंत्री के दौरे को लेकर सभी तैयारियां पूरी : मीना हेंब्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** टुंडी में कल परिवहन सह कल्याण मंत्री चंपई सोरेन के दौरे को लेकर जिला परिषद सदस्या सह महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मीना हेंब्रम ने कहा कि मंत्री जी के टुंडी दौरे को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है एवं इनके दौरे को लेकर कार्यकर्ता में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। आगे जिलाध्यक्षा ने संवाददाता को बताया कि मंत्री चंपई सोरेन के कर कमलों द्वारा कल कई विकास योजना का शिलान्यास किया जाना है। एवं डंडाटांड गांव में लगातार तीन दिनों से चली आ रही फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का समापन समारोह में उपस्थित होकर विजेता टीमों को अपने हाथों पुरस्कार वितरण करने का कार्यक्रम है। इसके अलावा कई विकास योजनाओं का शिलान्यास करेंगे।

गौरतलब है कि मंत्री चंपई सोरेन के दौरे को लेकर जिलाध्यक्षा मीना के द्वारा उनके स्वागत के लिए टुंडी कई जगहों में तोरण द्वारों का निर्माण कराया गया है। इधर मंत्री जी के दौरे को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखी जा रही है। इधर प्रशासनिक तौर पर भी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इधर प्रखंड विकास पदाधिकारी टुंडी शैलेश कुमार चौरसिया ने भी अपनी ओर ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है।

## पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाने को लेकर आजसू जिला अध्यक्ष ने किया प्रेस वार्ता का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष मंटू महतो ने शनिवार को अपने आवासीय कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजन किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष महतो ने पत्रकारों को बताया की धनबाद जिले की जोगता थाना क्षेत्र के रहने वाले धीरज नोनिया की मौत की गुत्थी अब तक नहीं सुलझी। उन्होंने जिला प्रशासन के द्वारा किये गए जांच पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि पुलिस अनुसंधान मे धीरज नोनिया की मृत्यु बांसजोडा गोलाई बताई गई, जबकि उसकी पत्नी का कहना है कि मेरे पति की मौत बीसीसीएल के सिजुआ एरिया 5 के बॉसजोड़ा स्थित साकार मास ज्वाइंट वेंचर कंपनी (डेको )10 सिम मे वॉल्वो वाहन संख्या (JH 10 CD 5969) की चपेट मे आने से हुआ था। जबकि पुलिस के अनुसार धीरज की मृत्यु किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हुई थी। वहीं मृतक की पत्नी पूजा देवी का कहना है कि मेरे पति की मौत माइंस के अंदर हुई है। पुलिस जान बूझकर कंपनी के मालिक एवं अधिकारियों को बचाना चाहती है। आगे कहा कि अपने पति की मृत्यु की उचित जांच को लेकर विगत डेढ़ वर्ष से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवम सरकार के मुख्य सचिव को पत्राचार के माध्यम से न्याय की गुहार लगा चुकी लेकिन अभी तक न्याय नही मिला है।जिसके बाद मृतक की पत्नी ने महामहिम राष्ट्रपति महोदया को पत्र लिख कर सीबीआई जांच करवाने की मांग की है ताकि उन्हें न्याय मिल सके। वही इस केस अनुसंधानकर्ता सी पी मेहता ने दूरभाष पर बताया की इस मामले में कई गवाहों की गवाही हो चुकी है एवम कई लोगों से पूछताछ भी की गई है जल्द ही मामले में दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# शमशेर आलम के नेतृत्व में नगर आयुक्त से मिला प्रतिनिधिमंडल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सह जिला बीस-सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य शमशेर आलम ने धनबाद नगर निगम के नवनियुक्त नगर आयुक्त रविराज शर्मा से मुलाकात कर गुलदस्ता देते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

मौके पर शमशेर आलम ने कहा कि रविराज शर्मा पूर्व में धनबाद के डीटीओ रह चुके हैं और इन्होंने अपने विभाग में रहते हुए पूरी ईमानदारी के साथ बेहतरीन कार्य किया है और आशा है की धनबाद का नगर आयुक्त बनाए जाने पर निश्चित रुप से नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न कल्याणकारी कार्यो का सफल निष्पादन होगा। साथ ही शमशेर आलम ने नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर उन्हें अवगत भी कराया।

मौके पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष इरफान खान चौधरी, जिला महासचिव आसिफ रजा साहेब, जिला महासचिव सह कार्यालय प्रभारी पप्पू कुमार तिवारी, जिला सचिव वीरेंद्र गुप्ता सहित दर्जनों कांग्रेस के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### आनंद मंगल का 29 व 30 अक्टूबर को दीपोत्सव मेला

## देश के विभिन्न प्रांतो से सिद्धिविनायक होटल में लगेंगे 70 स्टॉल्स

**प्रभात मंत्र सवांददाता**




**धनबाद :** धनबाद की महिलाओं द्वारा संचालित आनंद मंगल पुन अपना वार्षिक कार्यक्रम दीपोत्सव को लेकर धनबाद की जनता के समक्ष उपस्थित है। आयोजन स्थल प्रत्येक वर्ष के भांति सिद्धी विनायक होटल धनबाद है। दिनांक 29 और 30 अक्टुबर को आयोजित किया जा रहा है। उक्त बातें संस्था की अध्यक्ष बरखा लुहारिवाल ने सिद्धी विनायक होटल में शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कही। हर वर्ष की तरह इस बार भी पूरे घुम-धाम से यह आयोजन देश के विभिन्न प्रांतों से लोक लुभावन परिधान, आभूषण, गृह सज्जा, दीप पोशाक इत्यादि के 70 से भी अधिक स्टाल आर्कषण के केन्द्र रहेगें। विदित हो की संस्था सिर्फ दीपोत्सव÷ ही नहीं बलकि साक्षरता से जुड़े कार्यक्रमों में भी सक्रिय भुमिका निभाती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष बरखा, संगीता, मीनू, डॉली, रंजना, कविता सुनीता, गुटगुटीया, सपना, रेखा, कीर्ति, दीप्ती संगीता ड्रोलिया की काफी सहयोग रहा है।

# पीएम ने रोजगार मेला में नियुक्ति पत्र सौंपा

### हाजीपुर, पटना, धनबाद एवं पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर में रोजगार मेला समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हाजीपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज दिनांक 28.10.2023 को दोपहर 01.00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देष भर के 37 शहरों में 51 हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गये । इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री ने नवनियुक्त कर्मियों को संबोधित भी किया । यह रोजगार मेला, रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की माननीय प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। उम्मीद है कि रोजगार मेला, और रोजगार सृजन के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा तथा युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा। इसी कड़ी में, पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार के हाजीपुर, पटना, धनबाद एवं पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर में रोजगार मेला समारोह का आयोजन किया गया जहां रेलवे के साथ-साथ अन्य मंत्रालयों के लिए नवनियुक्त कुल 533 कर्मियों को (हाजीपुर में 81, पटना में 133, धनबाद में 173 एवं पं.दीनदयाल उपाध्याय नगर में 147 युवाओं को) नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

इस अवसर पर मुख्यालय, हाजीपुर स्थित वैषाली रेल प्रेक्षागृह में माननीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री, भारत सरकार, पशुपति कुमार पारस, माननीय विधायक लखेन्द्र कुमार रौषन एवं माननीय विधान पार्षद भूषण राय विषिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

## 30 अक्टूबर को जामा विधायक सीता सोरेन आयेंगी धनबाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय महासचिव सह जामा विधायक सीता सोरेन 30 अक्टूबर को धनबाद पहुंचेगी। वह अनुकंपा नियुक्ति की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे मृत झमाडा कर्मचारियों के आश्रितों से मिलेंगी। ज्ञात रहे कि विगत बीस माह से झमाडा कार्यालय के मुख्य द्वार के समीप अनुकंपा पर तत्काल नियुक्ति की मांग को लेकर आश्रित अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस संदर्भ में पहले जामा विधायक को लिखित सूचना दी गई थी, जिसे संज्ञान में लेते हुए सीता सोरेन धनबाद आयेंगी। इसी क्रम में वे उक्त धरना पर बैठे आश्रितों से मुलाकात करेंगी और मामले की पूरी जानकारी प्राप्त करेंगी।

## विशाल तुलसी भागवत यात्रा से श्रीमद्भगवत कथा का शुभारंभ




**28 से 4 अक्टूबर तक कार्मिक नगर में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** श्री श्री राधा कृष्ण प्रेम मंदिर के तत्वाधान में 28 से 04 नवम्बर तक पूज्य सुरेन्द्र हरीदास महाराज के मुखारबिंद से श्री मद्भागवत महापुराण कथा कार्तिक महीना का आयोजन किया जा रहा है। श्री मद्भागवत महापुराण दुर्गा पूजा समिति कार्मिक नगर के सहयोग किया जा रहा है। श्री मद्भागवत महापुराण कथा की शुरूआत से पूर्व विशाल तुलसी भागवत यात्रा निकाली गई। यात्रा से पहले शिव मंदिर से दुर्गा मंदिर, काली मंदिर, हनुमान मंदिर दर्शन दिल्ली पब्लिक स्कूल होते हुए कार्मिक नगर छठ तालाब से जल भर कथा पंडाल तक निकाली गयी जिसमें माताओं-बहनों और भाई-बंधुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महाराज ने भागवत तुलसी यात्रा की शुरूआत से पहले सर्वप्रथम मंदिर जाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस विशाल तुलसी भागवत यात्रा में महिलाएं पीले वस्त्र पहनकर कलश यात्रा में सम्मिलित हुई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। भागवत तुलसी यात्रा ढ़ोल नगाड़ों, बैंड बाजे के साथ बड़ी धूमधाम से निकाली गई। कलश यात्रा इतनी भव्य थी कि उसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस कथा को सफल बनाने में प्रमुख रूप से सत्यदेव साव, अमित सिंह, बनारसी चौरसिया, परमानन्द प्रसाद, राजू सिंह, आशीष पाल, धर्मेन्द्र सिंह, अमर कुमार, मंटु मोदी, लालटु चौधरी, भांजी प्रसाद सिंह, अजित चौबे आदि पुजा समिती समाज के सभी वर्गों के लोग सेवा दिये।

## केंद्र में बनेगी भाजपा की सरकार : अश्विनी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** भाजपा के केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी चौबे ने धनबाद परिसदन में प्रेसवार्ता कर विपक्ष पर कई गंभीर आरोप लगाए। श्री चौबे ने कहा कि झारखंड में चोरों की सरकार है। झारखंड सरकार पर सीधे तौर पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने कोयला लोहा एवं बालू तस्करों को खुली छूट दे रखी है। जिस कारण राज्य में अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है।

उन्होंने नीतीश कुमार पर भी तंज कसते हुए कहा कि नीतीश कुमार प्रधानमंत्री बनने का सपना काफी वर्षो से देख रहे है, लेकिन 2024 के चुनाव में बिहार की जनता उन्हें कुर्सी से उतार फेंकेगी।

विपक्ष पर ठिठोली करते हुए उन्होंने कहा कि ये ठगबंधन की जमात है, जिसमे युवराज और यमराज दोनों ही प्रधानमंत्री बनना चाह रहे हैं। पहले वो खुद फैसला कर ले फिर देश के नेतृत्व की बात करें। उपभोक्ता खाद्य सार्वजनिक वितरण, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे शनिवार को धनबाद स्थित रेलवे ऑडिटोरियम में आयोजित रोजगार मेले का मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने पहुंचे थे।

## कांग्रेस पार्टी की लोहरदगा लोकसभा समन्वय समिति की हुई बैठक

# केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण बेरोजगारी, महंगाई चरम पर : धीरज प्रसाद साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा समन्वय समिति के बैठक लोहरदगा परिसदन में लोकसभा समन्वय समिति के प्रभारी सुखदेव भगत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर के राजू शामिल हुए। साथ ही साथ बैठक में चतरा लोकसभा समन्वय समिति प्रभारी धीरज प्रसाद साहू लोहरदगा लोकसभा संयोजक प्रदीप तुलस्यान संजय लिलोठिया कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बंधु तिर्की पूर्व सांसद प्रदीप बालमुचू एवं कई दिग्गज नेता शामिल थे। बैठक में मुख्य अतिथी द्वारा लोहरदगा लोकसभा में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित करने हेतु हर एक बिंदुओं पर चर्चा कर संगठन को मजबूती प्रदान करने पर बल दिया गया साथ ही साथ लोकसभा अंतर्गत सभी विधानसभा प्रभारी एलडीएम जिला अध्यक्ष विभिन्न प्रकोष्ठ के अध्यक्षों से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने हेतु जो कार्यक्रम चलाया जा रहा है उसकी वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। बैठक को संबोधित करते हुए के राजू ने कहा कि समन्वय समिति का मुख्य उद्देश्य सभी से समन्वय बनाते हुए बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना है राहुल गांधी जी का सपना है जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया के तहत वैसे जनाधार वाले लोगों को संगठन से जोड़कर हमें उन्हें आगे लाना है और नेता बनना है वर्तमान समय में देश की स्थिति को देखते हुए कांग्रेस का हर कार्यकर्ता को कांग्रेस के नीति सिद्धांतों पर चलकर सिर्फ और सिर्फ पार्टी को मजबूत कैसे किया जाए इस पर कार्य करना है जिसके तहत समन्वय समिति बनाई गई है और कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई है इसके लिए समय भी निर्धारित किया गया है आप निश्चित समय पर कार्यों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पूरा करें साथ ही साथ उन्होंने अन्य कई बिन्दु पर चर्चा की और सुझाव दिया। लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत ने कहा कि राहुल गांधी जी ने नफरत छोड़ो भारत जोड़ो यात्रा के तहत मोहब्बत का पैगाम लेकर यात्रा शुरू की लोग जुड़ते गए कारवां बनता गया और आज पूरा देश आशा भरी निगाहों से राहुल गांधी जी की ओर देख रहा है हमें भी जनमानस का दिल जीतने के लिए गांव टोले मोहल्ले तक पहुंचकर राहुल गांधी जी और राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे जी के द्वारा जो टास्क दिया गया है उसे पूरा करना है। चतरा लोकसभा प्रभारी धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण बेरोजगारी महंगाई चरम पर है चारों ओर त्राहिमाम मची है देश के सामने संकट है ऐसे समय में हम सभी को पार्टी हित में काम करना है और लोहरदगा लोकसभा में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित कर राहुल गांधी जी के सपने को साकार करना है साथ ही साथ भाजपा की फूट डालो शासन करनेवाली नीति से बचाना है।

## केजीबीवी मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय कुजरा में क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को केजीबीवी मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, लोहरदगा, कुजरा में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना और उनमें प्रतियोगिता की समझ विकसित करना है। जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा अपरूपा पॉल चौधरी ने कहा कि क्विज़ एक प्रकार का खेल अथवा दिमागी कसरत है,जिसमें खिलाड़ी (अकेले या टीम में) सवालों के सही उत्तर देने का प्रयास करते हैं। क्विज एक प्रकार के संक्षिप्त मूल्यांकन को भी कहते हैं। जिसका प्रयोग शिक्षा या इसी प्रकार के अन्य क्षेत्रों में ज्ञान, योग्यता और कौशल में वृद्धि को मापने के लिए किया जाता है। इस तरह के आयोजन से छात्राओं में आवश्यक शैक्षणिक सुधार भी होती है। केजीबीवी मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, लोहरदगा, कुजरा में प्रशिक्षु बीएड के अध्यापिकाओं द्वारा क्विज का संचालन किया गया जिसमें विद्यालय के दामोदर ग्रुप, स्वर्णरेखा ग्रुप, गंगा ग्रुप, शंख ग्रुप, मयूराक्षी ग्रुप और कोयल ग्रुप की चार-चार छात्राएं भाग लीं। यह क्विज़ प्रतियोगिता सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी पर आधारित था। आज के प्रतियोगिता में प्रथम स्थान में शंख ग्रुप की अनामिका कुमारी, दिव्या कुमारी, अलका बाहर और श्वेता कुमारी हुई। द्वितीय स्थान में कोयल ग्रुप की चंदा कुमारी, रूपा कुमारी, मोनिका कुमारी और अंजना कुमारी हुई।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में यूनिफाइड कमांड की हुई बैठक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज यूनिफाईड कमाण्ड की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में उपायुक्त ने आरईओ अंतर्गत सनई-हपात पथ में तीन उच्च स्तरीय पुल, ओनेगड़ा में उच्च स्तरीय पुल, पाखर पथ निर्माण के प्रगति की समीक्षा की गई और कार्य मे प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा बैठक में विभिन्न प्रस्तावों से अवगत कराया गया। आज की बैठक में पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमा, उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, एसडीओ अमित कुमार समेत सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की जूम मीटिंग हुई

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक जूम मीटिंग के माध्यम से हुई। बैठक में सभी थाना प्रभारियों से बीते माह से अब तक अवैध बालू उठाव, बाक्साईट खनन, पत्थर खनन से संबंधित छापेमारी और किये गए कार्रवाई की जानकारी ली गई। सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र उक्त मामलों में जब्त किये गये वाहन, एफआईआर, दण्ड शुल्क की जानकारी दी गई। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अवैध रूप बाक्साईट खनन, पत्थर खनन समेत अन्य अवैध खनन की चेकिंग करने, नियमित रूप रूप से चलान की जांच किये जाने का निदेश दिया गया। एनजीटी की रोक हट जाने के पश्चात पंचायत स्तर पर बालू उपलब्ध है, इसकी जानकारी खनन पदाधिकारी द्वारा दी गयी। पुलिस अधीक्षक लोहरदगा द्वारा नियमित छापेमारी, जांच व चालान जांच करने का निदेश दिया गया। आज की जूम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमां, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, सहायक खनन पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## कार्तिक उरांव की जयंती पर सुखदेव भगत कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 29 अक्टूबर को आदिवासियों के मसीहा स्वर्गीय कार्तिक उरांव के जयंती के अवसर पर लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी पूर्व विधायक सुखदेव भगत 11:00 बजे गुमला जिला के लीटा टोली में स्थित स्वर्गीय कार्तिक उरांव के आवास पहुंचकर वहां पर स्वर्गीय कार्तिक उरांव के प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। 1:00 बजे लोहरदगा सोबरन टोली में स्थित कार्तिक उरांव के प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। 3:00 बजे हिरही में स्थित कार्तिक उरांव के प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे तथा वहां आयोजित जतरा कार्यक्रम में शामिल होंगे। 4:00 बजे सुखदेव भगत बंजार किस्को में आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। श्री भगत के साथ कार्यक्रम में लोहरदगा लोकसभा समन्वय समिति के सदस्य सह खिजरी विधानसभा के एलडीएम कोऑर्डिनेटर आलोक कुमार साहू गुमला विधानसभा एलडीएम कोऑर्डिनेटर पवन गौतम, गुमला जिला युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा, लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव शाहिद अहमद बेलू, प्रदेश कांग्रेस के सचिव अकील अहमद, रमेश कुमार चीनी इत्यादि अनेक कांग्रेसी शामिल रहेंगे।

# जतरा आदिवासियों की सभ्यता व संस्कृति की मुख्य धरोहर : अनुपमा भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखण्ड के हनहट गांव में लगने वाला ऐतेहासिक जतरा हर्षोउल्लास के साथ पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार संपन्न हुई। मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित लोहरदग़ा नगर परिषद के निर्वतमान अध्यक्ष लोहरदग़ा लोक सभा के कांग्रेस पार्टी प्रभारी सुखदेव भगत की पत्नी अनुपमा भगत व अन्य अतिथियों का स्वागत आदिवासी रीति रिवाज के अनुसार ढोल मांदर के साथ नाचते गाते व सरना गमझा देकर व बैच पहना कर किया गया।मौके पर मुख्य अतिथि अनुपमा भगत ने कहा कि जतरा अखरा हमारी परंपरा की पहचान है, जतरा सिर्फ नाचने गाने की जगह नही है जतरा में लोगो से मिलना जुलना होता है आपसी प्रेम सौहार्द को बढ़ावा मिलता है, पहले जतरा के माध्यम से लोगो का जान पहचान बढ़ता था नए नए रिश्ता भी तय होता था जो आज भी लागू है। जतरा हमारी सभ्यता संस्कृति परंपरा की पहचान है। मौके पर अनुपमा भगत के द्वारा विभिन्न खोड़हा में पहुंचकर नृत्य किया व पहान पुजार ढोल मांदर वादक व नृत्य करने वालो को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। जतरा में सामील हनहट, केराटोली, तोडांग, ललमटिया, गितिलगढ, हुदु, खरता आदि गांव के खोड़हा सामील होकर पारम्परिक कला संस्कृति का प्रदर्शन किया वही लोगों ने जमकर खेल खिलौने, मिठाइयों, श्रृंगार के सामानों की खरीदारी किये। मौके पर लोहरदग़ा के पूर्व विधायक स्व कमलकिशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत, राजेश तिर्की, प्रमुख श्रीराम उराँव, जितेंद्र उराँव, विकास उराँव, सुमन उराँव, अंजू देवी, परमेश्वर भगत, मो सजाद, आयोजन समिति के अशोक पहान, सुरेश उराँव, श्यामसुंदर उराँव, फूलदेव उराँव, कमला भगताइन आदि उपस्थित थे।

# जिप अध्यक्ष रीना कुमारी की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रीना कुमारी, जिला परिषद अध्यक्ष, लोहरदगा की अध्यक्षता में आज शनिवार को जिला परिषद,लोहरदगा की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम गत माह हुई बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। सर्वप्रथम 15 वें वित्त आयोग अनाबद्ध मद और अनाबद्ध मद से कार्यान्वित योजनाओं के विपत्रों का प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिला में किसी भी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी व विभिन्न विभिन्न विभागों की ओर से योजनाओं के लिए चयन होने वाले स्थल के लिए जिला परिषद सदस्यों, प्रमुख समेत अन्य जनप्रतिनिधियों को भी जानकारी उपलब्ध कराये जाने का निदेश दिया गया। जिला परिषद सदस्य किस्को द्वारा पीएचईडी, लोहरदगा द्वारा लगाये जा रहे कूड़ेदान के गुणवत्ता की जांच मांग पर जांच के लिए एक निगरानी समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। जिला परिषद सदस्य कुडू पूर्वी द्वारा कुडू प्रखण्ड के पण्डरा में भूमि संरक्षण के कार्यान्वित तालाब के मामले में भुगतान हेतु निर्णय लिया गया। उपाध्यक्ष, जिला परिषद द्वारा भण्डरा प्रखण्ड के सरोन्दा कुसुमडीपा, स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण कार्य की जांच नवंबर माह 2023 में किये जाने का निर्णय लिया गया। किस्को प्रखण्ड के पंचायतों में 14वें वित्त आयोग मद की राशि से उच्च दर पर सामग्रियों के क्रय की जांच हेतु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी किस्को को जिम्मेवारी दी गई। साथ ही, इसके लिए एक जांच समिति गठित करने का निदेश दिया गया। जि0प0 सदस्य सेन्हा द्वारा साके ग्राम स्थित जर्जर विद्यालय की मरम्मती, नन्दलाल प्लस टू उच्च विद्यालय में एक अदद हॉल का प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष रखा गया।

## खूंटी लोकसभा में कांग्रेस की जीत के लिए विधायक भूषण बाड़ा ने दिए कई अहम सुझाव



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा शुक्रवार को खूंटी में आयोजित खूंटी लोकसभा समन्वय समिति की बैठक में शामिल हुए। मौके पर विधायक ने संगठन मजबूती एवं खूंटी लोकसभा की जीत के लिए अपने विचार रखे। उन्होंने खूंटी लोकसभा की जीत के लिए कई अहम टिप्स दिए। साथ ही अपनी सुझाव के अनुसार अभी से ही चुनाव की तैयारी में जुट जाने की अपील की। विधायक ने कहा कि आगामी चुनाव में कांग्रेस की जीत पक्की है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को अभी से ही तैयारी में जुट जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता मोदी सरकार की जनविरोधी कार्यों एवं मोदी सरकार की विफलताओं को जनता को बताएं। विधायक ने कहा कि कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ें। बूथ को मजबूत करें। क्षेत्र भ्रमण तेज करें। जनता की समस्या सुनें एवं उनकी समस्याओ को दूर करें। कांग्रेस द्वारा देश के विकास में किए गए योगदानों को बताएं। जनता को बताएं कि कांग्रेस ने आजाद भारत से लेकर अब तक क्या देश के विकास में कितना बहुमूल्य योगदान दिया। इस दौरान कांग्रेस के कई पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं व अन्य लोगों ने भी लोकसभा जीत के लिए अपने अपने सुझाव दिए।

## जेएसएलपीएस के तत्वावधान में महिला आजीविका समूह के द्वारा वार्षिक आमसभा आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 28 अक्टूबर शनिवार को जेएसएलपीएस के तत्वावधान मे प्रखंड उप-प्रमुख मधुलिका रानी, बीपीएम बिनिता तिर्की, कैरो मुखिया बीरेन्द्र महली व महिला समूह के दिदियों के उपस्थिति मे नरौली आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के बैनर तले महिला समुहों के वार्षिक कार्य की लेखा जोखा के निमित वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के सभी 06 पंचायत के 26 ग्राम के महिला आजीविका समूह के द्वारा बेटियों को किस प्रकार सम्मान देना है उसके लिये रिकार्डिंग गाने पर महिलाओं के द्वारा नृत्य प्रस्तूती कर कार्यक्रम मे बताया गया। वहीं प्रत्येक महिला समूह के दीदीयों के द्वारा कलस्टर मे सी0 एल0 एफ को वर्ष मे कितनी राशि प्राप्त हूई, प्राप्त राशियों को किस-किस मद मे कितना-कितना किस कार्य हेतू व्यय किया गया कार्यक्रम के माध्यम से महिला समूह के दीदीयों के द्वारा बताया गया। उक्त कार्यक्रम मे भिन्न-भिन्न महिला समूहों के ललिता भगत, सुमन उराँव, पुष्पा उराँव, रीना उरांव, शीला उराँव, संगीता देवी, सीता देवी, बिनिता उराँव, दीपशिखा उराँव दीदी के अलावा काफी संख्या मे दर्शक कार्यक्रम मे उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने अमृत कलश यात्रा के लिए 18 युवा स्वयंसेवकों को नई दिल्ली के लिए किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ0 वाघमारे प्रसाद कृष्ण के द्वारा आज शनिवार को मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत दिल्ली अमृत कलश यात्रा के लिए ज़िला से संग्रहित सभी 07 प्रखंडवार कलश के साथ नेहरू युवा केंद्र, लोहरदगा के 18 युवा स्वयंसेवकों को नई दिल्ली के लिए रवाना किया गया। सभी सात प्रखंडों की मिट्टी उपायुक्त महोदय के समक्ष उपलब्ध करायी गयी जिससे दिनांक 30 एवं 31 अक्तूबर को नई दिल्ली में प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक (कर्तव्य पथ) के पास शहीदों के सम्मान में अमृत वाटिका विकसित की जाएगी। लोहरदगा ज़िला से 15 पुरुष एवं 03 महिला समेत कुल 18 प्रतिभागियों का चयन दिल्ली कलश यात्रा के लिए नेहरू युवा केंद्र, लोहरदगा के द्वारा किया गया। आज इस मौके कार्यक्रम मेरी माटी,मेरा देश कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी अभिनीत कुमार सूरज, जिला पंचायत राज पदाधिकारी नारायण राम, नेहरू युवा केंद्र के ज़िला युवा अधिकारी अब्दुल फरूख ख़ान समेत सभी स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# शिशु वाटिका के भैया बहनों का हुआ शैक्षिक भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में शिशु वाटिका कक्षा अरुण, उदय एवं प्रभात के भैया बहनों को शैक्षिक भ्रमण के लिए मनोहर लाल अग्रवाल इंटर कॉलेज ले जाया गया जहां भैया बहनों ने सुंदर-सुंदर अनेक प्रकार के फूलों, फव्वारे, औषधि वाटिका एवं विभिन्न फलों के वृक्षों को देखा। साथ ही भैया बहनों ने भोजन मंत्र के पश्चात अल्पाहार का आनंद उठाया। विद्यालय की दीदी जी दीपिका सिंह एवं लक्ष्मी देवी आचार्य जी रवि रंजन जी एवं प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे भैया बहनों के साथ गए थे। साथ ही साथ आज विद्यालय में शिशु सभा का आयोजन किया गया जिसमें भैया बहनों को सूर्यग्रहण एवं चंद्रग्रहण होने के वैज्ञानिक तथ्यों को प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया गया और इससे संबंधित प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी कक्षा के भैया बहन एवं आचार्य जी दीदी जी उपस्थित थे।

## त्रैमासिक परीक्षा में रोशन, रोशनी, अवंतिका व ज्योति प्रथम

# विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में परीक्षा फल वितरण सह अभिभावक गोष्ठी आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में परीक्षा फल वितरण सह अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। अभिभावक गोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी की अध्यक्षता में की गई। इसमें परीक्षा प्रमुख रश्मि साहू और सह प्रमुख प्रीति कुमारी गुप्ता उपस्थित थी। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने बताया कि छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए महाविद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ अनेक सारी गतिविधियों का भी आयोजन किया जाता है, जिसमे छात्र-छात्राएं बढ़-चढ़कर भाग लेते है, और उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को आगे और अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर अभिभावकों के साथ विस्तृत चर्चा हुई। 11 वीं विज्ञान में रोशन कुमार, सुनील उरांव व बंटी भगत ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। 11वीं कला में ज्योति प्रिया कुजूर, किरण कुमारी व शिल्पा कुजूर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12वीं विज्ञान में प्रथम अवंतिका कुमारी पुजारी, द्वितीय अंकित कुमार साहू व रिया कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12वीं कला में रोशनी उरांव,नेहा कुमारी व चंदन महतो ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को वंदना सभा में अभिभावक इंडियन आर्मी के जवान जेम्स वाल्टर मिंज व उनकी पत्नी देवप्रिया मिंज के द्वारा पुरस्कार और प्रमाण पत्र भेंट करके सम्मानित किया गया। अभिभावक गोष्ठी में अभिभावकों ने कहा कि महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए पढ़ाई के अलावा जो सारी गतिविधियां कराई जा रही है जो काफी सराहनीय है,इससे बच्चों को आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है। अभिभावकों में बसंती उरांव, सुशीला उरांव, नरेश कुमार, राजकुमार साहू, सुनीता कुमारी, ब्रजेश किशन, एकता टोप्पो, सीमा देवी, रीता देवी, जयमुनी देवी, प्रफुल्लित कुजूर, आशामुनि उरांव, रेश्मि उरांव, हुलसी देवी, फुलमनी टोप्पो, दीपा शिखर,संजना देवी, पुष्पा कुमारी, सविता देवी, सरिता भगत, सुजाता भगत, उर्मिला तिर्की, सती उरांव, मीरा देवी, पुष्पा देवी, राजमणि उरांव, प्रभु उरांव,उपेंद्र कुमार, विजय मांझी, सुमित्रा उरांव, माधुरी कुजूर, रेणु देवी आदि शामिल थे।

## समाज व शिक्षा के विकास में सहयोग करें महिलाएं : विधायक भूषण बाड़ा

# विधायक ने किया नॉर्थ वेस्टर्न जीईएल चर्च कोचेडेगा पेरिस के 21 वां वार्षिक जागृति शिक्षा महिला संघ सम्मेलन का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा नॉर्थ वेस्टर्न जीईएल. चर्च कोचेडेगा पेरिस का 21 वां वार्षिक जागृति शिक्षा महिला संघ सम्मेलन का उदघाटन शुक्रवार की रात कोचेडेगा पेरिस के पिथरा मंडली में किया गया। सम्मेलन का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने दीप जलाकर किया। मौके पर कई कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। विधायक ने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षित समाज का निर्माण में महिलाओं की अहम भूमिका होगी। महिलाएं अपने गांव समाज के हर बच्चे को उच्च दिलाने के लिए पहल करें। समाज व शिक्षा के विकास में महिलाओं का योगदान शुरू से ही सराहनीय रहा है। उन्होंने कहा कि जागृति युवा सम्मेलन महिलाओं को संगठित करने के साथ साथ महिलाओं को शिक्षा के प्रति जागरूकता लाएगा। इस तरह के सम्मेलन में महिलाएं गांव समाज मे फैल रही बुराइयों को साझा करें। साथ ही उन बुराइयों को दूर करने की दिशा में मंथन करें। विधायक ने कहा कि महिलाओ के बिना शिक्षित समाज की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। हर क्षेत्र में अच्छा कर रही है। आप सभी महिलाएं भी अन्य महिलाओ के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनें। समाज हित मे और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आप सभी महिलाओं द्वारा किया गया अतुलनीय कार्य अन्य क्षेत्र व अन्य समाज की महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा। लोग आपके ऐसे सराहनीय कार्यों की मिशाल देंगे। विधायक ने महिलाओं को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने का भी आह्वान किया।

*प्रतिदिन ईश्वर की आराधना के लिए भी समय निकालें महिलाएं- जोसिमा खाखा* जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि महिलाएं प्रतिदिन ईश्वर की आराधना के लिए समय निकालें। प्रतिदिन अपने घर परिवार की सुख, शांति और समृद्धि की कामना के साथ साथ दुःखियों, गरीबों एवं असहाय लोगों की खुशहाली एवं मानव कल्याण के लिए भी प्रार्थना करें। ईश्वर पर विस्वास करें। ईश्वर के घर देर है पर अंधेर नहीं। उन्होंने कहा कि हम महिलाएं आगे आकर कार्य करें तो हर क्षेत्र में नया इतिहास लिख सकते हैं। हम सभी को संगठित होकर काम करना है। विधायक भूषण बाड़ा के साथ जुड़कर समाज के लिए भी काम करना होगा। विधायक भूषण बाड़ा महिलाओं के उत्थान व विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। महिलाएं भी विधायक के साथ जुड़ें एवं सरकार की योजना का भी लाभ लें। हर दुख तकलीफ को विधायक को बताएं। ताकि समय पर आप सबकी समस्याओं को विधायक भूषण बाड़ा दूर करा सके।

*महिलाओं के बिना विकास की कल्पना नहीं- समरोम पौल तोपनो* बांसजोर जिप सदस्य सामरोम पौल तोपनो ने भी महिलाओ को संगठित रहने का आह्वान किया।

## चलते चलते एक नजर

### अनीमिया मुक्त भारत कार्यशाला का हुआ आयोजन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अनीमिया मुक्त भारत कार्यशाला का आयोजन जिला सदर अस्पताल रांची के सभागार में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सिविल सर्जन रांची डॉक्टर प्रभात कुमार के द्वारा किया गया। डॉक्टर प्रभात कुमार के द्वारा बताया गया की अनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत 6 माह से 59 माह तक के बच्चों को आईएफए का सिरप सप्ताह में दो बार बुधवार और शनिवार को दिया जाना है। 5 से 9 वर्ष के बच्चों को आईएफए की गुलाबी गोली प्रत्येक सप्ताह में एक गोली दिया जाना है। 10 से 19 वर्ष के बच्चों को आईएफए कि नीली गोली सप्ताह में एक बार दिया जाना है । आईएफए गोली के लाभ के बारे में बताया गया कि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में बढ़ोतरी होती है ,हीमोग्लोबिन लेवल बढ़ाने में सहायक होता है ,पढ़ाई में अधिक मन लगता है ।स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की संख्या में कमी आती है। जन्म के समय होने वाले विकार को रोकथाम में सहायता मिलती है ।शारीरिक गतिविधियों के लिए बेहतर एनर्जी लेवल और ताकत मिलता है ।एकाग्रता और फोकस करने की क्षमता में वृद्धि होती है।इस कार्यशाला में जिला डईआरसईएचओ डॉक्टर असीम मांझी ,कार्यक्रम समन्वयक प्रीति चौधरी, एविडेंस एक्शन से नीरज कुमार एवं सभी एसटीटी तथा सभी ग्रामीण बीटीटी ने भाग लिया।

### बैंक अधिकारी संगठन की ओर से बिरसा जयंती पर अवकाश घोषित की मांग

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ (ए.आई.बी.ओ.सी) झारखंड राज्य इकाई ने झारखंड राज्य सरकार को पत्र लिखकर 15 नवंबर 2023 को भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन और झारखंड राज्य के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर एन.आई. अधिनियम के तहत अवकाश घोषित करने की मांग की है। अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ (ए.आई.बी.ओ.सी) झारखंड राज्य इकाई के राज्य सचिव कॉ. प्रकाश उरांव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा से राज्य का हर निवासी खास तौर पर आदिवासी समुदाय भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ है। भगवान बिरसा का जन्मदिन समारोह राज्य के साथ-साथ देशभर में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन हमारे राज्य का स्थापना दिवस भी है। अतः राज्य के सभी बैंकर्स की ओर से भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देने के लिए एन.आई. अधिनियम के तहत 15 नवंबर 2023 को छुट्टी की मांग किया गया है। निश्चित रूप से राज्य सरकार इस पर विचार करते हुए राज्य के बैंकर्स की जायज मांग को मानेंगी।

### पत्रकार के निधन पर सीएम के प्रेस सलाहकार ने जताया शोक

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के प्रेस सलाहकार श्री अभिषेक प्रसाद ने कौमी तंजीम अखबार के स्थानीय संपादक एएच रिजवी जी के निधन पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने कहा कि वे सरल व्यवहार और कुशल व्यक्तित्व के धनी थे। पत्रकारिता को उन्होंने अलग आयाम दिया। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में जगह दे और शोक संतप्त परिजनों को दुःख की इस घड़ी में संबल प्रदान करे।

### जिला पार्षद व मुखिया ने डाली पंचायत में 40 लाख की योजनाओं की रखी आधारशिला

# विकास कार्यों से क्षेत्र का दूर होता है सामाजिक प्रदूषण : कौशल-पूनम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिले के छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार पंचायत में शुक्रवार को विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, मुखिया पूनम जायसवाल और जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने सात योजनाओं की आधारशिला रखी। पंचायत अंतर्गत पहले फेज में 40 लाख की लागत से कौशल नगर बाजार प्रांगण में 25 लाख की लागत से पंचायत समृद्धि केंद्र भवन का निर्माण कराया जाएगा। जबकि उप स्वास्थ्य केंद्र , बेलटाड नदी पर छठ घाट , न्यू प्राथमिक विद्यालय में चहारदीवारी , डाली बाजार के मध्य विद्यालय में मॉडल किचन शेड, महावीर मंदिर रोड में नाली निर्माण और श्मशान शेड का निर्माण कराया जाएगा। जिला पार्षद अमित ने कहा कि इसके पहले के जनप्रतिनिधि चुनाव जीत कर केवल जश्न मनाते थे। उन्होंने यह भी कहा कि एक सप्ताह के भीतर सेकंड फेज की स्वीकृत योजनाओं की आधारशिला रखी जायेगी। मुखिया



पूनम जायसवाल ने कहा कि क्षेत्र में समस्याएं बहुत है परंतु सरकार का बजट मुखिया के लिए बहुत ही कम है जिससे सभी समस्याओं का निदान एक साथ नहीं हो सकता है। लेकिन प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराया जाएगा। सात स्थानों पर शीलान्यास में पहुंचे प्रमुख लोगों में शंभू कुमार मिश्र, उप मुखिया नगीना खातून, पूर्व मुखिया अफजाल अंसारी, जुबेर अंसारी, रामजी प्रसाद, शिक्षक श्रवण जायसवाल, श्याम देव सिंह, शिवप्रसाद यादव, भूषण जायसवाल, कंचन देवी, खुर्शीद अंसारी, चंद्रेश सिंह, शोभा देवी,वार्ड श्याम नारायण सिंह , रामजन्म यादव, दीनानाथ प्रसाद, विनोद यादव, धर्मदेव यादव, कृष्ण प्रसाद, शिवनाथ राम, रेणु देवी,बिजय सिंह, विशु देव सिंह, सनोज भुईयां , सुरेंद्र प्रसाद, रविंद्र प्रसाद, लालबाबू प्रसाद, संतोष प्रसाद, सत्यनारायण सिंह, राजेश प्रसाद, मदन यादव, प्रमोद , दामोदर प्रसाद, सत्यदेव प्रसाद, बृजमोहन सिंह,नरेश सिंह, बाल गोविंद सिंह,मुन्तजिर अंसारी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जीवन को ही आध्यात्मिक रूप में जीने का प्रयास करना चाहिए : हरिवंश

**रांची:** राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने कहा कि भागवत चेतना में किसी काम को करने से उस काम का भाव ही बदल जाता है। उन्होंने कहा कि कुछ पल के लिए अध्यात्म से जुड़ जाना बड़ी बात नहीं होती। अपने जीवन को ही आध्यात्मिक रूप में जीने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने श्री अरविंद के कथन को दोहराते हुए कहा कि यदि एक बार मनुष्य आध्यात्मिक करण के लिए राजी हो जाए, तो सबकुछ बदल जाएगा। हरिवशं श्री अरविंद सोसायटी देवी मंडप में शनिवार को आयोजित हिंदी क्षेत्रीय समिति के 44वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

## विश्व कप : ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 5 रन से हराया



**एजेंसी**

**नई दिल्ली.** वर्ल्ड कप के 27 वें मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच जोरदार टक्कर हुआ. ऑस्ट्रेलिया की टीम ने मेगा इवेंट की शुरुआत में दो हार के बाद अपना रंग बदलना शुरू किया. जीत की हैट्रिक लगाने के बाद कंगारू टीम ने न्यूजीलैंड को टारगेट किया. 388 रन का विशाल स्कोर बनाने के बाद भी ऑस्ट्रेलिया के पसीने छूट गए.न्यूजीलैंड ने टॉस जीता और कंगारू टीम को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित कर दिया था. जिसके बाद येलो आर्मी के ओपनर्स ने कीवी टीम को विकेटों के लिए तरसा दिया. डेविड वॉर्नर ने 81 रन की पारी खेली, दूसरे छोर पर ट्रेविस हेड महज 67 गेंद में 109 रन ठोक गए. हेड की पारी में 10 चौके और 7 गगनचुंबी छक्के शामिल थे. वहीं, निचले क्रम में मैक्सवेल, जॉश इंग्लिस और कप्तान कमिंस ने भी बहती गंगा में हाथ धोए और 41, 38, 37 रन की तेज पारियां खेल दी. इन पारियों की बदौलत कंगारू टीम ने न्यूजीलैंड के सामने 389 रन का विशाल टारगेट दिया था.विशाल लक्ष्य के हिसाब से न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी नाजुक नजर आई. लेकिन न्यूजीलैंड के स्टार ऑलराउंडर रचिन रवींद्र ने अपने तूफानी शतक से ऑस्ट्रेलिया की सांसे रोक दी. रवींद्र ने महज 89 गेंद में 116 रन की पारी खेली, जिसमें 9 चौके और 5 छक्के शामिल थे. इसके अलावा डेरिल मिचेल और जेम्स नीशम ने अपने तूफानी अर्धशतकों से कंगारू टीम के छक्के छुड़ा दिए.ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच रोमांच इस कदर था कि मुकाबले का नतीजा आखिरी गेंद पर आया. जेम्स नीशम के तूफानी अर्धशतक ने इस मुकाबले को तराजू पर रख दिया था. न्यूजीलैंड को आखिरी ओवर में जीत के लिए 19 रन की दरकार थी. वहीं, आखिरी की 3 गेंद में टीम को जीत के लिए 9 रन चाहिए थे. लेकिन जेम्स नीशम की पारी यहीं पर समाप्त हो गई. जिसके चलते मुकाबले को ऑस्ट्रेलिया ने 5 रन से जीत लिया. भले ही इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली. लेकिन कीवी टीम ने वर्ल्ड कप के इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा लिया है. वर्ल्ड कप के इतिहास में ये पहली टीम बन गई है जिसने चेज करते हुए 383 रन का स्कोर बनाया है.

## धार्मिक कार्यक्रम को चुनावी रैली समझते हैं भाजपाई : राजेंद्र सिन्हा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झामुमो के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि बाबूलाल जी की संकल्प यात्रा फेल होने के बाद भाजपा के नेता घबराए हुए हैं,अब ये तरह तरह के प्रपंच करने लगे हैं। इनके आयोजन में सिर्फ कार्यकर्ता और पन्ना प्रमुख के अलावा कोई नहीं पहुंच रहा है, ऐसे में ये लोग धार्मिक आयोजनों को चुनावी रैली की तरह इस्तेमाल करने में लगे हैं। पूर्व मेयर पति द्वारा प्रायोजित कर, रावण दहन जैसे धार्मिक आयोजनों को भी निजी, पारिवारिक कार्यक्रम में बदल देना और उस कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा के नेताओं द्वारा धार्मिक मंच को चुनावी भाषणों के लिए इस्तेमाल किया जाना दुखद है, आम जनता धार्मिक मनोभाव के साथ जाती है और ये लोग अपनी छद्म राजनीति के लिए इस्तेमाल करते हैं। पलामू के विकास में सबसे बड़े बाधक हैं भाजपा के जनप्रतिनिधि, इन्हें पलामू के विकास से नहीं अपने विकास से मतलब है। साथ ही झामुमो जिलाध्यक्ष ने पांकी विधायक शशि भूषण मेहता को भी आड़े हाथ लेते हुए कहा कि धार्मिक आयोजन में चुनावी भाषण देते हुए आम जनमानस में आपसी वैमनस्य स्थापित करने के लिए भड़काऊ भाषण देना जातिवादी विधायक को शोभा नहीं देता, हत्या और भ्रष्टाचार का आरोपित व्यक्ति ही समाज को तोड़ने का षड्यंत्र कर सकता है। पलामू की गंगा जमुनी तहजीब को बिगाड़ने की कोशिश पहले भी नाकाम हुई है, ऐसे लोगों का जनता बोरिया बिस्तर समेट देती है।



जिलाध्यक्ष ने कहा भाजपाई हेमंत सोरेन जी की लोकप्रियता डर चुके हैं, जिस तरीके से विकास हर व्यक्ति तक पहुंच रहा है, इन्हें दिन रात हार के सपने अभी से ही आने लगे हैं। जल्द ही सरकार आपकी द्वार का तीसरा चरण भी स्टार्ट होने वाला है, सरकार के पदाधिकारी गरीब जनता के द्वार पर जा कर योजनाओं का लाभ देंगे, झामुमो के सभी नेता और कार्यकर्ता आम जनता की मदद के लिए कमर कस चुके हैं।

### झारखंड विमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2023

## संगीता कुमारी की शानदार हैट्रिक के दम पर जीता भारत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** संगीता कुमारी की शानदार हैट्रिक के दम पर भारत ने मरंङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आज से शुरू हुए झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 में अपनी धमाकेदार शुरुआत करते हुए थाईलैंड को 7-1 से हरा दिया। प्रतियोगिता में जापान ने मलेशिया को 3-0 से और कोरिया ने चीन को 1-0 से मात दी। सविता पुनिया की कप्तानी में भारतीय टीम ने मुकाबले में शानदार शुरुआत की और पहले क्वार्टर के अंदर ही 2-0 की बढ़त बना ली। मेजबान टीम के लिए शुरुआती गोल मोनिका ने सातवें मिनट में किया। इसके बाद सलीमा ने 15वें मिनट में एक और गोल दागकर स्कोर को 2-0 तक पहुंचा दिया। हालांकि थाईलैंड ने भी दूसरे क्वार्टर में उस समय अपना खाता खोला जब समोंसो सुपांसा ने 22वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। लेकिन भारतीय टीम



भी कहां पीछे रहने वाली थी और 29वें मिनट में संगीता कुमारी के मैदानी गोल की बदौलत अपनी बढ़त को 3-1 कर दिया। भारत ने फिर तीसरे क्वार्टर के 40वें मिनट में एक गोल करके थाईलैंड पर 4-1 की शानदार बढ़त बना ली। मेजबान टीम का तूफानी प्रदर्शन आगे भी जारी रहा। पांच मिनट बाद ही फॉरवर्ड संगीता ने 45वें मिनट में लगातार दो गोल करके अपनी हैट्रिक पूरी कर ली और भारत की बढ़त को 6-1 तक पहुंचा दिया। अंतिम कुछ मिनटों में भारत ने अपने आक्रमण को और ज्यादा तेज कर दिया और 52वें मिनट में लालरेमसियामी के मैदानी गोल के सहारे थाईलैंड के खिलाफ 7-1 की विशाल बढ़त कायम कर ली और इसी स्कोर के साथ मैच जीत लिया। इससे पहले, दिन के पहले मैच में जापान ने मलेशिया को एकतरफा अंदाज में 3-0 से हरा दिया। जापान के लिए ओकावा रिका ने 13वें मिनट में पेनल्टी पर, तोरियामा मइ ने 43वें मिनट में और कोबायाकावा शिहो ने 54वें मिनट में पेनल्टी पर गोल दागे। दूसरे मैच में कोरिया ने चीन को 1-0 से हराकर चैम्पियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की विजयी शुरुआत की। एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता कोरिया के लिए एकमात्र गोल दूसरे क्वार्टर में एन सुजिन ने 18में मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर किया। इस टूर्नामेंट में कुछ छह टीमें भाग ले रही हैं। इनमें मेजबान भारत के अलावा चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीमें शामिल हैं। प्रतियोगिता के मुकाबले राउंड रॉबिन लीग चरण के आधार पर खेले जा रहे हैं। सभी छह टीमें एक-दूसरे से खेलेंगी और टॉप-4 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेगी। भारतीय टीम 2016 के बाद से पहली बार खिताब की तलाश में लगी हुई है। भारत को 2013 और 2018 के फाइनल में हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा था।

### शराब घोटाले का आरोपित योगेंद्र तिवारी ईडी के छह दिनों की रिमांड पर

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को झारखंड शराब घोटाला के आरोपित शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी की रिमांड अवधि खत्म होने पर कोर्ट में पेश किया। इस दौरान ईडी के विशेष लोक अभियोजक बीएमपी सिंह ने योगेंद्र तिवारी से दोबारा पूछताछ करने के लिए कोर्ट से छह दिनों की रिमांड देने की अनुमति मांगी, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने छह दिनों की रिमांड की मंजूरी दे दी। मामले में अगली सुनवाई तीन नवम्बर निर्धारित की गई है। इससे पूर्व ईडी की ओर से योगेंद्र तिवारी से पूछताछ करने के लिए आठ दिनों की रिमांड की मंजूरी मिली थी। उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड में हुए शराब घोटाले में मनी लांड्रिंग के आरोप में शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को 19 अक्टूबर को देर शाम गिरफ्तार किया था।

## मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 को लेकर हुआ बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, राँची, राहुल कुमार सिन्हा मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 से सम्बंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 58 तमाड़ सह अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू, संदीप अनुराग टोपनो , निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 61 सिल्ली- सह अपर समाहर्त्ता राँची, राजेश कुमार बरवार एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 63 राँची-सह अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) राँची, दीपक कुमार दुबे, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 66 मांडर, प्रदीप भगत, उप निर्वाचन पदाधिकारी राँची, विवेक कुमार सुमन एवं सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी उपस्थित थे।

विशेष कैंप से सम्बंधित जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, राँची, राहुल कुमार सिन्हा



द्वारा सम्बंधित अधिकारी से आगामी तिथियों 28 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 4 नवंबर तथा 5 नवंबर को प्रत्येक मतदान बूथ पर भी विशेष अभियान चलाये जाने को लेकर जानकारी लेते हुए कहा की इस विशेष अभियान में सभी बी.एल.ओ अपने-अपने बूथ में अनिवार्य रूप से रहेंगे।इसके अलावा आगामी 28 नवंबर को आदिम जनजातियों के लिए, 29 नवंबर को बेघर लोगों के लिए, 30 नवंबर को 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए, 2 दिसंबर को थर्ड जेंडर व सेक्स वर्कर्स के लिए तथा 3 दिसंबर को दिव्यांग जनों के लिए भी विशेष अभियान चलाया जाना है।

बता दें कि शिक्षा विभाग के समन्वय से ऐसे स्कूली छात्र-छात्राओं का अग्रिम फॉर्म-6 आवेदन भरवाये जा रहे हैं जो आगामी 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं। जिसपर उपायुक्त रांची, ने सभी सम्बंधित अधिकारियों से कहा कि वे अपने दायित्वों के निर्वहन के क्रम में निर्वाचन कार्यो को सदैव उच्च प्राथमिकता दें।

**जिले में मृत व्यक्तियों की सूची**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, राँची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सम्बंधित अधिकारी को जिले में मृत व्यक्तियों की सूची बनाते हुए इसका सत्यापन करते हुए, उनका मृत्यु प्रमाण-पत्र प्राप्त कर मतदाता सूची से नाम विलोपन कराने का निर्देश दिया गया।

## भाजपा नेताओं को हो गया है हेमंत फोबिया : विनोद पांडेय



*** सपने में भी भाजपा नेताओं को दिखते हैं सीएम हेमंत सोरेन, भाजपा और आरएसएस को आदिवासी, पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक से है नफरत**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आरोपों पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा के नेताओं को सपने में भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिखाई पड़ते हैं। सच्चाई यह है कि भाजपा के नेताओं को हेमंत फोबिया हो गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में जनता ने इन्हें पूरा सबक सिखाया था। आगामी चुनावों में तो इनका झारखंड से तो पूरी तरह सफाया ही हो जाएगा। विनोद पांडेय ने कहा कि इसी बौखलाहट और घबराहट में भाजपा के नेता हमेशा अनर्गल आरोप लगाते चलते हैं। इन्हें झारखंड की चौहद्दी और संस्कृति तक की जानकारी नहीं है। झारखंडियों ने अंग्रेजों को भी मार भगाया था। विनोद पांडेय ने कहा कि जिन आरोपों को नड्डा जी दोहरा रहे हैं, उसकी तो पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने एसआइटी से जांच तक कराई थी। झूठ को सौ बार दोहराने से वह सच नहीं हो जाता। विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा और आरएसएस इसी थ्योरी पर काम करती है। इन्हें पच नहीं रहा है कि एक आदिवासी सीएम की कुर्सी पर बैठा है, जो दिन-रात झारखंड और झारखंडियों के लिए काम कर रहा है। भाजपा ने तो अपने दल के आदिवासी नेताओं को भगाकर कर एक बाहरी छत्तीसगढ़िया को सीएम बनाकर सत्ता चलाया। झारखंड देश में निचले पायदान पर चला गया। श्री पांडेय ने कहा कि भाजपा और आरएसएस को असली चिढ़ आदिवासी से है। वे उन्हें जंगली और वनवासी कहते हैं। भाजपा के नेताओं को आदिवासी अपने गांवों में घुसने नहीं देते। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू में मिट्टी लेने गए थे तो मुंडा समाज के लोगों द्वारा इन्हें वहां से खदेड़ दिया गया। भाजपा के नेताओं को अपने भीतर झांक कर देखना चाहिए। हमें अलग झारखंड राज्य भीख या सौगात में नहीं मिली है। झारखंड के लिए दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने लंबा संघर्ष किया। उसी का परिणाम झारखंड है। भाजपा केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से हेमंत सोरेन को रोकना चाहती है, लेकिन उनका मंसूबा कभी सफल होने वाला नहीं है। हेमंत सोरेन गीदड़ भभकी से नहीं डरते।

### विहिप ने महर्षि वाल्मीकि का पूजन कर मनायी जयंती

**रांची :** विश्व हिंदू परिषद रांची महानगर की ओर से शनिवार को बिरसानगर ,चाणक्य नगर, प्रताप नगर, श्रीराम नगर सहित कई स्थानों पर महर्षि वाल्मीकि जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम में सभी वर्ग के लोगों ने एकत्र होकर महर्षि वाल्मीकि का पूजन किया और जयंती मनायी। साथ ही उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का का भी आयोजन किया गया। बिरसानगर समिति की ओर से हटिया चौक स्थित शिव मंदिर में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। इसमें पुरुषों के साथ-साथ माताएं बहने भी काफी संख्या में उपस्थित थी। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख मिथिलेश्वर मिश्र ने कहा महर्षि वाल्मीकि ने रामायण महाकाव्य की रचना की एवं इसके माध्यम से भगवान राम की प्रेरक कथा को जन जन तक पहुंचने का कार्य किया।

# झारखंड में 1.60 लाख के केसीसी लोन के लिए गारंटी जरूरी नहीं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य में किसानों को बिना किसी दस्तावेज के 1.60 लाख रुपये तक केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) लोन दिया जा रहा है। अब किसानों को दस्तावेज वेरिफिकेशन के लिए बैंक का चक्कर काटने की कोई जरूरत नहीं है। राज्य में 1.60 लाख रुपये का केसीसी लोन लेने के लिए किसान को किसी भी तरह के दस्तावेज (गारंटी) देने की जरूरत नहीं है।

हालांकि, इस वर्ष मात्र तीन हजार किसानों ने ही डेढ़ लाख से दो लाख रुपये तक केसीसी ऋण लिया है। अधिकतम लोन 50 हजार रुपये से एक लाख रुपये के बीच लिया जाता है। कुल 4.15 लाख किसानों ने 25 हजार से 50 हजार रुपये तक का कर्ज लिया है। किसान क्रेडिट कार्ड लोन को लेकर आरबीआई की तरफ से नई गाइडलाइंस जारी की गई है। इस गाइडलाइंस के माध्यम से



केसीसी लोन को पूरी तरह से डिजिटल किया जा रहा है। इसे किसानों यह फायदा होगा कि उन्हें लोन लेने के लिए किसी भी तरह के डॉक्यूमेंट को लेकर बैंक की ओर रुख करने की जरूरत नहीं है। इसके तहत जैसे ही किसान केसीसी लोन के लिए अप्लाई करेंगे, वैसे ही बैंक अपने आप उसकी सारी जानकारी और दस्तावेज इकट्ठा कर लेगा और किसान का लोन पास कर दिया जाएगा।

झामुमो और कांग्रेस की गठबंधन सरकार ने अपने घोषणा पत्र में किसानों को आश्वासन दिया था कि वह सबके 50 हजार रुपये तक का कर्ज चुकाएगी और इसके जरिए राज्य के 4.68 लाख किसानों का 50,000 रुपये तक का केसीसी ऋण माफ कर दिया गया है। हालांकि, कुछ बचें किसानों के ऋण को लेकर बैंक में वेरिफिकेशन की प्रक्रिया अभी भी जारी है। सत्यापन के बाद बाकी किसानों का भी 50 हजार रुपये तक का कर्ज माफ कर दिया जाएगा। राज्य में लगातार दो वर्ष से बारिश काफी कम मात्रा में हुई, जिस वजह से सुखाड़ की स्थिति बनी हुए। इसे देखते हुए राज्य सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए कई योजनाओं पर काम कर रही है। इस साल राज्य सरकार ने केसीसी पर लगने वाले चार फीसदी ब्याज का बोझ खुद उठाने का फैसला किया है। दरअसल, केसीसी पर कुल सात फीसदी ब्याज देना होता है। इसमें अब तक तीन फीसदी ब्याज केंद्र सरकार और तीन फीसदी राज्य सरकार देती है।